मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 35.1 | 28.1 |
| जमशेदपुर | 34.1 | 24.2 |
| डालटनगंज | 37.8 | 21.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार








www.lagatar.in रांची, शुक्रवार 10 मई 2024 बैशाख शुक्ल पक्ष 3 प्रतिपदा संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 31 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


**बड़ा यू टर्न** संदेशखाली रेप केस में आया नया मोड़, एक पीड़िता ने वापस लिया केस, कहा

# हमें भाजपावालों ने पैसे दिये थे

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की तीन महिलाओं में से एक ने टीएमसी नेता के खिलाफ रेप का केस वापस ले लिया है. इस मामले ने बंगाल की राजनीति में उबाल ला दिया था. उत्तर 24 परगना जिले के शाहजहां शेख पर आरोप था कि उसने कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया है और उनकी जमीनों पर भी कब्जा किया है. इस मामले पर भाजपा ने टीएमसी को जमकर घेरा था. यही नहीं चुनाव में भी यह मुद्दा बना हुआ है. ऐसे में एक महिला का यूटर्न चौंकानेवाला है. महिला ने कहा कि मेरा यौन उत्पीड़न नहीं हुआ था. महिला ने कहा कि मुझे भाजपा के लोगों मुझे पैसे दिये थे. उन्होंने सादे कागज पर साइन कराए और पुलिस में शिकायत कर दी थी. शिकायत वापस लेनेवाली महिला ने संदेशखाली पुलिस थाने में एक केस भी दर्ज कराया है. इस एफआईआर में उसने आरोप लगाया है कि उसे भाजपा की तरफ से धमकियां मिल रही हैं और सामाजिक बहिष्कार की स्थिति है क्योंकि वह अपनी शिकायत वापस ले रही है. महिला ने आरोप लगाया कि भाजपा महिला मोर्चा की एक स्थानीय नेता और अन्य कुछ लोग उसके घर आए थे. महिला ने कहा, उन लोगों ने मेरे साइन लिए और कहा कि आपको पीएम आवास योजना का लाभ मिलेगा. इसके बाद वो मुझे पुलिस थाने ले गए और यौन उत्पीड़न का केस दर्ज कराया. महिला ने शिकायत को गलत बताते हुए केस वापस ले लिया. उसने कहा, मेरे साथ टीएमसी के दफ्तर में कोई यौन उत्पीड़न नहीं हुआ था. मुझे पार्टी के दफ्तर में देर रात जाने के लिए भी बाध्य नहीं किया गया. वहीं इस मामले पर राज्य की महिला एवं बाल कल्याण मंत्री शशि पांजा ने कहा कि जो महिलाएं शिकायत वापस ले रही हैं, उन्हें अंजाम भुगतने की धमकी भाजपा वाले दे रहे हैं.


फाइल फोटो

## फिर आया नया वीडियो, किया गया दावा

इस बीच, संदेशखाली पर एक और वीडियो जारी हुआ है. इस कथित वीडियो में दावा किया गया है कि भाजपा के एक स्थानीय नेता ने कई महिलाओं से सादे कागज पर हस्ताक्षर कराये और बाद में टीएमसी नेताओं के खिलाफ रेप एवं यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराने में उसका इस्तेमाल किया गया. हालांकि, शुभम संदेश स्वतंत्र रूप से इस वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करता. ताजा वीडियो में एक महिला को यह कहते हुए सुना जा सकता है, सादे कागज पर दस्तखत करा कर हमें धोखा दिया गया है. बाद में हमें पता चला कि हमारे नाम पर बलात्कार की शिकायत दर्ज करायी गयी है. यह बिल्कुल झूठ है. एक अन्य महिला ने एक अन्य वीडियो में इसी तरह का बयान दिया है. इसमें यह दावा किया गया है कि वह भाजपा नेता पियाली दास की साजिश की शिकार हुई है. एक तीसरी महिला ने भी पियाली दास पर यही आरोप लगाया और कहा, उसने हमारी प्रतिष्ठा को धूमिल किया है और हमें बहुत पीड़ा दी है.

## शुभेंदु के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत

उधर, टीएमसी ने संदेशखाली मामले को लेकर विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है. टीएमसी ने गुरुवार को अपनी शिकायत में कहा कि संदेशखाली में महिलाओं से रेप के आरोप मनगढ़ंत थे. पार्टी ने बताया कि उनकी शिकायत एक स्टिंग वीडियो पर आधारित है. इसमें संदेशखाली में भाजपा मंडल अध्यक्ष गंगाधर कयाल ने दावा किया है कि शुभेंदु अधिकारी ने टीएमसी नेताओं के खिलाफ रेप के झूठे आरोपों की साजिश रची थी. बता दें कि टीएमसी ने 4 मई को सोशल मीडिया पर एक स्टिंग वीडियो जारी किया था. इसमें गंगाधर ने दावा किया था कि भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के कहने पर शाहजहां शेख सहित टीएमसी के 3 नेताओं पर यौन उत्पीड़न के झूठे आरोप लगवाए गए थे. गंगाधर कायल ने स्टिंग वीडियो में बताया कि शुभेंदु ने कहा था कि टीएमसी के मजबूत नेताओं को तब तक गिरफ्तार नहीं किया जाएगा, जब तक कि उन्हें बलात्कार के झूठे आरोप में नहीं फंसाया जाएगा. उन्होंने संदेशखाली की महिलाओं को उकसाने के लिए कहा था. जिन महिलाओं के साथ बलात्कार नहीं हुआ, उन्हें पीड़ित के रूप में पेश किया गया.

## संदेशखाली का संदेश

सुरजीत सिंह

**त्वरित टिप्पणी**

दंगे होते नहीं. दंगे कराये जाते हैं. ऐसा पढ़ा था. सुना था. अब पश्चिम बंगाल के संदेशखाली का जो नया सच सामने आया है, उससे यही संदेश मिल रहा है. यही पता चल रह है कि जो दिखाया जा रहा है, जो बताया जा रहा है, वही सच हो, यह जरूरी नहीं. सच कुछ और भी हो सकता है. जिस सच को कभी धर्म के नाम पर, कभी जाति के नाम पर, तो कभी महिला-पुरुष के नाम पर सलीके से छिपाया गया हो. वह कभी न कभी सामने आता ही है.

संदेशखाली. पश्चिम बंगाल का एक जिला. पिछले एक माह से चर्चा में है. तीन महिलाओं ने टीएमसी के बाहुबली नेता शाहजहां शेख पर दुष्कर्म करने और जमीन हड़पने का आरोप लगाया था. भाजपा ने इस मुद्दे को देश भर में प्रचारित किया. धर्म के नाम पर हंगामा खड़ा किया. मीडिया ने भी खूब दिखाया. नतीजे कोर्ट तक से स्थानीय प्रशासन के खिलाफ आदेश आए. बंगाल की टीएमसी सरकार कहती रही, साजिश है, लेकिन किसी ने नहीं सुना. अभी मामले की जांच सीबीआई कर रही है.

अब यह बात सामने आयी है कि तीन में से एक महिला ने प्राथमिकी को वापस ले लिया है. इतना ही नहीं महिलाओं ने यह भी कहा है कि भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के कहने पर उन लोगों ने दुष्कर्म का केस किया था. स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता मम्पी दास और पियाली दास ने सादे कागज पर हस्ताक्षर करवाया था. बाद में उसी हस्ताक्षर का इस्तेमाल करके दुष्कर्म का केस किया गया. इतना ही नहीं भाजपा नेता महिलाओं को लेकर दिल्ली तक गए. अब टीएमसी के नेता भाजपा पर हमलावर हैं. हालांकि भाजपा ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है.

सच क्या है, यह जांच के बाद ही पता चलेगा. संभव है महिलाएं पहले झूठ बोल रही थीं. संभव है किसी प्रभाव में आकर बयान बदल रही हों. लेकिन यह सवाल है ही कि हर घटना में राजनीति करना, धर्म के आधार पर माहौल बनाना, जजमेंटल बन जाना, समाज में जहर घोलना, कितना जायज है. होना तो यह चाहिए कि पहले थोड़ा इंतजार कर लें, चीजें स्पष्ट होने दें. फिर अपनी धारणा बनायें. नेताओं की बात पर तो बिल्कुल ही ध्यान ना दें. उन्हें सिर्फ वोट से मतलब है, चाहे समाज को कोई भी कीमत चुकानी पड़े.

# ईडी के सामने पेश होने से पहले जमीन कारोबारी ने की आत्महत्या

- लालपुर के नवीन मित्रा लेन के सिल्वर डेल फ्लैट में रहते थे कारोबारी कृष्णकांत
- अपनी जमीन पर मकान बनवा रहे थे इसलिए सामने के फ्लैट में रह रहे थे

**दुखद वारदात**

सौरभ सिंह। रांची

राजधानी रांची के लालपुर थाना क्षेत्र के नवीन मित्रा लेन स्थित सिल्वर डेल अपार्टमेंट में रहनेवाले जमीन कारोबारी कृष्णकांत (55) ने अपने फ्लैट में फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली. गुरुवार सुबह फंदे पर झूलता देख परिजनों में चीख-पुकार मच गयी. आनन-फानन में उन्हें फंदे से उतार कर परिजन आर्किड अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

घटना की सूचना मिलने पर लालपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल की. मृतक कृष्णकांत से जुड़े लोगों का कहना है कि वे पिछले कुछ दिनों से परेशान चल रहे थे. जमीन घोटाला मामले को लेकर ईडी ने उन्हें नोटिस भेजा था, जिससे वे दबाव में रह रहे थे.हालांकि आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता नहीं चल पाया है. वैसे उनके करीबियों का मानना है कि जमीन घोटाले में नाम आने और ईडी की नोटिस के कारण वे काफी परेशान थे.

**गुरुवार को ही ईडी के समक्ष होना था उपस्थित :** सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जमीन घोटाला मामले में कृष्णकांत को ईडी ने मंगलवार को नोटिस जारी करते हुए गुरुवार को एजेंसी के दफ्तर में पूछताछ के लिए बुलाया था. गुरुवार के दिन के 11 बजे कृष्णकांत को ईडी दफ्तर पहुंचना था. लेकिन इससे पहले ही कृष्णकांत ने अपने फ्लैट में फंदे से झूल कर जीवन लीला समाप्त कर ली.


कृष्णकांत को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया.

### पिता को फंदे पर झूलता देख बेटी चीख पड़ी

कृष्णकांत के पारिवारिक मित्रों के अनुसार, गुरुवार की सुबह नौ बजे उनके परिजनों ने उन्हें पूछताछ के लिए ईडी ऑफिस जाने के लिए तैयार होने को कहा. इसके बाद वे तैयार होने अपने कमरे में चले गए. काफी देर तक जब वह कमरे से नहीं निकले, तब उनकी बेटी उन्हें बुलाने कमरे में गई, तो देखा कि पिता फंदे से झूल रहे हैं. पिता को फंदे पर झूलता देख वह चीखने लगी. कृष्णकांत को फंदे उतार कर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन मौत हो चुकी थी.

### नवीन मित्रा लेन में अपनी जमीन पर बनवा रहे थे घर

कृष्णकांत के करीबी हतप्रभ हैं. उनका कहना है कि कृष्णकांत मजबूत व्यक्ति थे. ईडी का बुलावा आने से वो परेशान जरूर थे, लेकिन खुदकुशी कर लेंगे, ऐसा नहीं सोचा था. कृष्णकांत की नवीन मित्रा लेन में अपनी जमीन है. उसी पर वो मकान बनवा रहे थे. चूंकि घर का निर्माण कार्य चल रहा था, इसलिए वे परिवार के साथ सामने के सिल्वर डेल अपार्टमेंट में शिफ्ट कर गये थे.

**झारखंड में दो साल में ईडी की बड़ी कार्रवाई**

## पूर्व सीएम, दो आईएएस समेत 36 गिरफ्तार, 66.57 करोड़ बरामद

**रांची।** झारखंड में पिछले दो साल से ईडी ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है. इसकी शुरुआत 6 मई 2022 को हुई थी, जब ईडी ने मनरेगा घोटाले को लेकर आईएएस पूजा सिंघल समेत कई लोगों के ठिकाने पर रेड की थी. इसके बाद ईडी ने अवैध खनन मामला, कोल लिंकेज घोटाला, जमीन घोटाला और टेंडर कमीशन घोटाले को लेकर दो सौ से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की. इस दौरान ईडी ने 66.57 करोड़ रुपए नगद बरामद किये और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन समेत कुल 36 लोगों को गिरफ्तार किया.

### किस मामले में कौन गिरफ्तार

- **मनरेगा घोटाला :** सीए सुमन कुमार, आईएएस पूजा सिंघल.
- **कोल लिंकज घोटाला :** इजहार अंसारी.
- **1000 करोड़ के अवैध खनन घोटाला :** पंकज मिश्रा, बच्चू यादव, पशुपति यादव, सुनील यादव, कृष्णा कुमार साहा, भगवान भगत, ट्वींकल भगत.
- **जमीन घोटाला :** हेमंत सोरेन, छवि रंजन, अमित अग्रवाल, प्रेम प्रकाश, प्रदीप बागची, सीआई भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान, मोहम्मद सद्दाम, दिलीप घोष, राजेश राय, भरत प्रसाद, अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह, इरशाद.
- **टेंडर कमीशन घोटाला :** बीरेंद्र राम, आलोक रंजन, हरीश यादव, नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया, ताराचंद, संजीव लाल, जहांगीर आलम.

## आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल की पत्नी से ईडी ने आठ घंटे पूछताछ की



मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव की पत्नी रीता से ईडी ने गुरुवार को आठ घंटे पूछताछ की. इस दौरान ईडी ने जहांगीर के ठिकाने से बरामद 35 करोड़ रुपए के बारे में रीता से पूछा. रीता ने कहा, उन्हें नहीं पता है कि रुपए कहां से आए. रीता के बैंक खातों की जानकारी ली गयी. उनसे यह भी पूछा गया कि उनके व उनके पति के नाम पर कितनी संपत्ति है. उधर, संजीव लाल और जहांगीर से ईडी ने दूसरे दिन भी लंबी पूछताछ की. दोनों से रुपयों के स्रोत के बारे में पूछताछ की. दोनों से पूछा गया कि कहां-कहां से रुपए आए. कमीशन कहां-कहां बंटता था. दोनों ने स्वीकारा है कि उन्हें किन लोगों ने किस एवज में रुपए दिए थे. जहांगीर ने बताया कि वह स्कूटी से भी कई लोगों के पास रुपए लेने गया था. पूछताछ में मिले इनपुट पर ईडी जल्द ही बड़ी कार्रवाई करेगी. कमीशन में हिस्सा कहां-कहां जाता था, इसकी भी जानकारी ईडी को मिल चुकी है.

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,500 |
| चांदी (किलो) | 86,000 |

## ब्रीफ खबरें

### 'बाबरी ताला' का आरोप 'सरासर झूठ': प्रियंका

**रायबरेली (उप्र)।** कांग्रेस के सत्ता में आने पर अयोध्या के राम मंदिर में 'बाबरी ताला' लगा दिये जाने के पीएम मोदी के आरोप को 'सरासर झूठ' करार देते हुए पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी कई बार कह चुकी है कि वह अदालत के फैसले का सम्मान करती है.

### भारत में हिंदू आबादी घटी, मुस्लिम बढ़े

**नयी दिल्ली।** भारत में 1950 से 2015 के बीच हिंदुओं की आबादी में 7.82% की कमी आई है, जबकि मुसलमानों की आबादी में 43.15% की वृद्धि हुई है, जिससे पता चलता है कि देश में विविधता को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल माहौल है. प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के हालिया कार्य दस्तावेज में यह बात कही गई है.

### हरियाणा में सरकार के लिए कांग्रेस रेस

**चंडीगढ़।** कांग्रेस ने हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों के भाजपानीत सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद पैदा हुई स्थिति के मद्देनजर गुरुवार को राज्यपाल से मिलने का समय मांगा है. नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि अल्पमत वाली सरकार को नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए.

### चुनाव प्रचार करना मौलिक अधिकार नहीं

**नयी दिल्ली।** ईडी ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत के मुद्दे पर गुरुवार को हलफनामे के जरिए सुप्रीम कोर्ट में विरोध दर्ज कराया और कहा कि चुनाव में प्रचार करने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है और न ही संवैधानिक.

### मोदी-राहुल को खुली बहस का मिला न्योता

**नयी दिल्ली।** देश की जानी-मानी हस्तियों ने पीएम नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को ओपन डिबेट का न्योता दिया है. सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज मदन बी लोकुर, दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस अजीत पी शाह और द हिंदू के पूर्व एडिटर एन राम की ओर से दोनों नेताओं को खुली बहस के लिए न्यौता भेजा गया है. इसमें कहा गया कि हमारा मानना है कि एक सार्वजनिक बहस से हमारे राजनीतिक नेताओं को सीधे सुनने से नागरिकों को अत्यधिक लाभ होगा. हमारा मानना है कि मोदी-राहुल की खुली बहस से हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने में मदद मिलेगी.

## चुनावी समर 2024

राहुल गांधी बोले-मोदी के हाथ से फिसला चुनाव

### सरकार बनते ही 30 लाख नौकरियां



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार सत्ता में आती है तो पहले 80 दिनों में 30 लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने एक वीडियो शेयर करते हुए कहा, देश के युवाओं! 4 जून को इंडिया की सरकार बनने जा रही है और हमारी गारंटी है कि 15 अगस्त तक हम 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का काम शुरू कर देंगे. नरेंद्र मोदी के झूठे प्रचार से भटकना मत, अपने मुद्दों पर डटे रहना. इंडिया की सुनो, नफ़रत नहीं, नौकरी चुनो. राहुल ने कहा, देश की शक्ति और देश के युवाओं, नरेंद्र मोदी के हाथ से चुनाव निकल रहा है.

अमित शाह बोले- कांग्रेस की गारंटी चाइनीज

### ये चुनाव राहुल बनाम मोदी है



**हैदराबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने के चौथे चरण से पहले एक बार फिर राहुल गांधी पर हमला बोला है. गुरुवार को तेलंगाना में एक जनसभा में उन्होंने हुए कहा कि यह चुनाव गांधी वर्सेज मोदी है, चुनाव वोट फॉर जिहाद के अगेंस्ट, वोट फॉर विकास का है. यह चुनाव राहुल गांधी की चाइनीज गारंटी के खिलाफ, मोदी जी की भारतीय गारंटी का है. तीन चरण के चुनाव के बाद हम 200 के करीब पहुंच गए हैं. उन्होंने तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी पर हमला बोलते हुए कहा, सुन लो रेवंत रेड्डी इस बार तेलंगाना में हम 10 से ज्यादा सीट जीतने वाले हैं और तेलंगाना में डबल डिजिट मोदी जी को 400 पार कराने वाला है.

तेजस्वी यादव बोले- पीएम मोदी करें रोड शो

### हम तो पटना में जॉब शो करेंगे




**पटना।** पीएम मोदी रविवार को पटना में रोड शो करेंगे. इसी बीच तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम मोदी रोड शो करें या एयर शो. हम तो जॉब शो करेंगे. पीएम मोदी ने 10 साल तक लोगों को ठगने का काम किया है, और अभी भी ठग रहे हैं. मोदी न रोजगार पर बोल रहे,न काम की बात कर रहे यानी मुद्दे की कोई बात नहीं कर रहे हैं. उनका एकमात्र एजेंडा है कि संविधान व लोकतंत्र को देश से कैसे खत्म कर दें, और कैसे तानाशाही को कायम कर दें. रोड शो तो हम करेंगे. क्योंकि जब हमारी सरकार बनेगी तो हम एक करोड़ नौकरी देंगे, पहले भी 17 महीने में 5 लाख नौकरी दी.मोदी से हाथ जोड़ कर विनती है कि वो दवाई, कमाई और पढ़ाई की बात करें, फालतू न बोलें.

# संविधान बदलने की जरूरत क्या है

बैजनाथ मिश्र

**प्रसंगवश**



**बैजनाथ मिश्र**

वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

हमारा संविधान जनता और व्यवस्था के बीच एक एकरारनामा है. यह एक सामाजिक दस्तावेज भी है और चरित्रात्मक मूल संविधान में हमारी सांस्कृतिक विरासत की भी एक झलक मिलती है. राष्ट्र कोई निर्गुण इकाई नहीं है. राष्ट्र के लिए चार तत्व आवश्यक होते हैं. पहला तत्व है जमीन. बिना भूमि के राष्ट्र की कल्पना ही नहीं की जा सकती.

दूसरा तत्व है प्रजा. जमीन हो और प्रजा न हो तब भी राष्ट्र निर्माण असंभव है. जैसे हमारे भूमंडल के दोनों ध्रुवों पर जमीन तो है, लेकिन वहां लोग नहीं रहते. इसलिए वहां कोई राष्ट्र नहीं है. इसी प्रकार द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यहूदियों के लिए कोई अलग जमीन नहीं थी. बाद में उन्हें जमीन मिली और इजरायल नामक राष्ट्र बना. तीसरा तत्व है व्यवस्था यानी संसाधनों और प्रजा के लिए कायदा-कानून, नियम-परिनियम इत्यादि. चौथा तत्व है संस्कृति. यह संस्कृति ही राष्ट्र की आत्मा होती है. इस संस्कृति को आप रीति-रिवाज, आचरण, व्यवहार भी कह सकते हैं. इसके बिना राष्ट्र निष्प्राण हो जाता है. इसलिए हम भारत के लोगों ने इस भारत भूमि के लिए एक संविधान अंगीकार किया और चित्रों के माध्यम से अपनी संस्कृति का भी उल्लेख किया. यह बात अलग है कि वह चित्रात्मक संविधान अनुपलब्ध है या दुर्लभ है. ऐसा क्यों हुआ, किसने किया, इसके लिए मानसिक श्रम की आवश्यकता नहीं है. जाहिर है यह सब किया कराया उन्हीं महानुभावों का है जो संविधान बनाने वाली टीम में थे और जिनके हाथों में सत्ता का सूत्र संचालन भी सौंप दिया गया. यहीं से शुरू होता है संविधान की अवहेलना का दौर. फिर अभिव्यक्ति की आजादी को सीमित करने के लिए संविधान में पहला संशोधन उन्हीं महाशय ने किया जो महानता की टोपी धारण करते थे. तब से लेकर आज तक संविधान में लगभग सवा सौ संशोधन हो चुके हैं.

सबसे खास बात यह है कि संविधान की उद्देशिका में सेक्युलर और समाजवाद तक सब ठूंस दिया गया, जब लोकतंत्र हवा में टांग दिया गया था. यह संशोधन संविधान की मूल आत्मा के खिलाफ था, क्योंकि किसी भी सेक्युलर राष्ट्र में माइनॉरिटी के लिए अलग से व्यवस्था नहीं की जा सकती है, वह भी संविधान के जरिए. संविधान सभा में इस मुद्दे पर बहस के दौरान बाबा साहब अंबेडकर ने इसका विरोध किया था और इसलिए संविधान में अल्पसंख्यकों को कुछ विशेष सहूलियतें तो दी गई, लेकिन कहीं भी सेक्युलर शब्द का उल्लेख नहीं किया गया. उल्लेखनीय यह भी है कि नेहरू से लेकर मोदी तक जिन्होंने भी संविधान में संशोधन किया, किसी ने भी जनता से नहीं पूछा. न इसकी जरूरत समझी गई, न जरूरत थी, क्योंकि हमने लोकतांत्रिक शासन प्रणाली अंगीकार किया है. इसमें होता वही है जो बहुमत चाहता है. दूसरे शब्दों में कहें तो इस प्रणाली में बहुमत की तानाशाही की गुंजाइश या आशंका सदैव बनी रहती है. इस बहुमत के क्रूर बन जाने की संभावना सदैव बनी रहती है. इसलिए बहुमत की सरकारें सुप्रीम कोर्ट के फैसले भी संसद के जरिए बदलती रही हैं या उसे निष्प्रभावी बनाती रही हैं. यानी संविधान में शक्तियों के पृथक्करण की व्यवस्था के बावजूद संसद अपनी सर्वोच्चता साबित करती रही है.

हम गणतंत्र दिवस मनाते जरूर हैं और खुद को रिपब्लिक ऑफ इंडिया कहते भी हैं, लेकिन व्यावहारिक अर्थों में हम हैं एक लोकतांत्रिक देश और आदर्श लोकतंत्र में भी असहमति के लिए स्थान तो है, लेकिन उसे स्वीकार करने की बाध्यता नहीं है जबकि रिपब्लिक में नागरिक का हित सर्वोच्च होता है. -शेष पेज 11 पर

# बिखरा शेयर बाजार, सात लाख करोड़ रुपये स्वाहा

एजेंसी। मुंबई



- चुनाव के संकेत, विदेशी निवेशकों का मोहभंग
- एक्सपर्ट बोले-मोदी की वापसी पर असमंजस

लोकसभा चुनाव के शुरुआती तीन चरण की वोटिंग के बाद शेयर बाजार में दांव लगाने वाले निवेशक अलर्ट मोड में नजर आ रहे हैं. यही वजह है कि शेयर बाजार दबाव में है और गुरुवार को सेंसेक्स-निफ्टी में लगातार गिरावट देखी गई. बीएसई सेंसेक्स 1,130 अंक टूट कर दिन के निचले स्तर 72,334.18 पर पहुंच गया. वहीं, निफ्टी ने भी 370 अंक की गिरावट देखी और 19 अप्रैल के बाद पहली बार इंट्रा-डे में 22,000 अंक से नीचे फिसल गया. क्लोजिंग प्राइस की बात करें, तो सेंसेक्स 1062.22 अंक या 1.45% की गिरावट के साथ 72,404.17 पर बंद हुआ. निफ्टी बाजार में गिरावट की बड़ी वजह लोकसभा चुनाव 2024 के तीन चरण बीत चुके हैं, लेकिन निवेशकों में अनिश्चितता है. इस आपाधापी में निवेशकों के सात लाख करोड़ रुपए स्वाहा हो गये. चुनाव से पहले जिस तरह का उत्साह था, उसमें गिरावट देखी जा रही है. तमाम एक्सपर्ट मान रहे थे कि केंद्र में मोदी सरकार की धमाकेदार वापसी होगी, लेकिन अब थोड़ी असमंजस की स्थिति नजर आ रही है.

सत्ता का महासंग्राम लोकसभा चुनाव 2024

अगले छह दिनों के अंदर पीएम, रक्षा मंत्री, गृहमंत्री व छग के सीएम का होगा दौरा

# स्टार प्रचारकों के जरिए भाजपा दिखाएगी अपनी ताकत, 14 को पीएम की गिरिडीह में जनसभा

रवि भारती। रांची

भाजपा अपने स्टार प्रचारकों के जरिए ताकत दिखाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर झारखंड आएंगे. पीएम 11 मई को चतरा लोकसभा में पार्टी उम्मीदवार कालीचरण सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे. इससे पहले पीएम मोदी पलामू में भाजपा उम्मीदवार वीडी राम के पक्ष में जनसभा कर जनता और कार्यकर्ताओं में जोश भर चुके हैं. अब 14 मई को एनडीए के घटक दल आजसू के उम्मीदवार चंद्रप्रकाश चौधरी के समर्थन में गिरिडीह में जनसभा को संबोधित करेंगे.

**छत्तीसगढ़ के सीएम भी जनसभा कर भरेंगे जोश :** भाजपा के स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय भी 10 मई को झारखंड आयेंगे. इस दिन वे खूंटी, लोहरदगा और सिंहभूम लोकसभा में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करेंगे. साय पश्चिम सिंहभूम जिले के मनोहरपुर स्थित मणिपुर मैदान में दिन के 10:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे. इसके बाद खूंटी लोकसभा के गताडीह बगीचा, प्रखंड मैदान कुरडेग में 12:30 बजे से आयोजित जनसभा और दोपहर दो बजे गुमला जिले के चैनपुर के छतरपुर बगीचा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे.



### आज अमित शाह व राजनाथ सिंह झारखंड में

10 मई को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह झारखंड दौरे पर रहेंगे. शाह शुक्रवार को खूंटी में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी राज्य में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे. इसके बाद गोड्डा से भाजपा उम्मीदवार निशिकांत दुबे के नामांकन में मौजूद रहेंगे. बाद में वे रोड शो करें. वहीं नौ मई को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चैंबर द्वारा आयोजित कार्यक्रम और महिला सम्मेलन में शिरकत की.

### पांच उम्मीदवार करेंगे नामांकन

अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त पर झामुमो और भाजपा के पांच उम्मीदवार नामांकन दाखिल करेंगे. इनमें गोड्डा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ. निशिकांत दुबे, दुमका सीट से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन और झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन, राजमहल सीट से भाजपा के ताला मरांडी और झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा 10 मई को अक्षय तृतीया के दिन नामांकन करेंगे. नामांकन के लिए उक्त सभी प्रत्याशियों ने जोरदार तैयारी कर रखी है.

पांचवे-छठे चरण में 'इंडिया' गठबंधन के स्टार प्रचारकों का लगेगा जमावड़ा

# 20 मई के बाद राहुल गांधी, खरगे, प्रियंका और तेजस्वी यादव करेंगे चुनावी सभाएं

कौशल आनंद। रांची

झारखंड में चौथे चरण का चुनाव प्रचार 11 मई को समाप्त हो जाएगा. इस चरण के लिए खुद राहुल गांधी चार में से दो लोकसभा क्षेत्र में चुनावी सभा कर चुके हैं. अब कांग्रेस के किसी और स्टार प्रचारक के झारखंड आने का कोई कार्यक्रम नहीं है. तेजस्वी यादव आठ मई को पलामू और गढ़वा में दो चुनावी सभा कर चुके हैं. तेजस्वी यादव इस चरण के लिए तीन और चुनावी सभाएं 10 मई को करेंगे. वहीं, 13 मई को चार सीटों पर मतदान संपन्न होने के बाद पांचवें चरण में तीन सीटों चतरा, कोडरमा और हजारीबाग और छठे चरण की चार सीटों गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर के चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के स्टार प्रचारक अपनी पूरी ताकत झोकेंगे.

**कोडरमा में यादव वोटरों को लुभाएंगे तेजस्वी यादव :** इंडिया गठबंधन ने तेजस्वी यादव को कोडरमा सीट की जिम्मेदारी सौंपी है. 13 मई के बाद तेजस्वी यादव एक या दो दिन में तीन से चार चुनावी सभाओं को संबोधित कर सकते हैं. कोडरमा में यादव, मुस्लिम एवं ओबीसी मतदाताओं की संख्या को देखते हुए वहां पर तेजस्वी की मांग हुई है, जिसकी अनुमति राजद नेतृत्व ने दे दी है. 13 के बाद तेजस्वी के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करके झारखंड राजद को भेज दिया जाएगा.



### यशस्विनी-अनुपमा के लिए सभा करेंगे प्रियंका

कांग्रेस और राजद से मिली जानकारी के अनुसार, पांचवें और छठे चरण के चुनाव में राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह और धनबाद में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे. 13 मई को खड़गे हजारीबाग में जेपी पटेल के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे. वहीं, 20 मई के बाद प्रियंका गांधी पार्टी की दो महिला प्रत्याशी धनबाद से अनुपमा सिंह और रांची से यशस्विनी सहाय के लिए चुनावी सभा को संबोधित करेंगी.

### 20 के बाद कल्पना झोकेंगी ताकत

20 मई को गांडेय में विधानसभा उपचुनाव संपन्न हो जाएगा. इसके पूर्व 18 मई को चुनाव प्रचार भी समाप्त हो जाएगा. यहां से कल्पना सोरेन झामुमो की प्रत्याशी हैं. इसलिए, गांडेय उपचुनाव संपन्न होने के बाद कल्पना सोरेन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के साथ शेष बची सात लोकसभा सीटों गिरिडीह, धनबाद, रांची, जमशेदपुर, राजमहल, दुमका और गोड्डा अपनी पूरी ताकत झोकेंगी. इनके कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने में झामुमो जुट गयी है.

## ब्रीफ खबरें

### 90 पुलिसकर्मी चुनाव ड्यूटी के लिए प्रतिनियुक्त

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर अलग-अलग जिलों में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जा रही है. एसीबी में पदस्थापित 90 पुलिसकर्मियों को सिमडेगा जिला बल में प्रतिनियुक्त किया गया है. एसीबी मुख्यालय ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है. जारी आदेश में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को सिमडेगा जिला में पड़ने वाले बूथ पर स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करने के लिए एसीबी रांची से 146 सिपाहियों की प्रतिनियुक्ति की गयी थी. हालांकि पूर्व के आदेश को संशोधित करते हुए एसीबी ने 90 पुलिसकर्मियों को सिमडेगा जिला बल में प्रतिनियुक्त किया है.

### 7 से 10 बजे तक कक्षाएं चलाने की मिले अनुमति

**रांची।** निजी विद्यालय प्रबंधन की ओर से बदलते मौसम को देखते हुए प्री नर्सरी से आठवीं कक्षा तक स्कूल खोलने की मांग की है. पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे व लाल किशोर नाथ शाहदेव ने प्रभारी शिक्षा सचिव मनोज कुमार से गुरुवार को प्रोजेक्ट बिल्डिंग में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा. कहा गया कि छोटे बच्चों के लिए सुबह सात से 10 बजे तक कक्षाएं चलाने की अनुमति दी जाए. आलोक दुबे और लाल किशोर शाहदेव ने शिक्षा सचिव से कहा कि अचानक रात्रि में स्कूल बंद करने की अधिसूचना जारी किये जाने से गर्मी छुट्टियों के लिए बच्चों को होमवर्क भी नहीं दिया जा सका है.

### भाजपा तुष्टिकरण की राजनीति करती है : राजद

**रांची।** राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने पीएम के आर्थिक सलाहकार द्वारा हिंदू-मुस्लिम के जनसंख्या रिपोर्ट पेश करने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है. उन्होंने कहा कि बीजेपी फर्जी रिपोर्ट पेश कर देश में तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है. लोकसभा आम चुनाव के दरम्यान बीजेपी मुसलमानों का हिंदुओं से ज्यादा जनसंख्या में वृद्धि दिखाने का काम करना अत्यंत निंदनीय है. बीजेपी, आरएसएस वीएचपी जैसे संगठन देश में धार्मिक ध्रुवीकरण कर हिंदू मुस्लिम कर आपसी भाईचारे बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं.

झारखंड की तीन सीटों पर चुनाव, राजमहल, गोड्डा व दुमका में एक जून को मतदान

# लोस चुनाव : 53 लाख मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

संवाददाता। रांची

झारखंड में लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में राजमहल, गोड्डा और दुमका में एक जून को मतदान होगा. इन तीनों लोकसभा क्षेत्रों के अंदर छह जिले और 18 विधानसभा आते हैं. इनमें दुमका इन तीनों में सबसे बड़ा 5263 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल का है. जनसंख्या के मामले में गोड्डा काफी आगे है. गोड्डा की जनसंख्या 31 लाख 67 हजार है, जिसमें 20 लाख 25 हजार मतदाता हैं. इनमें पुरुष 10 लाख 88 हजार व महिला मतदाता नौ लाख 76 हजार है.

वहीं दुमका की आबादी 24 लाख 89 हजार है. इनमें 15 लाख 89 हजार मतदाता हैं. यहां पुरुष मतदाताओं की संख्या सात लाख 98 हजार और महिला मतदाता सात लाख 91 हजार हैं. राजमहल लोकसभा में 27 लाख 55 हजार की जनसंख्या है. यहां पुरूष मतदाता आठ लाख 50 हजार और महिला मतदाता आठ लाख 52 हजार हैं. इन तीन लोकसभा में कुल 84 लाख 11 हजार की आबादी है. यहां के कुल 53 लाख 16 हजार मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे.

**सबसे अधिक मतदाता**
**20,25,176**
गोड्डा लोकसभा में



**सबसे कम मतदाता**
**15,89,435**
दुमका लोकसभा में

- राजमहल लोकसभा में 17,02,257 वोटर करेंगे वोटिंग

## किस लोकसभा में कितने मतदाता

### राजमहल लोकसभा

| विधानसभा | पुरुष | महिला | कुल | वृद्धि (% में) |
|---|---|---|---|---|
| राजमहल | 1,80,777 | 1,70,221 | 3,51,001 | 19.6 |
| बोरियो | 1,41,632 | 1,41,243 | 2,82,879 | 15.24 |
| बरहेट | 1,11,467 | 1,15,720 | 2,27,188 | 19.09 |
| लिट्टीपाड़ा | 1,06,793 | 1,11,162 | 2,17,956 | 10.65 |
| पाकुड़ | 1,90,872 | 1,92,423 | 3,83,295 | 21.78 |
| महेशपुर | 1,18,496 | 1,21,441 | 2,39,938 | 13.08 |
| कुल | 8,50,037 | 8,52,210 | 17,02,257 | 17.11 |




### दुमका लोकसभा

| विधानसभा | पुरुष | महिला | कुल मतदाता | वृद्धि (% में) |
|---|---|---|---|---|
| शिकारीपाड़ा | 1,11,345 | 1,17,925 | 2,29,270 | 13.91 |
| नाला | 1,24,316 | 1,19,455 | 2,43,771 | 12.73 |
| जामताड़ा | 1,61,229 | 1,55,546 | 3,16,778 | 19.00 |
| दुमका | 1,27,843 | 1,30,948 | 2,58,794 | 6.12 |
| जामा | 1,10,917 | 1,14,280 | 2,25,197 | 10.23 |
| सारठ | 1,62,636 | 1,52,989 | 3,15,625 | 19.37 |
| कुल | 7,98,286 | 7,91,143 | 15,89,435 | 13.83 |

### गोड्डा लोकसभा

| विधानसभा | पुरुष | महिला | कुल मतदाता | वृद्धि (% में) |
|---|---|---|---|---|
| जरमुंडी | 1,37,413 | 1,28,361 | 2,65,777 | 20.95 |
| मधुपुर | 1,90,650 | 1,76,780 | 3,67,430 | 21.60 |
| देवघर | 2,26,708 | 2,07,670 | 4,34,388 | 21.78 |
| पोड़ैयाहाट | 1,60,140 | 1,53,864 | 3,14,005 | 16.38 |
| गोड्डा | 1,61,270 | 1,49,808 | 3,11,078 | 11.52 |
| महगामा | 1,72,703 | 1,59,795 | 3,32,498 | 15.65 |
| कुल | 10,48,884 | 9,76,278 | 20,25,176 | 18.10 |

ईडी ने 10 समन जारी किया था, हेमंत ने की थी अवहेलना

# ईडी के कंप्लेन केस पर सिविल कोर्ट में 18 मई को होगी सुनवाई

विधि संवाददाता। रांची

मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी द्वारा दर्ज शिकायतवाद (कंप्लेन केस) पर रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम की कोर्ट में अब 18 मई को सुनवाई होगी. अब तक की सुनवाई में कोर्ट ने प्रथम दृष्टया यह माना है कि हेमंत सोरेन ने ईडी के समन का उल्लंघन किया है. दरअसल, जमीन घोटाले से जुड़े मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को 10 समन जारी किया था. लेकिन हेमंत सोरेन सिर्फ दो समन पर पेश हुए थे. आठ समन पर वह एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे, जिसे समन की अवहेलना माना गया है. इस मामले में हेमंत सोरेन हाईकोर्ट का रूख कर चुके हैं.

**पूर्व सीएम की याचिका पर हाईकोर्ट की दूसरी बेंच में होगी सुनवाई :** ईडी द्वारा दर्ज शिकायतवाद पर रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम द्वारा लिए गए संज्ञान और समन जारी करने के आदेश के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा दाखिल याचिका पर अब हाईकोर्ट की दूसरी बेंच में सुनवाई होगी. गुरुवार को यह मामला हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की बेंच में सूचीबद्ध था, लेकिन उन्होंने इस केस की सुनवाइ से इनकार करते हुए मामला दूसरी बेंच में भेजने का निर्देश दिया है.



### हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 13 को सुनवाई

**रांची/दिल्ली।** जेल में बंद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) पर सुप्रीम कोर्ट में 13 मई को सुनवाई होगी. दअरसल हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के मुताबिक, उनका मामला सुनवाई के लिए 13 मई को सूचीबद्ध हुआ है. हेमंत सोरेन ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से शीर्ष अदालत में एसएलपी दाखिल की है. सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया गया था.

# आठवीं बोर्ड के पांच लाख विद्यार्थियों का रिजल्ट अटका

संवाददाता। रांची

राज्य में नौवीं की कक्षाएं आरंभ हो गई. किंतु आठवीं बोर्ड का रिजल्ट अब तक नहीं जारी हुआ है. आठवीं बोर्ड की परीक्षा 16 मार्च को हुई थी. स्कूलों को छह अप्रैल तक आंतरिक मूल्यांकन का प्राप्तांक अपलोड करने को कहा गया था. जैक द्वारा ली गयी इस परीक्षा में पांच लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे. गौरतलब है कि सरकारी स्कूलों में दो मई से नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है. लेकिन, रिजल्ट जारी नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र नहीं मिल रहा है. इस कारण वे दूसरे विद्यालयों में नामांकन नहीं ले पा रहे हैं. राज्य के सरकारी विद्यालयों में जहां अब तक आठवीं बोर्ड का रिजल्ट जारी नहीं हुआ है, वहीं सीबीएसई स्कूलों में अप्रैल के प्रथम सप्ताह में नौवीं की कक्षाएं शुरू हो गयी थीं. विद्यालयों में साप्ताहिक टेस्ट लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई है.

### आंतरिक मूल्यांकन का अंक नहीं भेजा

आठवीं बोर्ड के विद्यार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन के अंक का निर्धारण विद्यालय स्तर से किया जाना है. स्कूलों को प्राप्तांक जैक के पोर्टल पर अपलोड करना होता है. झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने स्कूलों को छह अप्रैल तक प्राप्तांक अपलोड करने का निर्देश दिया गया था. लेकिन राज्य के करीब 350 स्कूलों द्वारा अब तक आंतरिक मूल्यांकन अंक उपलब्ध नहीं कराया गया है.

बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से कहा-

# झारखंड कोई तालिबानी देश नहीं है

- सीएम हो, मंत्री हो या संतरी, गैरकानूनी काम मत करिए

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से कहा है कि झारखंड कोई तालिबानी देश नहीं है. ये भी देश के कानून और कोर्ट-कचहरी से चलता है. देश की एजेंसियों का काम ही देश के किसी भी कोने में जाना और तहखाने में छिपाये गये काला धन को बरामद कर बेईमानों को जेल भेजना है. चाहे वो मुख्यमंत्री हो, मंत्री हो या संतरी हो. ये सब गैर कानूनी काम मत करिये, वरना आपलोगों का भी वही हाल होगा, जो एक्सीडेंटल राजकुमार हेमंत का हुआ है.

### मुख्य सचिव के सवाल पर तंज- गरीबों को लूटिये और लुटवाइये


मुख्य सचिव के सवाल पर झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने तंज कसा है. कहा है कि इस तरह से कभी भी भ्रष्टाचार पर



अंकुश नहीं लग पायेगा. कहा है कि ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के सचिवालय स्थित चैंबर की तलाशी लेने के बाद मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने डीजीपी अजय कुमार सिंह से सवाल पूछा है. मुख्य सचिव ने पूछा है कि सचिवालय की सुरक्षा पुलिस के जिम्मे है, तो फिर ईडी की टीम कैसे अंदर पहुंच गयी. मरांडी ने आगे कहा, 'बढ़िया है. कुछ बेईमान अफसरों, दलालों के साथ मिलकर गरीबों को लूटिये और लुटवाइये. प्रोजेक्ट बिल्डिंग में एक फ्लोर नोट का भंडार छिपाने के लिये नोटखाना बना दीजिये. और फिर देश की एजेंसियां विधिवत सर्च वारंट के साथ वहां जाकर, छापामारी कर पाप का खजाना और उसके सबूत जुटाने जाए, तो राज्य की पुलिस से जांच करने से रोकवाइये, बाधा डालिये.

पूर्व डीजीपी डीके पांडेय की पत्नी को राहत

# हाईकोर्ट की डबल बेंच ने राज्य सरकार की अपील खारिज की



लीगल रिपोर्टर। रांची

झारखंड के पूर्व डीजीपी डीके पांडेय की पत्नी पूनम पांडेय को उनके नाम पर खरीदी गयी भूमि मामले में झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है. हाईकोर्ट की डबल बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखते हुए राज्य सरकार की अपील खारिज कर दी है. न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय के कोर्ट में पूर्व डीजीपी डीके पांडेय की ओर से हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता आरएस मजुमदार और रोहन मजुमदार ने बहस की.

### लंबी कानूनी लड़ाई के बाद पूर्व डीजीपी की पत्नी के पक्ष में फैसला

दरअसल झारखंड हाईकोर्ट की एकल पीठ ने पूर्व डीजीपी डीके पांडेय की पत्नी के नाम पर खरीदी गयी भूमि की जमाबंदी रद्द कर करने की प्रक्रिया शुरू करने के आदेश को रद्द कर दिया था. इसके खिलाफ राज्य सरकार ने अपील दाखिल की थी. लेकिन हाईकोर्ट की डबल बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखते हुए राज्य सरकार की अपील खारिज कर दी. बता दें की झारखंड के पूर्व डीजीपी डीके पांडेय की पत्नी पूनम पांडेय ने कांके के चामा मौजा में जमीन खरीदी है, जिसकी जमाबंदी उनके नाम पर चल रही थी.

**अलर्ट जारी** मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कई इलाकों में आज भी बारिश की संभावना

# बदला मौसम का मिजाज, बारिश से मौसम हुआ सुहाना

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में मौसम का मिजाज बदल गया है. गुरुवार को राजधानी रांची सहित कई जिलों में झमाझम बारिश हुई. बारिश के कारण मौसम सुहाना हो गया. राजधानी में कई इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई है. मौसम विभाग के अनुसार 10 मई को भी बारिश होगी. 11 और 12 मई को कुछ स्थीनों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी. इसके साथ ही आंधी चलने के साथ वज्रपात होने की आशंका भी है. इसका प्रभाव राज्य के कई जिलों में देखने को मिलेगा. इसे लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया गया है. मौसम केंद्र के अनुसार, राज्य में अगले तीन से चार दिनों तकअधिकतम तापमान में बदलाव की उम्मीद नहीं है.

**आज-कल आंधी, वज्रपात व बारिश की आशंका :** मौसम विभाग के अनुसार, 10 मई को राज्य के दक्षिण और मध्यम भागों में कहीं-कहीं गर्जन और तेज हवा का झोंका चलने के साथ वज्रपात की आशंका है. इस दौरान हवा की गति 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना है. इसका असर पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी व रामगढ़ जिले में देखने को मिलेगा. राज्य के शेष जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से हवा चलने की संभावना है. राज्य में 11 मई को कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ वज्रपात और आंधी चलने की आशंका है. इस दौरान हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है. वहीं, राज्य में कहीं-कहीं 12 मई को भी गर्जन और वज्रपात की संभावना है.

### 15 मई तक आंधी, वज्रपात और बारिश की संभावना
### 50 से 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलेगी हवा



### 13 और 14 मई को भी हो सकती है बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, 13 व 14 मई को राज्य के दक्षिणी और मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश होने की उम्मीद है. इसका असर पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़ जिले में देखने को मिलेगा. वहीं, 15 मई को राज्य के दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है.

# अब दवा दुकानदार भी कर सकेंगे उपचार


रवि भारती। रांची

अब राज्यभर के दवा दुकानदार भी लोगों का प्राथमिक उपचार कर सकेंगे. लेकिन इसके लिए उन्हें फर्स्ट एड स्पेशलिस्ट और पब्लिक हेल्थ कोर्स करना होगा. इस कोर्स में नामांकन की प्रक्रिया 15 मई तक चलेगी. ये दोनों कोर्स मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा संचालित हैं. फर्स्ट एड स्पेशलिस्ट और पब्लिक हेल्थ का कोर्स एक साल का है. कोर्स करने के बाद क्लीनिक खोलने के लिए भी अधिकृत हो सकते हैं या फार्मासिस्ट का भी एक विकल्प हो सकता है. यह जानकारी एलबीएसएम कॉलेज में स्थापित केंद्र की ओर से दी गई है.

**बाजार की मांग के अनुरूप भी कोर्स :** झारखंड स्टेट ओपेन यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आनेवाले एलबीएसएम कॉलेज में कई सर्टिफिकेट कोर्स बाजार की मांग के अनुरूप भी शुरू किये गये हैं. इन कोर्सों का डिजाइन भी बाजार की मांग के अनुरूप किया गया है. इसके पीछे तर्क दिया गया है कि कोर्स पूरा करने के बाद युवा इसके सहारे जीविकोपार्जन कर सकेंगे. सभी कोर्स नये सत्र से शुरू किये जायेंगे. इस सत्र में नामांकन की प्रक्रिया जारी है.

**बिजनेस पाठ्यक्रम के तहत भी पांच कोर्स :** बिजनेस पाठ्यक्रम के तहत पांच पाट्यक्रम की पढ़ाई शुरू की गयी है. इसमें मैनेजमेंट, एमबीए, पीजीडीएम, फाइनांशियल मैनेजमेंट शामिल है. इसके अलावा कंप्यूटर एप्लीकेशन, रिटेल मार्केटिंग प्रोजेक्ट, मैनेजमेंट मार्केटिंग, मैनेजमेंट नेचुरोपैथी, बैंकिंग एंड इंश्योरेंस के कोर्स भी संचालित हैं. वहीं फर्स्ट एड स्पेशलिस्ट और पब्लिक हेल्थ कोर्स में भी नामांकन प्रक्रिया जारी है.

- करना होगा फर्स्ट एड स्पेशलिस्ट और पब्लिक हेल्थ का कोर्स
- झारखंड स्टेट ओपेन यूनिवर्सिटी ने शुरू किया है ये पाठ्यक्रम








**ब्रीफ खबरें**

### पिस्टल के बल पर बाइक लूटने का प्रयास

■ मोबाइल और पर्स छीनकर भागने में सफल रहे

निरसा । निरसा थाना क्षेत्र के बेलचढ़ी मोड़ के निकट एनएच-2 पर बुधवार की शाम तीन अपराधियों ने पांड्रा निवासी सज्जाद शेख के कनपटी पर पिस्तौल सटाकर बाइक लूटने का प्रयास किया. हालांकि सज्जाद शेख की हिम्मत और पास के ही टायर रिपेयरिंग दुकानदार शहबाज की दिलेरी के कारण अपराधियों को बाइक छोड़कर भागना पड़ा. घटना की सूचना मिलते ही निरसा थाना की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और भुक्तभोगी से मामले की जानकारी ली.

### बलियापुर की बेटी अन्नू ने बढ़ाया मान

बलियापुर। बाघमारा पंचायत के मोदीडीह निवासी सुभाष चंद्र महतो की बेटी अन्नू कुमारी ने मुंबई के अमरावती मॉडर्न पेंटाथेलोन फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित लेजर रन प्रतियोगिता में नेशनल अवार्ड जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है. गुरुवार को प्लस टू हाई स्कूल मैदान में एक समारोह आयोजित कर अन्नू कुमारी को सम्मानित किया. मौके पर प्राचार्या संतोष कुमार सिन्हा, हसनैन अहमद, बालकृष्ण पांडेय, सायनीधर दास, सिलवंती मैरी एक्का, पूनम राय, संदीप बैद, गौतम सहाय, संतोष कुमार महतो, प्रशांत कुमार वर्मा, कुमार दीपक, प्रियव्रत घोष आदि मौजूद थे.

### मासस प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क

धनबाद। मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी के पक्ष में पुटकी, सियालगुदरी, नयु कॉलोनी, नीचे धौड़ा, पुटकी वन टाइप इलाकों में मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने जनसंपर्क अभियान चलाया. जहां लोगों से मिलकर मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी के कैंची छाप में वोट देने की अपील की. साथ ही पुटकी ए टाइप में नंदी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेंद्र यादव से मिला. जनसंपर्क अभियान में अरविंद तिवारी, राजू सिंह, प्रदीप मोदक, गुलाब दे, सुदर्शन महतो, संजय मौदक, राम प्रवेश राजभर, राजा दे, मुन्ना झा, छोटू ठाकुर, मुकेश साहू, कन्हैया पासवान, राजेश दे, मंटू रवानी, नवीन कच्छप, राजेश ठाकुर, रघुवीर मिश्रा, बिट्टू चौहान, सुधीर झा, राजू महतो आदि शामिल थे.

### भाजपा ने पंचेत में किया जनसंपर्क

पंचेतः भाजपा के धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में पंचेत मंडल के भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को पंचेत मंडल अध्यक्ष बापी दे के नेतृत्व में पंचेत मंडल के लेदाहरिया गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया गया. बताया गया कि जनसंपर्क अभियान कर लोगों से भारतीय जनता पार्टी के कमल फूल छाप पर वोट देने की अपील की जा रही है .

**दिलचस्प मामला : खुद को बता रहे भाजपा समर्थक, पर अपनी ही पार्टी के उम्मीदवार का कर रहे खुलकर विरोध**

# सिंह मेंशन से ढुल्लू के खिलाफ उठी सिद्धार्थ गौतम की आवाज

**चुनावी हमला**

संवाददाता । धनबाद





धनबाद के चर्चित घराने सिंह मेंशन से भी भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के विरोध का एलान हो चुका है. धनबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के विरोध का एलान भाजपा से झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह के छोटे भाई सिद्धार्थ गौतम ने किया है. वह खुद को भाजपा का समर्थक कहते हैं इसके बावजूद ढुल्लू महतो का पुरजोर विरोध कर रहे हैं। यहां बड़ी बात यह है कि संजीव सिंह की पत्नी और सिद्धार्थ की भाभी रागिनी सिंह भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में खड़ी हैं . ढुल्लू महतो के धनबाद व झरिया विधानसभा में होने वाले चुनावी कार्यक्रमों में वह साथ साथ दिख रही है . वहीं सिद्धार्थ गौतम लगातार ढुल्लू के विरुद्ध कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में बैठकें कर रहे हैं. बुधवार को चासनाला साउथ कॉलोनी में आयोजित एक बैठक में सिद्धार्थ ने कहा कि वह आज भी भाजपा का समर्थन करते हैं, लेकिन धनबाद के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो का विरोध करते हैं. ढुल्लू महतो को टिकट देकर भाजपा नेतृत्व ने ग़लत किया है . सिंह मेंशन के भीतर ही भाजपा दो भागों में बंट गई है .एक तरफ जहां भाजपा कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थन में लोगों से वोट मांग रही है । वहीं उनके देवर सिद्धार्थ गौतम कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के लिए लोगों को एकजुट कर रहे हैं। सिद्धार्थ विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बैठक कर अनुपमा को समर्थन की अपील कर रहे हैं. आम लोगों से लेकर मजदूर संगठन से भी ढुल्लू महतो के विरोध में मतदान कराने के लिए चर्चा कर रहे हैं । सिद्धार्थ गौतम धनबाद, झरिया व निरसा विधानसभा क्षेत्र पर विशेष जोर दे रहे हैं .मालूम हो कि वो अब तक निरसा, चिरकुंडा, सरायढेला, मनईटांड़, भूली, कुसुंडा, कुस्तौर, भगतडीह, झरिया आदि इलाकों में बैठक कर चुके हैं । गुरुवार को भी वह बैठकों में ही व्यस्त दिखे . ढुल्लू महतो को हराने के लिए सिद्धार्थ ने अपनी कमर कस ली है .

**भाजपा के भीतर भी विरोध के स्वर**

धनबाद लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नाम की घोषणा के साथ ही भाजपा दो खेमों में बंट गई है . पार्टी का बड़ा खेमा ढुल्लू महतो को उम्मीदवार के रूप में स्वीकार करने में स्पष्ट रूप से असहज नज़र आता है .पार्टी के भीतर ही प्रत्याशी को शिकस्त देने की रणनीति पर कार्य किया जा रहा है . धनबाद लोकसभा अंतर्गत सभी छह विधानसभा क्षेत्र में भाजपा दो खेमों में बंटी दिख रही है । एक खेमा ढुल्लू के पक्ष में तो दूसरा खेमा विरोध में अपना जोर लगा रहा है . इधर धनबाद के सांसद और अन्य विधायक पर विवादित बयान देने के बाद से समर्थकों में भी खासा गुस्सा है, जिसका खामियाजा भी ढुल्लू को भुगतना पड़ सकता है .

### सगाई समारोह में हुड़दंग, दो हिरासत में

धनबाद । सदर थाना क्षेत्र के लुबी सर्कुलर रोड के विवाह भवन में आयोजित रिंग सेरेमनी में घुसकर मनचलों ने हुड़दंग किया. जहां आयोजनकर्ता झामुमो नेता वकील दास ने हुड़दंगियों को समझा बुझाकर हटाने का प्रयास किया लेकिन मनचले युवकों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ था कि वह लोग दर्जनों की संख्या में पहुंचकर सगाई स्थल पर कुर्सी-पंडाल को तोड़ डाला. उपस्थित महिलाओं के साथ छेड़खानी और मारपीट भी कर दी. विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई. जिसमे करीब आधा दर्जन लोग चोटिल हुए और दो लोगों का सिर फट गया. घटना की सूचना पाकर सदर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दो हुड़दंगी युवकों को हिरासत में ले लिया. हिरासत में लिये गये युवक पुलिस लाइन और बेकारबांध के बताये जाते हैं. पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है .

# सोती रही पुलिस, खून नहीं धुलते रहे कत्ल के सबूत

**वारदात के वक्त विशाल के पहने टी-शर्ट को पुलिस ने नहीं किया था जब्त**

**शुभम संदेश एक्सक्लूसिव**

रिजवान शम्स । धनबाद







बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में बुधवार को एक छात्रा की गर्दन रेत कर हत्या करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है. इस मामले का आरोपी एसएनएमएमसीएच में इलाजरत है. चूंकि छात्रा के पिता ने उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है, इस कारण उसे पुलिस ने कस्टडी में ले रखा है. लेकिन इस संवेदनशील मामले में पुलिस की घोर लापरवाही उजागर हुई है. वारदात के वक्त आरोपी द्वारा पहने गए कपड़ों में खून लगा था, उस कपड़े को पुलिस ने जब्त नहीं किया. बल्कि गुरुवार को उसी खून लगे टी शर्ट को पानी में भिगो कर आरोपी विशाल की मौसी उसके हाथ में लगे खून को साफ करती दिखी. आरोपी के दोनों हाथों में लगे खून के साथ इस वारदात के पुख्ता सबूत भी धुल ही गए. अस्पताल के ईएनटी वार्ड के बाहर बेंच पर सरायढेला पुलिस के जवान नींद में डूबे रहे और विशाल की मौसी आराम से इन सबूतों को धोती रही. अब अपनी बेटी के कातिल को सजा दिलाने की उम्मीद रखने वाले बेबस पिता की उम्मीदों पर ये लापरवाही भारी पड़ेगी.

बता दें कि पोलाईडीह में स्कूल से घर लौट रही छात्रा निशा की लाश मिलने के बाद विशाल वहां पर जख्मी हालत में मिला था, उसकी भी गर्दन में जख्म थे, इस कारण स्थानीय लोगों ने विशाल को अस्पताल लाकर भर्ती करा दिया था. वारदात में संदेही मानते हुए पुलिस ने इलाजरत विशाल को कस्टडी में बुधवार को ही ले लिया था. देर शाम तक निशा के पिता हरि महतो ने विशाल के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दी. तब अस्पताल में दो जवानों की तैनाती भी करा दी. पुलिस ने उसका बयान लेने की कोशिश की लेकिन गर्दन में जख्म होने के कारण बाद में बयान लेने की बात डाक्टरों द्वारा कही गई.

**फोरेंसिक रिपोर्ट बताती कि खून किसका था**

अब देखिए पुलिस की लापरवाही... वारदात के वक्त विशाल द्वारा पहने गए कपड़ों पर खून के निशान थे, खून के ये धब्बे इस वारदात के सबसे बड़े सबूत हैं, क्योंकि कोई भी चश्मदीद गवाह नहीं है . ऐसे में विशाल के कपड़े में लगे खून की फोरेंसिक जांच कराई जानी चाहिए थी, ताकि ये पता लग सके कि उसमें लगे खून के धब्बे किसके खून के हैं, यदि निशा के खून के धब्बे मिल जाते तो कोर्ट में ये आरोपी के खिलाफ बड़ा सबूत हो जाता. लेकिन अब शायद ऐसा नहीं पाएगा, क्योंकि विशाल की मौसी ने खून से सने टी शर्ट को पानी से भिगो दिया और फिर उसे से आरोपी के हाथों को साफ कर दिया. कोर्ट में बिना फोरेंसिक रिपोर्ट के आरोपी को सजा तक पहुंचाना बहुत ही कठिन काम है.

**नसों के साथ कट गई थी गले की हड्डी**

निशा की हत्या में प्रयुक्त हथियार काफी तेज था और उसे पूरी जोर के साथ गले पर प्रहार किया गया था. इस प्रहार के कारण उसकी गर्दन की सारी नसें कट गई थी. सिर्फ इतना ही नहीं नसों के साथ-साथ गले की हड्डी तक को चोट पहुंची थी. नसों के कटने के कारण रक्त बह गया और कुछ क्षणों में ही उसकी मौत हो गई.

**पिता के बयान पर दर्ज की गई थी प्राथमिकी**

हत्या की इस वारदात को लेकर निशा के पिता हरि महतो के बयान पर प्राथमिकी दर्ज हुई है. हरि ने पुलिस को बताया कि जब वे लोग पहुंचे तो खून से लतपथ बेटी का शव पड़ा देखा, साथ ही डीपू की बाउंड्री के अंदर से कराहने की आवाज आ रही थी. वहां देखने पर पता चला कि विशाल है, उसके गर्दन पर भी जख्म थे, पूछने पर उसने बताया कि उसने ही निशा को मार दिया है. बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज हुई है.

**हथियार की तलाश में पुलिस रही नाकाम**

वारदात में प्रयुक्त हथियार को बरामद करने के लिए पुलिस की टीम ने कई कोशिशें की है. बावजूद इसके पुलिस को अब तक हथियार नहीं मिल पाया है. पुलिस बुधवार की शाम भी मौका-ए-वरदात पर गई थी. गुरुरार की सुबह भी पुलिस ने वहां जाकर छानबीन की है. लेकिन पुलिस को अभी तक हथियार नहीं मिल सका है. वहीं अब तक आरोपी विशाल का बयान भी नहीं हो पाया है.

**कॉल डिटेल का सहारा**

इस वारदात की कड़ियों को जोड़ने के लिए पुलिस वारदात से जुड़े लोगों का कॉल डिटेल निकालेगी. निशा, विशाल के साथ-साथ उसकी दोनों सहेलियों का कॉल डिटेल निकाला जा रहा है. इसके अलावा दोनों सहेलियों के टावर लोकेशन आदि की भी जांच की जाएगी. पुलिस को संदेह है कि यदि इस वारदात में विशाल के अलावा कोई अन्य दोस्त या साथी ने तो साथ नहीं दिया था. इधर पोस्टमार्टम के बाद दोपहर को उसका अंतिम संस्कार परिजनों ने किया.

## धनबाद लोकसभा चुनाव प्रत्याशियों को मिला सिंबल

■ 25 उम्मीदवार मैदान में

संवाददाता | धनबाद



धनबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों व निर्दलीय उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित किया. इसको लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए 28 उम्मीदवारों ने नामांकन किया था. स्क्रूटनी के बाद तीन उम्मीदवार का नामांकन रद्द किया गया. वहीं नौ मई को दोपहर तीन बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि थी. परंतु किसी उम्मीदवार ने अपना नाम वापस नहीं लिया है. सभी 25 उम्मीदवारों के बीच सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची की उपस्थिति में चुनाव चिह्न आवंटित किया गया. जिसमें मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उनके रिजर्व सिंबल दिए गए.

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की उम्मीदवार अनुपमा सिंह को हाथ, भारतीय जनता पार्टी के ढुल्लू महतो को कमल, बहुजन समाज पार्टी के मोहन सिंह को हाथी का सिंबल दिया गया. वहीं अकबर अली को केटली, डॉ परवेज नैय्यर को एयर कंडीशनर, कृष्ण चन्द्र राज सिंह को बक्सा, दीपक कुमार दास को ब्लैक बोर्ड, राजीव तिवारी को बैटरी टॉर्च, रिजाउल हक को सेब, संजय कुमार गिरी को आलमारी, अनिन्दिता दास को माइक, एकलाक अंसारी को हेलमेट, उमेश पासवान को नारियल फार्म, कामेश्वर प्रसाद वर्मा को टाइप मशीन, मो जहीरूद्दीन खान को पानी की टंकी, जगदीश रवानी को कैंची, जनक शाह गोंड को बेबी वॉल्कर, तुलसी महतो को गुब्बारा, त्रिदेव कुमार महतो को ऑटो रिक्शा, निताई दत्ता को गैस सिलेंडर, प्रेम प्रकाश पासवान को बल्ला, मोहम्मद तफाजुल हुसैन को चुड़ियां, मोहम्मद फैसल खान को कलम की नीब सात किरणों के साथ, लक्ष्मी देवी को फलों से युक्त टोकरी तथा सुनैना किन्नर को ब्रेड का सिंबल दिया गया.

## डेल्टा हार्डकोक के मालिक समेत चार पर एफआईआर

■ 1035 टन कोयला बरामदगी के मामले में की गई कार्रवाई

संवाददाता ।गोविंदपुर

गोविंदपुर थाना अंतर्गत गहिरा-मुर्गाबनी रोड स्थित डेल्टा प्रीमियम हार्डकोक इंडस्ट्रीज मे छापामारी कर 1035 टन अवैध कोयला जब्ती मामले में चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है. जिसमें भट्ठा मालिक शरद लुहारिका धैया, ट्रक चालक ताहिर अंसारी, अवैध कोयला कारोबारी जीतन कुमार दास एवं ट्रक संख्या जीएसटी एनसीआर 3264 के मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई. पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने बताया कि दिनेश प्रसाद के आवेदन पर कांड संख्या 124 दिनांक 8 /5/ 24 के तहत धारा 379, 411, 414, खान एवं खनिज अधिनियम 21, लघु खनिज अधिनियम 54 एवं अवैध खनन अधिनियम 13 के तहत कांड अंकित किया गया है. मामले में गिरफ्तार ट्रक चालक ताहिर अंसारी को पुलिस ने जेल भेज दिया है. वहीं मुंशी मनोज झा को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया है. कांड के अनुसंधान की जिम्मेदारी अवर निरीक्षक शैलेंद्र कुमार को दी गई है. माइनिंग सर्वेयर के नहीं पहुंचने के कारण जब्त कोयले की मापी नहीं की हो सकी. विदित हो कि बुधवार को गोविंदपुर पुलिस ने उक्त भट्ठा में छापामारी की थी. जिसमें एक एलपी ट्रक में लदा 35 टन कोयला तथा भट्ठा के अंदर से एक हजार टन कोयला जब्त किया था. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# अनुपमा पहुंचीं धनबाद बार एसोसिएशन, मांगा समर्थन

**कहा कि अधिवक्ता जागरुक वर्ग है, सोच समझकर ही अपने प्रतिनिधि को भेजेंगे संसद**

संवाददाता | धनबाद



धनबाद लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह गुरुवार को सुबह धनबाद बार एसोसिएशन पहुंची. बार एसोसिएशन में अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय, महासचिव जितेंद्र कुमार, वरीय अधिवक्ता बृजेंद्र सिंह ने अनुपमा सिंह का स्वागत किया. अनुपमा सिंह ने बार एसोसिएशन में घूम-घूम कर अधिवक्ताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की. इस दौरान बार एसोसिएशन के कार्यालय कक्ष में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अनुपमा सिंह ने कहा कि वह लोगों की सेवा करने के लिए राजनीति में आई है और उनका अपना कोई स्वार्थ नहीं है. वह अधिवक्ताओं के लिए अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू कराने का पूरा प्रयास करेंगी. उन्होंने कहा कि हम जनता के हर सुख-दुख में उसके साथ रहेंगे. अधिवक्ता एक जागरूक वर्ग है, उन्हें जरूर सोचना चाहिए कि वह कैसे प्रत्याशी को अपना प्रतिनिधि चुनते हैं. जुमलेबाजी में न पड़कर जो साफ और स्वच्छ छवि का व्यक्ति है, उन्हें संसद भेजें. इसके पूर्व महासचिव जितेंद्र कुमार ने कहा कि धनबाद को बर्बाद करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है. ऐसे हालात में धनबाद के अधिवक्ता हाथ पर हाथ धरकर नहीं बैठेंगे. अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय ने कहा कि हमें अधिक से अधिक संख्या में मतदान करना चाहिए. विजय झा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जिस व्यक्ति को अपना प्रत्याशी बनाया है, उसके ऊपर दर्जनों मुकदमे हैं. यदि वह चुनाव जीत जाते हैं तो धनबादवासी का सर उस वक्त शर्म से झुक जाएगा, जब उनसे पूछा जाएगा कि आपका सांसद कौन है.

**लोगों की समस्याएं जानीं**

धनबाद ।अनुपमा सिंह का जनसंपर्क अभियान धनबाद के बार काउंसिल से शुरू हुआ. जामाडोबा में अपने आवासीय कार्यालय में महागठबंधन के कार्यकर्ताओं एवं जनता से विचार विमर्श कर लोगों की समस्याएं से रूबरू हुई. इसके बाद गोविंदपुर के धनबाद सिटी चर्च में क्रिश्चियन लीडर्स कॉनकिल ऑफ धनबाद के प्रेसिडेंट बिशप फादर डेनियल पॉनराज से गोरसप्पा आश्रम में विचार विमर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया. संस्था के लोगों ने अभिवादन कर आशीर्वाद दिया.

# फरसा से काटकर पत्नी की हत्या, आरोपी पति गिरफ्तार

संवाददाता ।बोकारो



कसमार प्रखंड कार्यालय से सटे मोचरो गांव में एक 42 वर्षीय सुरेश रजवार ने 30 वर्षीय पत्नी शकुंतला देवी की फरसा से काटकर हत्या कर दी. घटना गुरुवार देर रात की है. पुलिस ने हत्यारोपी पति को हत्या में प्रयुक्त फरसा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. जानकारी के अनुसार मोचरो निवासी सुरेश रजवार और उसकी पत्नी शकुंतला के बीच बुधवार रात घरेलू विवाद हुआ था. जिसके बाद खाना खाकर पति-पत्नी सो गए. अचानक देर रात सुरेश रजवार ने सोयी पत्नी शकुंतला की गर्दन पर तेज धारदार फरसा से प्रहार कर गला काटकर हत्या कर दी. हत्या करने के बाद सुरेश पत्नी के शव के पास ही बैठा रहा. अहले सुबह जब सुरेश के भाई की नींद खुली और खून से लथपथ भाभी की लाश देखी तो वह सन्न रह गया. इसकी सूचना स्थानीय वार्ड सदस्य, मुखिया को दी गयी। घटना की जानकारी पुलिस को भी दी गई. खबर पाकर पुलिस घटनास्थल पहुंची और लाश के पास बैठे पति को गिरफ्तार कर थाना ले गई. घटना की सूचना मिलते ही सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई. मृतका शकुंतला के मायके से भी लगभग दो दर्जन लोग पहुंचे. इसके बाद पुलिस ने कसमार थाना में मामला दर्ज कर हत्यारोपी पति को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया. इधर मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए तेनुघाट भेज दिया. कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने बताया कि प्रथम दृष्टया में यह मामला घरेलू विवाद का लग रहा है. हालांकि पुलिस हत्या को लेकर कई बिंदुओं पर जांच कर रही है. जानकारी के अनुसार सुरेश रजवार के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं. वह राजमिस्त्री का काम कर घर की जीविका चलाता था. हालांकि ग्रामीणों ने बताया कि इससे पूर्व पति-पत्नी के कभी कोई विवाद नहीं हुआ था. घटना की रात आखिर क्या हुआ कि पति ने पत्नी की गला काटकर हत्या कर दी. हत्या को लेकर गांव में कई तरह की चर्चा हो रही है.

## ब्रीफ खबरें

### निगम ने मांगा पेयजल योजनाओं का ब्योरा

**धनबाद ।** नगर आयुक्त रविराज शर्मा की अध्यक्षता में धनबाद शहरी जलापूर्ति योजना हस्तांतरण से संबंधित बैठक हुई. बैठक में नगर आयुक्त ने तकनीकी, वाणिज्यिक के साथ अन्य पक्षो पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को सम्पूर्ण ब्यौरा देने का निर्देश दिया. इस बैठक में धनबाद शहरी जलापूर्ति योजनाओं जैसे मैथन, जामाडोबा, सिंदरी एवं कतरास के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से निगम को हस्तांतरण की प्रक्रिया पर समन्वय स्थापित करने की विस्तृत चर्चा हुई.

### बछड़ा चोरी की शिकायत खोजबीन में जुटी पुलिस

**महुदा।** महुदा थाना में गुरुवार को वाशरी कॉलोनी निवासी भरत मिस्त्री ने बछड़ा चोरी की शिकायत की है। इससे पूर्व भरत ने मामले को लेकर महुदा थाना का दो-तीन दिनों से चक्कर लगा रहे थे. जब कोई हल नहीं दिखा तो उन्होंने इसकी शिकायत थाना प्रभारी धीरज कुमार से की। थाना प्रभारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसआई चन्दन सिंह को मामले की जांच करने को कहा. बताया जाता हैं कि वाशरी कॉलोनी निवासी भरत मिस्त्री के घर के बाहर घास चर रही बछड़ा को करीब महीने भर पहले किसी ने चोरी कर ली.

### हज यात्रियों का पहला जत्था झरिया से रवाना

**झरिया।** हज यात्रियों का पहला जत्था झरिया के जामाडोबा रमजानपुर से सऊदी अरब के लिए गुरुवार को रवाना हो गया.इस दौरान हज यात्रियों को विदाई देने के लिए लोगों की भारी भीड़ देखी गई. मुहल्ले के लोगों द्वारा उन्हें फूल माला पहनाया गया और गुलदस्ता भेंटकर विदा किया गया. जगह-जगह रास्ते में हिंदू मुस्लिम समुदाय के लोग हज यात्रियों से गले मिल कर मुसाफा किया. सफर में जाने से पहले कुरानखानी व फातिहा और दुआ की गई .हज मुकम्मल और मकबूल होने के साथ ही हाजियों के साथ खैरियत से घर वापस लौटने की दुआ भी की गई.

### बाइक की डिक्की से चोरों ने उड़ाये 40 हजार

**बेरमो।** गांधीनगर थाना क्षेत्र के जरीडीह बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने गुरुवार को दिनदहाड़े चोरी ने बाइक की डिक्की का लॉक तोड़कर 40 हजार रुपये चोरी कर ली और आराम से भाग निकले. घटना के संबंध में गांधीनगर निवासी भास्कर सिंह ने बताया कि बैंक में पैसा जमा करने आए थे. बैंक में ज्यादा भीड़ के कारण कुछ देर बाद पैसा जमा करने का निर्णय लेते हुए बगल में किसी काम से चले गए. इसी बीच चोरों ने उनकी बाइक की डिक्की से रुपये उड़ा ले गए. सबसे बड़ी विडंबना है कि बैंक के सामने लगा सीसीटीवी कैमरा भी खराब था.

### चेकपोस्ट पर अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**मैथन।** मैथन पुलिस ने गुरुवार के शाम झारखंड बंगाल सीमा इंटर स्टेट बोर्डर पर एक व्यक्ति को देशी व विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति निरसा निवासी खगेन बाउरी अपने बाइक ( संख्या जेएच 10 एएन 5725 ) पर बीस बोतल देशी शराब एवं दो बोतल इंपेरियल बुलू अंग्रेजी शराब पश्चिम बंगाल से लेकर निरसा जा रहा था। इस दौरान इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर पकड़ा गया। इस संबंध मे मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने बताया कि पहले ही सूचना मिली थी कि कुछ लोग पश्चिम बंगाल से शराब लाकर झारखंड क्षेत्र में बेच रहे है.

## भाजपा को जिताने की अपील

**धनबाद ।** ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अमरदीप यादव ने केंद्रीय संगठन के दिए गए लक्ष्य को धनबाद सीट जीतकर पूरा करने का आह्वाहन किया । भजपा के धनबाद विधानसभा की ओबीसी मोर्चा की बैठक इंडस्ट्रीज ऑफ कॉमर्स एसोसिएशन के प्रांगण में हुई. बैठक में अमरदीप ने मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में वोट दिलाने का आह्वान किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता सह स्वागत भाषण शैलेश सिंह चंद्रवंशी, संचालन धनबाद महानगर महामंत्री राजेश गुप्ता तथा धन्यवाद ज्ञापन भूली मंडल अध्यक्ष डॉक्टर एमके वर्मा ने किया. शैलेश सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि धनबाद लोकसभा चुनाव में धनबाद महानगर अपने टीम के साथ जी तोड़ मेहनत कर सीट जीतकर परचम लहराने का काम करेगी. धनबाद विधायक राज सिन्हा ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दिन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुवात की. राज सिन्हा ने मोदी के मिशन को पूरा करने का आह्वाहन किया और कार्यकर्ता में जोश भरने का काम किया. राज सिन्हा और ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने ओबीसी वर्ग के प्रबुद्ध लोगों को सम्मानित भी किया.

## बाल विवाह रोकने को सरकार ने कसी कमर : शंकर रवानी

**संवाददाता । महुदा**

बाल विवाह मुक्त भारत गठबंधन के सहयोगी झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट ने झारखण्ड सरकार की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इसे सफल बनाने का प्रयास में पूरा सहयोग करेंगे. झारखंड सरकार 10 मई को अक्षय तृतीया के पर्व को देखते हुए इस दिन बाल विवाहों को रोकने के लिए पूरी तरह तैयार है और इसके लिए उचित कदम भी उठाए जा रहे हैं। राज्य के महिला एवं बाल विकास विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अक्षय तृतीया के दिन बाल विवाहों की प्रथा को देखते हुए इसे रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाएं। राज्य सरकार की यह पहल जो हर पंचायत को 'बाल विवाह मुक्त' बना सकती है, का स्वागत करते हुए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के गठबंधन सहयोगी झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक प्रो. शंकर रवानी ने कहा कि वे इस पहल की सफलता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों में हरसंभव सहयोग करेंगे. बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 2030 तक इस सामाजिक अपराध के खात्मे के लिए पूरे देश में काम कर रहे 161 गैरसरकारी संगठनों का गठबंधन है।बॉक्स महिला एवं बाल कल्याण विभाग की अधिसूचना में अधिकारियों को पंचायत और ब्लॉक स्तरों पर निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया गया है.



## कोर्ट की खबरें

### रंजय हत्याकांड : चंदन की अग्रिम जमानत पर सुनवाई

**धनबाद ।** रंजय सिंह पर गोली चलाने के मामले में वांछित चंदन शर्मा की अग्रिम जमानत की अर्जी पर गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायालय न्यायाधीश डीसी अवस्थी की अदालत में सुनवाई हुई. उभय पक्ष को सुनने के बाद अदालत ने सुनवाई के लिए 13 मई की तारीख निर्धारित की है. बताते हैं कि इसके पूर्व पुलिस ने 3 नवंबर 18 को नंद किशोर सिंह एवं 23 फरवरी 19 को हर्ष सिंह के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था जिसमें चंदन शर्मा को फरार बताया था और उसके विरुद्ध अनुसंधान जारी रखा है.गवाह पेश करने का आदेश वहीं दूसरी और सुनवाई के दौरान विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के आरोप में जेल में बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीसी अवस्थी की अदालत में रांची के होटवार जेल से वीसीएस के द्वारा पेश किया गया । जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह हाजिर नहीं थे. अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का निर्देश दिया है. बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आयुष श्रीवास्तव ने पैरवी की।

### रिकवरी एजेंट उपेन्द्र सिंह हमला कांड में सुनवाई

**धनबाद ।** रिकवरी एजेंट उपेंद्र सिंह पर हुए जानलेवा हमला के मामले की सुनवाई गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में हुई. अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है. 22 मार्च को शहर के व्यस्तम क्षेत्र बैंक मोड़ में होटल ब्लैक रोक के पास रिकवरी एजेंट उपेन्द्र सिंह को अज्ञात हमलावारों ने गोली मार दी थी। पुलिस ने फहीम के भांजे रितिक खान ,प्रिंस खान,अमीत पासवान,भीम कुमार सिंह,सूरज प्रताप सिंह ,संटू सिंह व पींटू सिंह के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था।

### हत्या का आरोपी निहाल और अमन रवानी रिहा

धनबाद । जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के मोहन बाजार में सरेआम गोली चलाकर अमरजीत गोप की हत्या तथा दो लोगों को घायल करने के मामले में जेल में बंद निहाल रवानी तथा अमन रवानी को अदालत ने गुरुवार को साक्ष्य के अभाव में रिहा करने का आदेश दिया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश 16 दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में मामले का ट्रायल चल रहा था। अदालत में अभियुक्तों की ओर से मुकदमे की पर भी अधिवक्ता अभय भट्ट ने की। अभियुक्तों के खिलाफ पुनादी बस्ती निवासी सूरज कुमार द्वारा 10 नवंबर 2022 को प्राथमिक की दर्ज करवाई गई थी। आरोप में कहा गया था कि 9 नवंबर 2022 को 8:45 बजे वह आजाद चौधरी के साथ हर्ल कंपनी से लौट रहा था.भाटडीह मोड मोहन बाजार के पास भीड़ देख वह रुक तो देखा कि निहाल रवानी हाथ में कट्टा लहराते हुए भीड़ इकट्ठा कर रहा है. इस समय सफेद रंग की एक क्रेटा कार वहां आकर रुकी उसमें से धीरज सिंह, सोनू पांडे, उपेंद्र पांडे, बाबू कुमार सिंह उर्फ निक्की सिंह, आदित्य शेट्टी उर्फ गोलू सरदार और साथ ही चार मोटरसाइकिल से कुछ लोग मुंह ढक कर आए और मारो-मारो कहने लगे उन लोगों ने चार-पांच चक्र गोली चलाई जिससे वह घायल हो गया उसके कमर में गोली लगी तथा आजाद चौधरी के अलावा एक अन्य व्यक्ति भी घायल हो गया था। घटना के बाद निहाल रवानी फरार हो गया. घायल अमरजीत गोप की अस्पताल में मृत्यु हो गई थी.अनुसंधान के बाद पुलिस नेहाल रवानी तथा अमन रवानी के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया तथा बाद में एन आरोपियों के खिलाफ भी पूरक आरोप पत्र दाखिल किया. आरोपप गठन के बाद लोक अभियोजक समीप प्रकाश द्वारा कुल 19 गवाहों का परीक्षण कराया गया.

# आंधी-बारिश : राहत के साथ आफत

- दो बजे दिन में ही छा गया था अंधेरा
- अचानक 4-5 डिग्री गिरा तापमान, मौसम हो गया खुशगवार
- जगह-जगह गिरे पेड़, बिजली व्यवस्था चरमराई

**संवाददाता । धनबाद**

तमतमाई गर्मी के बाद गुरुवार को हुई जोरदार बारिश ने कोयलांचल को सकून दे दिया. मौसम में यकायक 4-5 डिग्री तापमान में गिरावट दर्ज की गई. लेकिन इस राहत भरी बारिश के साथ आफत भी आई. आंधी और तेज बारिश के कारण कई स्थानों पर पेड़, बिजली के पोल गिर गए और नालों का पानी सड़कों पर आ गया. देर शाम तक कई इलाकों की बिजली पूरी तरह गुल रही।

### दोपहर में छा गया अंधकार

मौसम के पूर्वानुमान के मुताबिक गुरुवार को दोपहर होते ही आसमान में बादल छाने लगे. दो बजते ही पूरे आसमान पर पूरी तरह से बादल छा गए और दोपहर में ही अंधेरा हो गया. वाहनों के लाइट तक जलाने पड़ गए. मौसम का ऐसा नजारा देखते ही लोग समझ गए थे कि बारिश काफी जोरदार होने वाली है. इस कारण लोग बिना वक्त गंवाए सुरक्षित स्थानों तक पहुंच गए. लगभग दो घंटे तक बारिश हुई है।

### बारिश का कहर



### दोपहर में छा गया अंधकार



शहर के शक्ति मंदिर के समीप दोपहर को तेज बारिश व आंधी के बीच जोड़ाफाटक रोड में विशाल पेड़ गिर गया. पेड़ गिरने से दो वाहन चपेट में आ गए. एक बोलेरो और आई टेन क्षतिग्रस्त हो गई है. इस हादसे में एक व्यक्ति घायल हुआ है. बताया जा तरह है कि घायल व्यक्ति पिंटू कुमार गिरिडीह जिला से मरीज का इलाज कराने परिजनों के साथ धनबाद आए हुए थे. आई टेन में सवार सभी लोग सुरक्षित बताए जा रहे है. पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया है, फिर स्थानीय लोगों ने पेड़ को सड़क से उठाने के लिए काफी मशक्कत की।

### चौक-चौराहों पर जल जमाव

बारिश के बाद शहर के कई चौक-चौराहों पर जल जमाव हो गया. शहर के गया पुल व पूजा टॉकिज के पास वाहनों करे आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ा. झरिया के कतरास मोड़, विकास भवन के समीप, फूसबंगला, रानी तालाब के निकट आदि स्थानों पर जल जमाव देखने को मिला. वहीं शहर के अंदरुनी इलाको में और भी दिक्कतें पेश आई.

### अस्पताल में घुसा पानी

जोरदार बारिश के कारण एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भी पानी प्रवेश कर गया। यहां के नीचे तल्ले में पानी प्रवेश करने के मरीजों के साथ-साथ आने जाने वालों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि अस्पताल कर्मी पानी को अस्पताल परिसर से बाहर निकलाने में जुट गए थे। लेकिन सबसे खतरनाक बात ये कि बारिश का पानी पूरे अस्पताल को बिजली संचालित करने वाले कमरे में भी पहुंच गई थी। यहां आग लगने के साथ-साथ बिजली की चपेट में आने का खतरा भी बना हुआ है.

## डीआरडीए डायरेक्टर ने किया बूथों का निरीक्षण



मतदान केंद्र का निरीक्षण करते डीआरडीए के डायरेक्टर.

**संवाददाता । कतरास**

- दागी,असामाजिक तत्वों की सूची बनाने का भी निर्देश दिया

कतरास। लोकसभा चुनाव के लेकर गुरुवार को डीआरडीए के डायरेक्टर राजीव रंजन ने महावीर अंगारपथरा स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भवनों की सुरक्षा का अवलोकन कर पानी, बिजली, शौचालय सहित भवन के घेराबंदी का जायजा लिया। अधीनस्थ अधिकारियों को कहा कि चारों बूथों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने और किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो इस दिशा में ध्यान देना है। मतदान अधिक से अधिक हो, जिसको लेकर अभियान तेज रखे और मतदाताओं तक समय पर पर्ची पहुंचवाने का काम करें। अगर किसी तरह की परेशानी हो या कोई आशंका प्रतीत हो तो इसकी सूचना तुरंत उच्च अधिकारियों को दें। इसके अलावा अंगारपथरा ओपी प्रभारी विकास दास विधाता को इलाके के दागी और असामाजिक तत्वों की सूची बनाने का भी निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ डॉ सुषमा आनंद, सीओ रवि भूषण प्रसाद, ओपी प्रभारी वीडी विधाता, सुपरवाइजर मंजू पांडेय मौजूद थी।

## डॉ. सुकांत ने भाजपा उम्मीदवार एसएस के समर्थन में किया रोड शो

### संदेशखाली में हुए दुष्कर्म को दबाने के लिए टीएमसी कर रही है बहुत प्रयास : सुकांत

**संवाददाता । कुल्टी**



कुल्टी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुकांत मजुमदार गुरुवार सुबह एसएस अहलूवालिया के समर्थन में रोड शो करने बर्नपुर पहुंचे. उन्होंने सड़क के दोनों तरफ खड़े भाजपा समर्थकों और अन्य लोगों का अभिवादन स्वीकार किया. रोड शो के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संदेशखाली में हुए दुष्कर्म को दबाने के लिए टीएमसी बहुत प्रयास कर रही है. उन्होंने कहा कि बीरभूम में पिता की हत्या हुई पुत्र ने साफ कहा कि टीएमसी के अनुब्रत मंडल ने हत्या करवाया लेकिन बाद में पुत्र बयान से पलट गया। यह सब क्या हो रहा है। जनता सब जानती है।

टीएमसी विभिन्न प्रकार से दुष्प्रचार कर रही है। फेक वीडियो वायरल करके बीजेपी को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल में लोग परिवर्तन चाहते हैं। वह समझ गए हैं कि तृणमूल कांग्रेस भ्रष्टाचार में पूरी तरह से डूबी हुई है। उनके नेता मंत्री भ्रष्टाचार के अलावा और कुछ नहीं करना जानते इसलिए उन्होंने मन बना लिया है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में आसनसोल से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी एसएस अहलूवालिया को ही जीत दिलवाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि संदेशखाली को लेकर जिस तरह के फर्जी वीडियो जारी किए जा रहे हैं उससे यह साबित होता है कि तृणमूल कांग्रेस इस घटना को लेकर कितना डर गई है। डॉ. सुकांत मजूमदार ने कहा कि राज्यपाल द्वारा राजभवन के अंदर के सीसीटीवी फुटेज लोगों के लिए जारी करने से अब लोगों को असलियत का पता चलेगा और टीएमसी के झूठ का पर्दाफाश हो जाएगा. उन्होंने कहा कि अब लोगों को यह बात समझ में आ गई है कि टीएमसी का मतलब ही चोर है और यह बात अब बीजेपी नहीं सुप्रीम कोर्ट कह रहा है। उन्होंने शिक्षक नियुक्ति घोटाले को संस्थागत घोटाला करार दिया । यानी इसमें पूरी संस्था और पश्चिम बंगाल राज्य सरकार मुख्यमंत्री सहित पूरा कैबिनेट जुड़ा हुआ है.

## न्यूज अपडेट

### समस्याओं को लेकर परियोजना पदाधिकारी ने ग्रामीणों से की वार्ता, पानी की समस्या पर हुई चर्चा



ग्रामीणों के साथ वार्ता करते परियोजना पदाधिकारी

**कतरास।** पानी समेत कई समस्याओं को लेकर गुरुवार को तेतुलमुडी डिनोबली बस्ती के ग्रामीणों से मोदीडीह कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी ने वार्ता की. इस दौरान मुख्य रूप से पानी की विकट समस्या पर विशेष रूप से चर्चा की गई. परियोजना पदाधिकारी ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि तत्काल प्रतिदिन टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाएगी और चुनाव के बाद पाइपलाइन के माध्यम से ग्रामीणो के आवासों तक पानी पहुंचाई जाएगी. वहीं ग्रामीणों द्वारा 18 एकड़ विवादित भूमि पर न्यायालय से बाहर समाधान ढूंढने पर विचार करने को कहा गया. जिस पर परियोजना पदाधिकारी ने उच्च अधिकारियों से बैठक कर सकारात्मक पहल करने की बात कही. साथ ही पौराणिक मंदिर के विस्थापन पर भी परियोजना पदाधिकारी ने बताया की बिना ग्रामीणों के सहमति या बातचीत किए बगैर प्रबंधन द्वारा कोई कार्य नही किया जाएगा. वार्ता में सर्ववेयर अभय कुमार, विष्णु महतो, गौतम महतो, अजय महतो, दिनेश पासवान, सुधीर महतो, मनीष महतो, मोनू महतो, सोहेल खान, सलीम खान, सुजल कुमार, दिनेश हरि आदि मौजूद थे.

### अनुपमा को मिल रहा अपार जन समर्थन: संतोष

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई. जिसमे बूथ कमिटी से लेकर प्रत्याशी के प्रचार प्रसार से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई. मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि धनबाद लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह का क्षेत्र में लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है. धनबाद की जनता इस बार भय और आतंक के खात्मा को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का मन बनाया है। निश्चित रूप से धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को भारी संख्या में वोट देकर ऐतिहासिक जीत दिलाने का काम करेगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जात की नहीं जमात की राजनीति करती हैं। कांग्रेस पार्टी सभी जाति एवं सभी धर्म के लोगों को प्रेम भाईचारा और सद्भावना के साथ एक सूत्र में बांधने पर विश्वास करती है. कांग्रेस पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास जगा हैं. बॉक्स भाजपा ने उसे उम्मीदवार बनाया जिसपर चार दर्जन से अधिक मामले दर्जसंतोष सिंह ने कहा कि भाजपा की चाल-चेहरा और चरित्र को लोग समझ चुके है.

### झामुमो प्रत्याशी मथुरा ने चंद्रप्रकाश चौधरी पर साधा निशाना

## लापता सांसद से जनता सावधान रहे : मथुरा महतो

**संवाददाता । कतरास**



सभा को संबोधित करते मथुरा प्रसाद.

कतरास। गिरिडीह के एनडीए प्रत्याशी सह निवर्तमान सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी चुनाव जीतकर दिल्ली और रामगढ़ में एश ओ आराम करने में मगन रहे हैं। पांच साल उनका जनता व कार्यकर्ता से कोई सरोकार नहीं रहा। यही कारण है कि उन्हें इस चुनाव में जगह जगह विरोध का सामना करना पड़ रहा है। उनकी पहचान लापता सांसद के रूप में क्षेत्र में होती है। अब जनता को उनसे सतर्क रहने की आवश्यकता है उक्त बातें गुरुवार को आकाश किनारी बस्ती में इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित सभा को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने कही. उन्होंने कहा कि जाती धर्म मंदिर मस्जिद के नाम पर मोदी सरकार ने देश की जनता को सिर्फ और सिर्फ गुमराह करने का काम किया आज देश में मंहगाई बेरोजगारी चरम सीमा पर है पढ़े लिखे बेरोजगार युवक मजबूर होकर आत्महत्या कर रहे हैं देश के किसान सड़कों पर आ गए हैं इसलिए इस तानाशाह मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने की आवश्यकता है. इधर राजद प्रखंड अध्यक्ष रोहित यादव ने गाजा बाजा के साथ तेतुलिया, आकाश किनारी में जनसंपर्क अभियान चलाकर महा गठबंधन प्रत्याशी मथुरा महतो को विजयी बनाने की अपील लोगों से की। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोहित यादव ने व संचालन जियाउल हक ने किया। मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी, रतिलाल टुडू, हीरा यादव, बबलू यादव, राजेश यादव, ओंकार यादव, मो नईम, सोनू कुमार आदि थे.

### मतदान सामग्री कोषांग का निरीक्षण

**धनबाद ।** धनबाद लोकसभा निर्वाचन के सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची द्वारा लोकसभा चुनाव के निमित्त गुरुवार को गोल्फ ग्राउंड के समीप विवाह भवन में स्थित मतदान सामग्री कोषांग का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची ने चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मतदान दल को दी जाने वाली सामग्रियों की जांच की. उन्होंने विधानसभावार निर्मित पैकेट की भी जांच की. मतदान सामग्री कोषांग के कार्यों से सामान्य प्रेक्षक संतोष व्यक्त करते हुए मतदान सामग्री कोषांग के पदाधिकारी को निर्देश दिया कि ससमय कार्यों का संपादन करते हुए निर्धारित समय सीमा में मतदान दल को सामग्री उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे.मौके पर सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, ऑफिस असिस्टेंट डीआरडीए संतोष कुमार गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें.

## पुलिस ने 72 बोतल बीयर के साथ युवक को दबोचा

### चुनाव को लेकर पुलिस की दबिश जारी



**संवाददाता । निरसा**

**निरसा।** कालूबथान पुलिस ने जांच के दौरान गुरूवार को मोटरसाइकिल पर लदा 72 बोतल बीयर को जब्त की है. निरसा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेश पर लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार सभी ओपी क्षेत्र में जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कालूबथान पुलिस ने कलियासोल चौक के पास जांच में मोटरसाइकिल में ले जा रहे बीयर को जब्त की है। पकड़े गए सभी बियर पश्चिम बंगाल के है। 28 वर्षीय सेमल मंडल नामक युवक को पकड़ा गया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। मौके पर कालूबथान ओपी प्रभारी राजीव प्रकाश अपने दलबल के साथ रहे। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

### ढुल्लू ने किया दौरा

**गोविंदपुर ।** भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने गोविंदपुर प्रखंड के विभिन्न गांव का दौरा करते हुए गुरुवार को कहा कि भाजपा के पक्ष में मतदान कर नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाएं और उन्हें सेवा का मौका दें . उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में भाजपा जैसा सशक्त संगठन किसी दल के पास नहीं है और इस चुनाव में भाजपा कार्यकर्ता और भाजपा की विभिन्न इकाइयां दिन रात मेहनत कर रही है . महतो ने कहा कि धनबाद में भाजपा की जीत तय है. समाज के सभी वर्गों का अपार समर्थन भाजपा को मिल रहा है. उन्होंने ग्रामीणों से भाजपा के पक्ष में मतदान कर विरोधी दलों को जवाब देने की अपील की. इस मौके पर भाजपा नेत्री तारा देवी, जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, धर्मजीत सिंह, बलदेव महतो, मोहन कुंभकार, ओमप्रकाश बजाज, सुभाष गिरि, बलराम साव, मुखिया गोविंद साव, दिनेश मंडल, जहीर अंसारी, शकुंतला मिश्रा, सुमिता दास, विक्रांत उपाध्याय, नितेश गोप, राजकिशोर गोप, नयन मिश्रा, राजू गोप, संजय कुमार आदि मौजूद थे.

## बूथ नंबर 225 और 226 डीएवी हाई स्कूल में शिफ्ट

### सामान्य प्रेक्षक ने अधिकारियों संग की बैठक

**संवाददाता । धनबाद**

**धनबाद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रुप से संपन्न कराने के निमित समाहरणालय, धनबाद के सभागार में सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची की अध्यक्षता में बूथ स्थानांतरण से संबंधित बैठक की गई. इस दौरान लोकसभा आम निर्वाचन के निमित्त झरिया विधानसभा के दो मतदान केंद्रों (बूथ नंबर 225 एवं 226), को स्थानांतरित करते हुए 300 मीटर की दूरी पर स्थित डीएवी हाई स्कूल में करने का प्रस्ताव रखा गया. जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के साथ बूथ भ्रमण के दौरान यह पाया गया था कि बूथ से 100 मीटर की दूरी पर अग्नि प्रभावित एवं भू धसान क्षेत्र है, जिसको देखते हुए बूथ स्थानांतरण का प्रस्ताव रखा गया. बूथ नंबर 225 एवं 226 को दोबारी पंचायत भवन से स्थानांतरित करते हुए प्रस्तावित




मतदान केंद्र डीएवी हाई स्कूल में करने के प्रस्ताव पर निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों एवं राजनीतिक पार्टियों ने सहमति जताई. मौके पर सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची, जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा, एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला समेत धनबाद लोकसभा निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थी मौजूद रहें।

## ब्रीफ खबरें

### जमखोखरो में अवैध बोल्डर लदा हाइवा जब्त

**जमुआ (गिरिडीह)।** हिरोडीह थाना क्षेत्र के कोडरमा जमुआ मुख्य मार्ग जमखोखरो में अवैध बोल्डर लदा हाइवा जब्त किया गया है. गुरुवार को जमुआ अंचलाधिकारी के नेतृत्व में हीरोडीह थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार अग्रवाल व पुलिस बल ने अवैध बोल्डर लदा हाइवा जिसमें लगभग 500 घन फुट बोल्डर लदा है जब्त कर लिया. हालांकि चालक ने 400 सीएफटी का पेपर दिया.जमुआ अंचलाधिकारी संजय पाण्डेय ने जिला खनन पदाधिकारी को कार्रवाई के लिए प्रेषित किया है.

### दुष्कर्म के आरोपी युवक को तीस वर्ष की सजा

**गोड्डा।** नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना में न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए आरोपी युवक को दोषी करार देकर 30 वर्ष का सश्रम कारावास और दो लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है. मामला जिला के राजाभिट्ठा थाना अंतर्गत ग्राम कुशविल्ला का है. पीड़िता के साथ दुष्कर्म किए जाने की शिकायत के बाद राजाभिट्ठा थाना में पॉस्को एवं भादवि की धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपी युवक मनौब्बर अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. बाद में कांड के अनुसंधानकर्ता द्वारा आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया.

### शराब बरामद, होटल संचालक गिरफ्तार

**पौडेयाहाट।** गोड्डा जिला के पौडेयाहाट थाना क्षेत्र की सीमा से लगनेवाली बिहार बॉर्डर पर स्थित झारखंड लाइन होटल में छापामारी कर पुलिस ने शराब की 75 बोतलें बरामद की है. हंसडीहा भागलपुर मुख्य सड़क पर ग्राम कमराडोल के लाइन होटल में बीते रात की गई छापेमारी के दौरान ये सामान बरामद किए गए. पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की.होटल संचालक ज्ञान यादव को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है.

### भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**बिरनी/गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड क्षेत्र के पलोंजीया बाजार में गुरुवार को भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन भाजपा नेता देवनाथ राणा ने फीता काटकर किया.मौके पर भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विचार रखे और कहा कि आगामी 14 मई को पेशम में होने वाली पीएम नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा को सफल बनाने के लिए सभी लोग अपने अपने क्षेत्रों में लग जाय और पीएम के कार्यक्रम को सफल बनावे.साथ ही सभी बूथ पर बढ़त बनाने पर भी चर्चा की गई.इस अवसर पर मुख्य रूप से देवनाथ राणा, राजदेव साव, सूरज मोदी, लक्ष्मण दास, तुलसी यादव, अशोक गुप्ता मौजूद थे.

### नव विकसित ग्रीन ओएसिस गार्डेन का किया उद्घाटन

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के मनषा सिंह गेट के समीप टी मोड़ पर सीईडी विभाग द्वारा विकसित 'द ग्रीन ओएसिस गार्डेन'' का उद्घाटन संयंत्र के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी द्वारा किया गया. श्री तिवारी ने उद्यान के उद्घाटन के साथ-साथ यहां एक स्मृति पौधा भी लगाया. इस मौके पर अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन), अतिरिक्त प्रभार अधिशासी निदेशक (संकार्य) राजन प्रसाद तथा विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित थे.

---

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ने बलैडीह रेलवे ओवरब्रिज मैदान में जनसभा की

# जनता के अरमानों पर खरा नहीं उतर सकीं सांसद : बिनोद सिंह

संवाददाता। जमुआ (गिरिडीह )



**खास बातें**

- सौ सांसदों में भी कोडरमा के सांसद का स्थान नहीं
- संसद गया तो मुखर होकर क्षेत्र की आवाज उठाऊंगा

देश के सौ सांसदों में भी कोडरमा के सांसद का स्थान नहीं है.जनमुद्दों को उठाने में सांसद फिसड्डी रही हैं और आम आवाम से कटी रही.उक्त बातें इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बिनोद सिंह ने गुरुवार को बलैडीह रेलवे ओवरब्रिज मैदान में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कही.उन्होंने कहा कि सांसद प्रतिनिधि बनाने में भी पारदर्शिता नहीं बरती गई.जो आज जनता के बीच जा भी नहीं पाते वैसे लोग प्रतिनिधि बन जाते हैं. बिनोद सिंह ने कहा यदि जनता इस बार उन्हें संसद में भेजती है तो जन सवालों पर मुखर रहकर इस क्षेत्र की आवाज को देशभर में दबने नहीं दूंगा.

**गरीब गुरबों की आवाज को बुलंदी देंगे :** विनोद सिंह ने कहा कि गरीब गुरबों की आवाज को बुलंदी देंगे. हम लड़ेंगे आपके लिए.हम काम करेंगे आपके लिए.जनसभा में इंटक के प्रदेश महासचिव राजकिशोर सिंह,कांग्रेस नेत्री मंजू कुमारी, आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रोजन मियां, भाकपा माले के अशोक पासवान,विजय पान्डेय,कांग्रेस के राजकुमार राय, अशोक राय, मीना दास,महेश यादव,जे एम एम के प्रखण्ड अध्यक्ष चीना खान,उप प्रमुख रब्बुल हसन रब्बानी,पालमो के पंसस लक्ष्मण यादव,रामजी यादव,रविन्द्र सिंह,अमित सिंह,तैयब अंसारी,गफूर अंसारी, अजय दुबे सहित कई लोग मौजूद थे.

मंच संचालन आम आदमी पार्टी के आशीष कुमार ने किया.बिनोद सिंह ने खरियोडीह, फतहा, रैयोंडीह, केंदुआ, लताकी सहित विभिन्न गांवों का दौरा किया.

---

# पाकुड़ में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने थामा झामुमो का दमन



संवाददाता। पाकुड़

पाकुड़ सदर प्रखंड के नसीपुर पंचायत के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद सह झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा के समक्ष झामुमो में योगदान किया. सांसद विजय हांसदा के द्वारा सभी को झारखंड मुक्ति मोर्चा का पटटा पहनकर पार्टी में स्वागत किया गया. सभी कार्यकर्ता खुश थे. योगदान करने वालों में अजय मुर्मू ,दिलीप मुर्मू, मिसतरी मरांडी, शोमेय टूडू, सोम सोरेन ,माला, मदन मरांडी, रगदा हांसदा, संजय कर्मकार, शामियल, किस्कू वकील, मरांडी, राजेश सोरेन सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए. इन सभी कार्यकर्ताओं के शामिल होने से पंचायत में झामुमो मजबूत होगा.

---

अपने संवैधानिक अधिकार को पाने के लिए 74 वर्षो से संघर्षरत

# नाराज कुड़मी समाज ने भाजपा को दी चेतावनी

संवाददाता। डुमरी



कुड़मी समाज भाजपा से काफी नाराज है. समाज का कहना है कि लोकसभा चुनाव में इसका परिणाम नजर आएगा. कुड़मी विकास मोर्चा डुमरी इकाई की बैठक गुरूवार को पटेल नगर जामतारा में की गयी. जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष बासुदेव महतो व संचालन केंद्रीय संरक्षक महावीर महतो ने किया. बैठक में कुड़मी समाज की राजनीतिक सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति पर विचार विमर्श किया गया.वक्ताओं ने कहा कि कुड़मी समाज अपने संवैधानिक अधिकार को पाने के लिए बीते 74 वर्षो से संघर्षरत हैं पर आज तक किसी राजनीतिक दल ने कुड़मी को संवैधानिक अधिकार दिलाने के पक्ष में खुलकर समर्थन नहीं किया है. इससे झारखंड की 24 फीसदी आबादी वाला कुडमी जनजाति भाजपा से नाराज है.

**2004 के प्रस्ताव को ही नकार दिया :** हालांकि वर्ष 2004 में झारखंड के तत्कालीन एनडीए सरकार के मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा कुड़मियों को अनुसुचित जनजाति के सूची में सुचीबद्ध करने के लिए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजा था, लेकिन जैसे ही वह जनजातीय मामलों के केन्द्रीय मंत्री बने वैसे ही उन्होंने अपने द्वारा भेजे गये 2004 के प्रस्ताव को ही नकार दिया,कुड़मी समाज द्वारा पूछे जाने पर उन्होंने जवाब दिया कि केन्द्र के पास टोटेमिक कुड़मी/कुरमी महतो जनजाति को अनुसुचित जन जाति की सूची में सूचीबद्ध करने के लिए किसी भी प्रकार का मामला लंबित नहीं है.

**खास बातें**

- इस बार लोकसभा चुनाव में परिणाम देखने को मिलेगा
- केन्द्रीय मंत्री बनते अपने वादे से मुकर गए अर्जुन मुंडा

**कुड़मी समाज आक्रोशित और आहत**

कोई मामला लंबित नहीं है, अर्जुन मुंडा के इस बयान से कुड़मी समाज आक्रोशित और आहत है और जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा के इस बयान के कारण झारखंड के कुड़मियों में गुस्सा है. जिसका परिणाम इस लोकसभा चुनाव में दिखेगा. कुड़मी समाज के द्वारा केन्द्र सरकार को ध्यानाकर्षण के लिए संसद भवन हुडका जाम,रेल टेका डहर छेका , बिनोद धाम बलियापुर धनबाद से राजभवन रांची तक पदयात्रा,मोरहाबादी मैदान में कुड़मी हुंकार महारैली की गई, लेकिन अभी तक किसी प्रकार का केन्द्र सरकार द्वारा कदम नहीं उठाया गया. . बैठक में कुवियुमो केंद्रीय अध्यक्ष थानेश्वर महतो, केंद्रीय महासचिव रामचंद्र महतो, सदस्य काशीनाथ महतो,ताराचन्द महतो, जिलाध्यक्ष जितेन्द्र प्रसाद महतो, जिला उपाध्यक्ष नीलकंठ महतो, प्रखण्ड सचिव टीपनारायण महतो उपस्थित थे.

---

# भाजपा, आजसू, जदयू , लोजपा के नेता व समर्थक दिखाएंगे एकजुटता

## निशिकांत दुबे के नामांकन में शामिल होंगे आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो

संवाददाता। गोड्डा



एनडीए गठबंधन के गोड्डा सीट से प्रत्याशी निशिकांत दुबे के नामांकन में शामिल होने के लिए शुक्रवार को आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो गोड्डा पहुंच रहे हैं. आजसू पार्टी के गोड्डा लोकसभा सह प्रभारी व केंद्रीय सचिव संजीव कुमार महतो ने बताया कि आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो के गोड्डा आगमन पर पार्टी कार्यकर्ता द्वारा जोरदार स्वागत किया जाएगा. आजसू अध्यक्ष एनडीए के प्रत्याशी निशिकांत दुबे के आग्रह पर नामांकन में शामिल होना स्वीकार किया है और वह आ रहे हैं.

**मिशन 14 का लक्ष्य निर्धारित :** मोदी जी के मिशन 400 के समर्थन में आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने झारखंड के सभी सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिए मिशन 14 का लक्ष्य निर्धारित किया है. एनडीए के सभी दल एकत्रित होकर राष्ट्रहित में मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए पूरे देश में कम-से-कम 400 लोकसभा सीट पर विजय पताका लहरायेंगे. विपक्षी गठबंधन के पास न नेता हैं न नीति. ये वगैर दुल्हा के बाराती हैं. नामांकन में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन समेत एनडीए के कई नेता और स्थानीय विधायक, पूर्व विधायक, पंचायत के प्रतिनिधि और नेता समर्थक भी आमंत्रित हैं. आगंतुकों की सुविधा अनुसार सारे इंतजाम किये गये हैं. सभी अनुशासित तरीके से चुनाव आयोग के निर्देशानुसार नामांकन कार्यक्रम में शामिल होंगे.

### हफीजुल ने कल्पना सोरेन को जिताने की अपील की

**गांडेय,गिरिडीह।** गांडेय विस उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना को जिताने के लिए गांडेय विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के कई नेता और मंत्री लागतार मेहनत कर रहे हैं. गुरुवार को सूबे के खेल मंत्री हफीजुल हसन ने प्रखंड के बडगुंडा, कुडलवादाह पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया. इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकना का समय आ गया है. झारखंड के हक के लिए राज्य में झामुमो को वोट देकर कल्पना सोरेन को जीतने का काम करें.साथ में मौजूद राज्य सभा सांसद सरफराज अहमद ने लोगों से मिलकर झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन को जिताने की अपील की.

# ताला का आज नामांकन सैकड़ों महिलाएं भाग लेंगी



संवाददाता। पाकुड़

राजमहल से भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी 10 मई को लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन दाखिल करेंगे. इस दौरान आशीर्वाद यात्रा निकाली जाएगी. जिसमें पाकुड़ नगर के सैकड़ों महिला एवं युवा कार्यकर्ता भाग लेंगे. 10 इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी पाकुड़ नगर के अध्यक्ष पंकज साह के द्वारा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष रतन भगत एवं महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष सविता रविदास के अध्यक्षता में क्रमशः भाजपा नगर युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा के साथ अलग-अलग स्थानों पर बैठकें कर इसकी तैयारी पूरी करेंगे. बैठक में भाजपा महिला मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष साबरी पाल, प्राची चौधरी, पार्वती देवी, निधि गुप्ता, क्रांति शर्मा, सुमित भास्कर, श्रीकांत भोइमली उपस्थित थे.

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गिरिडीह जिला के बिरनी में आगमन

# उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया, दिए दिशा-निर्देश

संवाददाता। गिरिडीह



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गिरिडीह जिले के बिरनी में आगमन को लेकर गुरुवार को उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के द्वारा बिरनी प्रखंड के पेशम में सुरक्षा व्यवस्था व अन्य तैयारियों का निरीक्षण किया. साथ ही कई बिंदुओं पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. इस दौरान उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी से कार्यक्रम स्थल समेत अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की. साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी/अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बीडीओ तथा थाना प्रभारी के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली. इस दौरान पुलिस अधीक्षक के द्वारा सभी संबंधितों को सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

**गिरिडीह में मतदान 25 मई को**

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के तहत कोडरमा लोकसभा का मतदान 20 मई तथा गिरिडीह में मतदान 25 मई को होना है. इसके साथ ही गांडेय विधानसभा उप चुनाव की मतदान तिथि 20 मई है. इसी के निमित्त सभी आवश्यक तैयारियां को सुदृढ़ किया गया है. ताकि अधिकाधिक संख्या में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया जा सके.

### बच्चो, अभिभावकों ने मतदान का संकल्प लिया

**जमुआ (गिरिडीह)।** हीरोडीह थाना क्षेत्र के कई स्कूलों में गुरुवार को जमुआ के सीओ संजय पांडेय और हीरोडीह के थाना प्रभारी धर्मेंद्र अग्रवाल ने लोकसभा चुनाव में वोटरों की संख्या बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया.अभियान में विद्यालय के बच्चों,शिक्षकों व अभिभावकों ने भाग लिया. हाथ उठाकर सब ने संकल्प किया कि अधिक से अधिक मतदाताओं को प्रेरित कर चुनाव में मतदान की प्रतिशत को आगे बढ़ाएंगे. उच्च विद्यालय भंडारों,मध्य विद्यालय चिकनाडीह एवं मध्य विद्यालय किसगो के सैकड़ों स्कूली बच्चों के साथ साथ शिक्षकों एवं अभिभावकों ने जागरूकता अभियान और प्रतिज्ञा कार्यक्रम में हिस्सा लिया.मौके पर जमुआ के सीओ संजय पांडेय ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान सबसे बड़ा कार्य और दान है.इसे हर नागरिक महत्वपूर्ण समझें .हीरोडीह थाना प्रभारी धर्मेंद्र अग्रवाल ने जागरूकता अभियान में कहा हर नागरिक का कर्तव्य है कि वोट दें.

---

# गिरिडीह : चुनाव मैदान में 16 प्रत्याशी शेष, चुनाव चिह्न आवंटित

- निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष दो उम्मीदवारों ने लिया नामांकन वापस

संवाददाता। बोकारो



गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से नाम वापसी के अंतिम दिन गुरुवार को दो प्रत्याशियों उषा देवी एवं पूजा कुमारी ने अपना नाम वापस लिया. अब कुल 16 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं. सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न का भी आवंटन कर दिया गया. चुनावी मैदान में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्यीय राजनैतिक दलों के तीन प्रत्याशी के अलावा छह रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दलों के प्रत्याशी और सात निर्दलीय प्रत्याशी हैं. यह बातें गुरुवार को गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव ने कहीं. उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों की संख्या 16 होने के कारण सभी केंद्रों पर अतिरिक्त एक बैलेट यूनिट (बीयू) लगाया जाएगा. इसके लिए बीयू का सप्लीमेंटरी रेंडमाइजेशन भी होगा. वहीं, मतदान कर्मियों (पीठासीन पदाधिकारी, पी वन, पी टू एवं पी थ्री) के लिए दूसरा रेंडमाइजेशन कार्य भी पूरा कर लिया गया है. जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिले में कुल मतदाता 18,01,845 है. इसके अतिरिक्त 57,564 नये मतदाताओं को जोड़ा गया है. स्वतंत्र, भयमुक्त एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए विशेष तौर पर फुलप्रूफ व्यवस्था की गई है. चुनाव आयोग से मिले दिशा निर्देश के मुताबिक तैयारी की जा रही हैं.

**केंद्रों पर वेबकास्टिंग होगी :** मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए संबंधित पदाधिकारी को पहले ही निर्देशित किया गया है. जिले के सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग होगी, इसके लिए आगामी 23 मई को ड्राई रन भी किया जाएगा. जिले में सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक का आगमन हो गया है, पूरी चुनाव प्रक्रिया की उनके द्वारा निगरानी की जा रही है. सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, अभ्यर्थी, आम मतदाता प्रेक्षक के समक्ष अपनी बात रख सकते हैं.

---

**साहिबगंज** मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी में थाना प्रभारियों को दिया दिशानिर्देश

# अपराध नियंत्रण के लिए सतर्क रहने की जरूरत : एसपी

संवाददाता। साहिबगंज



पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सीसीटीएनएस कक्ष में गुरुवार को मासिक अपराध नियत्रंण गोष्ठी हुई. इसकी अध्यक्षता पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने की. अपराध गोष्ठी में पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने सभी थाना प्रभारियों को संबोधित करते हुए अपराध नियंत्रण गोष्टी सम्बंधी टिप्स दिए. साथ ही उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस को पूरी तरह सतर्क रहने की जरूरत है. किसी भी हाल में कोताही नहीं बरतें. साथ ही नशा उत्पादों पर रोक लगाने, मोटरसाइकिल की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने का विशेष निर्देश दिया.

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि रात्रि गश्ती पर विशेष फ़ोकस करें. गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करें. चौक, चैराहों व सन्नाटों में बेवजह खड़े लोगों से पूछताछ करें. हर गली मोहल्लों में पेट्रोलिंग करें. चोरी की घटना में संलिप्त पूर्व में रहे लोगों का डाटा तैयार कर उस पर विशेष नजर बनाए रखें. उन्होंने सभी थाना में लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया.

**पैनी नजर रखने की बात कही**

पुलिस कप्तान ने लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने, सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने, अवैध लॉटरी, जुआ के अड्डे व गांजे जैसे अवैध पत्थर, खनन कारोबार बालू, पर नकल कसने का भी निर्देश दिया. उन्होंने जेल से छूटने वाले लोगों को चिह्नित कर उन पर पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया. इस मौके पर सदर मुख्यालय एसडीपीओ किशोर तिर्की, बरहरवा एसडीपीओ, राजमहल एसडीपीओ,सदर इंस्पेक्टर राजीव रंजन,नगर प्रभाग इंस्पेक्टर, पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, जिरवाबाडी ओपी प्रभारी अनीश कुमार पांडे, मुफ्फसिल थाना प्रभारी शशि सिंह, मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रोहित कुमार,रांगा थाना प्रभारी अरुण कुमार सिंह,बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह,बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार,बोरियो थाना प्रभारी सहित जिले के अन्य थाना प्रभारी मौजूद थे.

### कृष्ण मुरारी और नरेश वर्मा को मिली जमानत

**गिरिडीह ।** मोदी सरकार के तीन कृषि कानून के खिलाफ गिरिडीह में हुए किसान आंदोलन को लेकर मुकदमें में कांग्रेस नेता नरेश वर्मा और आप नेता कृष्ण मुरारी शर्मा को गुरूवार को गिरिडीह व्यवहार न्यायालय के सीजेएम कोर्ट से बेल मिल गया. अधिवक्ता मीता ठाकुर ने दोनों नेताओं की कोर्ट में पैरवी की. मालूम हो कि संयुक्त किसान संगठन के बैनर तले देश भर में तीन कृषि कानून के खिलाफ आंदोलन आहूत किया गया था, जिसके तहत 26 सितंबर 2021 को गिरिडीह में तीनों कृषि कानून को रद्द करने की मांग को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, भाकपा माले और आम आदमी पार्टी के नेताओं के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाला गया था.

# एक अभ्यर्थी ने भरा पर्चा, तीन ने नामांकन प्रपत्र खरीदा

संवाददात। गोड्डा



गोड्डा लोकसभा सीट के लिए नामांकन दाखिल करने के तीसरे दिन एक प्रत्याशी ने अपना पर्चा दाखिल किया. जबकि तीन अन्य ने नामांकन प्रपत्र खरीदा. गुरुवार दोपहर बाद रामेश्वर मंडल, पिता-चुल्हाय मंडल सकरीगली रामपुर, साहिबगंज ने पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के टिकट पर अपना पर्चा निर्वाची पदाधिकारी गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र जिशान कमर के समक्ष दाखिल किया. गोड्डा लोकसभा संसदीय क्षेत्र की अधिसूचना जारी होने के तीसरे दिन गुरुवार को नाम निर्देशन के लिए तीन लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा.

नामांकन पत्र खरीदने वालों में सूरज कुमार अमन, पिता- स्व. मुरली पंडित, ग्राम पो.- रौधिया, थाना- सरैयाहाट, जिला- दुमका (भागीदारी पार्टी),अरुण मरीक, पिता- कालेश्वर मरीक, ग्राम- कपसिया, पो.-रामडीह, जिला-देवघर एवं कालीपाड़ा मुर्मू, पिता- रामचंद्र मुर्मू,पो०-नावाडीह, जिला- पुरुलिया,पश्चिम बंगाल के नाम शामिल है. गोड्डा लोकसभा संसदीय क्षेत्र में अब तक कुल 21 लोगों ने नामांकन प्रपत्र लिया है.

## ब्रीफ खबरें

### मुख्य निर्वाचन पदा. ने किया निरीक्षण

**कोडरमा।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कह कि लोकसभा आम चुनाव में मतदान केंद्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं हैं. मतदान केंद्र पर आने में 85 प्लस आयु वर्ग के असमर्थ मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा मुहैया कराई जा रही है. वहीं मतदान केंद्र तक आने में असमर्थ वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए ऑटो, टोटो की व्यवस्था कराई गई है. उन्होंने मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं को हर हाल में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है.

### कैडेट्स प्रशिक्षण शिविर के लिए हुए रवाना

**हजारीबाग।** संत कोलंबस कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना हुए. इस शिविर में कॉलेज के 65 कैडेट्स ने भाग ले रहे हैं, जिनमें 35 लड़के और 29 लड़कियां शामिल हैं. यह शिविर 9 मई से 18 मई तक नवोदय विद्यालय बोंगा में आयोजित किया जा रहा है. इसमें कैडेट्स को हथियार प्रशिक्षण, योगाभ्यास, दौड़ के अतिरिक्त ड्राइंग, पेंटिग और नाच गाने की गतिविधियां करवाई जाएंगी. मौके पर कंपनी कमांडर ले. डॉ. एसके पांडे, अमन, कुशल, चांदनी, हर्ष, आयुषी आदि कैडेट्स उपस्थित थे.

### 101 वोटरों ने पोस्टल बैलेट से डाला वोट

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव मेंचतुर्थ फेज में मतदान की तिथि 13 मई वाले संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के खूंटी लोकसभा, सिंहभूम लोकसभा, पलामू लोकसभा एवं लोहरदगा लोकसभा के वैसे मतदाता, जो विभिन्न निर्वाचन ड्यूटी में हजारीबाग जिले में पदस्थापित हैं, उनका मतदान पोस्टल बैलेट के माध्यम से प्रमंडलीय प्रशिक्षण संस्थान,जबरा हजारीबाग के मतदाता सुविधा केंद्र में कराया जा रहा है. निर्वाचन ड्यूटी पर रहने वाले मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मत दिए जाने का प्रावधान है. बृहस्पतिवार को 101 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया.

### बाइक पर गिरा पेड़ महिला की हुई मौत

**कोडरमा।** जिले के जयनगर थाना अंतर्गत कटहाडीह पुल के समीप गुरुवार की सुबह मोटरसाइकिल पर पेड़ के गिर जाने से महिला की मौत हो गयी, वहीं पति गम्भीर रूप से घायल हो गया. मृतका की पहचान दुलारी देवी (48) के रूप में हुई. वहीं महिला का पति टेकलाल राम रजक (52) घायल हो गए, जबकि पुत्र को हल्की चोट लगी है. सभी चंदवारा से जयनगर घर जा रहे थे. कटहाडीह के पास अचानक एक पेड़ बाइक पर बैठी महिला के ऊपर गिर गया. महिला और पति गंभीर रूप से घायल हो गए. सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में ही महिला की मौत हो गई.

### बहू से दुष्कर्म करने का आरोपी ससुर गिरफ्तार

**रामगढ़।** रामगढ़ के भदानीनगर ओपी क्षेत्र में रिश्तों को तार-तार करने वाला एक बड़ा मामला प्रकाश में आया है. यहां एक पिता ने अपने बेटे की गैरमौजूदगी में अपनी बहू को ही अपनी हवस का शिकार बनाया है. मिली जानकारी के अनुसार महुआ टोला निवासी निजाम अंसारी (52) वर्ष के दोनों बेटे रोजाना की तरह बुधवार की सुबह काम करने स्थानीय फैक्ट्री में गए हुए थे, जबकि निजाम अंसारी खुद उसी फैक्ट्री में नाइट शिफ्ट करके घर लौटा था. इस दौरान बुधवार की दोपहर बड़े बेटे की पत्नी को अकेले पाकर निजाम ने उनके साथ जोर जबरदस्ती करते हुए दुष्कर्म किया.

### जल संरक्षण के लिए किया गया जागरूक

**विष्णुगढ़।** दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय बनासो में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय जल संरक्षण जागरूकता अभियान आयोजित किया गया है. इस क्रम में गुरुवार को प्रखंड अंतर्गत बनासो पंचायत के नावाटांड़ गांव के ग्रामीणों को जल की उपयोगिता एवं उसके संरक्षण के बावत जागरूक किया गया. मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुर्वेदी मौजूद थे. गांव वालों से मुखातिब होते हुए उन्होंने जल की महत्ता की चर्चा करते हुए कहा कि जल हीं जीवन है और जल है तभी हर चेतन के लिए कल सुरक्षित है.

---

जिलाअध्यक्ष विवेकानंद सिंह का आरोप- जसवंत सिन्हा को भाजपा ने सबकुछ दिया, बावजूद वह कर रहे हैं धोखाधड़ी

# 'भाजपा को छोड़ने वाले कर रहे थे विश्वासघात'

**प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग**



हजारीबाग लोकसभा सीट पर मतदान को अब 9 दिन बचे हैं. ऐसे में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं. कभी भाजपा के कार्यकर्ता इस्तीफा दे रहे हैं तो कभी कांग्रेस के पुराने नेता अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं, इसके कारण प्रत्याशियों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं. उन्हें क्षेत्र में जनसंवाद के साथ ही अपने कार्यकर्ताओं को मनाने की दोहरी भूमिका निभानी पड़ रही है. दरअसल, ऐसे में जीत किसकी होगी यह अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया है.

### क्या कहती है जनता

इस संबंध में सैकड़ों ग्रामीणों का कहना है कि इस्तीफा देने वाले भाजपा नेता स्वार्थ बस काम कर रहे थे. अब जब जयंत सिन्हा को टिकट नहीं मिला तो वह नाराज हो गए और अब वह भाजपा से ही त्यागपत्र दे रहे हैं. ऐसे में इन नेताओं की भाषा समझना बहुत मुश्किल है. जैसे इनको लगा कि मनीष जायसवाल की जीत होने के बाद हमारी दाल नहीं गलेगी तो इन्होंने तुरंत भाजपा से इस्तीफा दिया और दूसरे पक्ष में अपनी पहचान बनाने में जुट गए.

**विश्वास घात करने की थी साजिश :** इस संबंध में रामगढ़ निवासी श्याम देव पांडे ने बताया कि भाजपा से कई लोगों इस्तीफा दिया है. ये लोग खुदगर्जी थे, इन्हें जनता से कोई लेना-देना नहीं था. ये अपनी पहचान बना रहे थे और जैसे ही जयंत सिन्हा को टिकट नहीं मिला तो नाराज हो गए. अब उनकी दाल मनीष जायसवाल के पास नहीं गलती. इसलिए विश्वासघात करने में लग गए. भाजपा के कार्यकर्ताओं को इसकी भनक लगी तो भाजपा को ही छोड़ दिया. वे चाहते थे कि भाजपा में रहकर गठबंधन को चुनाव जीता दें, लेकिन यहां तो एक से एक अनुभवी कार्यकर्ता हैं.

### कौन है स्टार प्रचारक

इस संबंध में सदर विधानसभा के कटकमसांडी, कटकम दाग, मेरु, सिंन्दुर एवं शहर के कई लोगों का कहना है कि भाजपा की तरफ से प्रदीप प्रसाद, जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, स्टार प्रचारक हैं. इनकी एक अलग पहचान है और ये जी-जान से मेहनत कर रहे हैं. वहीं गठबंधन की बात करें तो कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह अपने प्रत्याशी की रीढ का हड्डी माने जा रहे हैं. वह खूब मेहनत कर रहे हैं. लोगों को घर-घर जाकर जयप्रकाश भाई पटेल की उपलब्धियां गिना रहे हैं.

### जसवंत सिन्हा के बहकावे में आ रहे हैं उनके समर्थक : जिलाध्यक्ष

वहीं भाजपा के जिलाअध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने भाजपा कार्यालय में गुरुवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि जसवंत सिन्हा को भाजपा ने बहुत कुछ दिया है. उन्हें विधायक बनाया गया, संयुक्त बिहार झारखंड के विपक्ष का नेता, राष्ट्रीय प्रवक्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, दो बार लोकसभा सांसद, वित्त मंत्री और विदेश मंत्री भी बनाया गया. चुनाव हारने के बाद राज्यसभा का सांसद भी बनाया गया. उसके बावजूद वह भाजपा के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं. उन्होंने एक दर्जन अपने पुराने कार्यकर्ताओं को बहकाकर भाजपा से त्यागपत्र दिलवा दिया है, जो इंडिया गठबंधन का सहयोग कर रहे थे. किसी को शक ना हो इसलिए वे पार्टी में बने हुए थे और पीठ में खंजर भोकने का प्रयास कर रहे थे. वे घर में रहकर भाजपा का ही वोट काटने का प्रयास कर रहे थे. इसकी जैसे ही भनक लगी संगठन ने उन्हें उन्हें दूसरे कार्य में लगाया. उन्होंने यह भी कहा कि जसवंत सिन्हा के कूच व्यक्तिगत सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि रामगढ़ जिला प्रभारी प्रकाश मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि चंद्र भौमिक, सांसद रामगढ़ प्रतिनिधि सुमन कुमार सिंह, सांसद मीडिया प्रभारी अनिल सिंह, प्रदेश महिला मोर्चा कार्य समिति प्रियमबदा और जिला उपाध्यक्ष राकेश सहाय, सांसद प्रतिनिधि विपिन सिंह जैसे लोग पार्टी के हितैषी कम व्यक्ति विशेष के ज्यादा थे. ये लोग जसवंत सिन्हा के दबाव में जानबूझकर माहौल खराब करने का काम रहे हैं. भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता कमल के साथ थे और हैं.

## कार्यकर्ताओं के इस्तीफे से भाजपा में खलबली

**संवाददाता। हजारीबाग**

लोकसभा प्रभारी, लोकसभा संयोजक एवं भाजपा जिला अध्यक्ष की ओर से बृहस्पतिवार को की गई प्रेस वार्ता में यह साफ दिखाई दिया कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के लिए सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है. असंतुष्ट होकर जो कार्यकर्ता भाजपा से इस्तीफा दे रहे हैं उनको ही कटघरे में खड़ा किया जा रहा है. भाजपा से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता इस्तीफा दे रहें हैं, जिनमें प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, पूर्व मंडल एवं जिला के वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हैं. इस्तीफा देने वालों की चट्टानी एकता को देखकर भाजपाइयों में खलबली मची हुई है. किसी कार्यकर्ता ने वापसी का मन नहीं बनाया है, बल्कि इस्तीफा देने वाले अन्य कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा बन गए हैं.

पूर्व भाजपा मीडिया प्रभारी और पार्टी छोड़ चुके अनिल सिन्हा ने उक्त बातें बताते हुए बताया कि आने वाले दिनों में सैकड़ों की संख्या में भाजपा के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता इस्तीफा देने वाले हैं. भाजपा में जिनको मान-सम्मान नहीं मिल रहा है वैसे कार्यकर्ताओं की काफी लंबी लिस्ट है. इस्तीफा देने वाले कार्यकर्ता किसी के दबाव और बहकावे में पार्टी नहीं छोड़ रहे हैं. बेवजह इस प्रकरण में यशवंत सिन्हा का नाम भाजपा के लोगों द्वारा प्रचारित किया जा रहा है. इन लोगों ने आरोप लगाया है कि वह पुत्र मोह में इस तरह का कृत्य कर रहे हैं मगर ऐसा नहीं है. यशवंत सिन्हा पर इल्जाम लगाने वाले पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखें और चिंतन करें. रात के अंधेरे में खुद की पहचान छुपा कर यशवंत सिन्हा का चरण वंदन करते हैं और अपना सहयोग देने का भरोसा भी देते हैं. आज ये लोग यशवंत सिन्हा की औकात की बात करते हैं. पहले अपनी औकात देख लें. उनकी औकात नहीं है कि यशवंत सिन्हा के खिलाफ बोले. अपनी करनी का इल्जाम दूसरे पर थोपना इन भाजपाइयों को बखूबी आता है. आज की प्रेस वार्ता से यह स्पष्ट हो रहा है कि किस तरह इनमें घबराहट हो गई है. ये जान गए हैं कि लोकसभा के चुनाव में इनकी करारी हार होने वाली है. चमचों के बल पर चुनाव नहीं जीता जाता है. अगर समर्पित कार्यकर्ता ही नहीं होंगे तो किसके बल पर चुनाव लड़ेंगे. मेरा सुझाव है कि पहले अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सम्मान के साथ समेटे रखें वरना आने वाले समय में नुकसान उठाने को तैयार रहें. यशवंत सिन्हा ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र को माफिया तत्व से बचाने के लिए अपनी ताकत झोंक रखी है और भाजपा ने इसको लूटने के लिए अपना जोर लगा दिया है. इस बार भाजपा पार.

### खास बातें

- पूर्व मीडिया प्रभारी ने कहा- सैकड़ों भाजपाई देंगे त्यागपत्र
- यशवंत पर इल्जाम लगाने वाले अपने गिरेबां में झांकें

### मनीष को भारी मतों से जिताने का संकल्प

**रामगढ़।** भाजपा कार्यालय घुटुवा में भाजपा के ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय शाह की अध्यक्षता में बूथ सत्यापन बैठक आयोजित की गई. इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संजय शाह ने की, जबकि संचालन संजय लाला ने किया. बैठक में कुल 14 बूथ 327 से 340 तक का सत्यापन भाजपाइयों ने किया. साथ ही साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल को भारी मतों से विजय दिलाने का संकल्प लिया. बैठक में बूथ सत्यापन प्रभारी सह विधायक प्रतिनिधि संजय शाह, विशाल बाल्मिकी, एससी मोर्चा का जिला अध्यक्ष विनोद राम, युवा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर, अनिल पाण्डेय, अजय पाण्डेय, संजय लाला, वरुण कुमार, अजीत गुप्ता, राजकुमार सिंह, छठीलाल प्रसाद, वंसराज, प्रीति श्रीवास्तव, रीति श्रीवास्तव, अमित वर्मा, भगवान सिंह, दसरथ बेदिया, विनोद सोनी, दिलीप दास, प्रताप बेदिया, शिव शंकर सिंह आदि शामिल थे.

---

अवैध रूप से संचालित आरा मशीन पर वन विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

## मशीन सहित भारी मात्रा में पटरा जब्त

**संवाददाता। चौपारण**



प्रखंड के हजारीधमना में अवैध रूप से संचालित आरा मशीन पर वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरा मशीन सहित भारी मात्रा में चिरान पटरा जब्त किया है. इस संबंध में वनरक्षी पंकज कुमार ने बताया कि हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के वन प्रमंडल पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली कि चौपारण के हजारीधमना के बराकर नदी के किनारे चतरा जिले की सीमा पर अवैध रूप से आरा मशीन संचालित की जा रही है. सूचना के आधार पर तुरंत छापेमारी टीम का गठन किया गया. बरही तथा चौपारण के वनकर्मियों की टीम ने अवैध आरा मशीन पर छापा मारा. अवैध लकड़ी एवं मशीन को जब्त कर रेंज कार्यालय चौपारण लाया गया. बताते चलें कि दो जिलों के सीमांकन का लाभ उठाकर अवैध मशीन संचालित की जा रही थी. अभियुक्त के खिलाफ जांच कर कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया की जा रही है. छापेमारी टीम में बरही के प्रभारी वनपाल अमर आनंद, सरस्वती वनरक्षी दीपक यादव, वीरेंद्र कुमार बरकट्ठा के प्रभारी वनपाल आनंद कुमार सिंह, वनरक्षी शिशिर मिंज, चौपारण के प्रभारी वनपाल राहुल कुमार, वनरक्षी पंकज कुमार,अजीत कुमार गंजू एवं अन्य दैनिक कर्मी शामिल थे.

इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई ने बड़कागांव प्रखंड में किया जनसंपर्क

## अब युवाओं को मिलेगा बेहतर जीवन : पटेल

**संवाददाता। हजारीबाग**



हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने गुरुवार को बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र में चुनावी जनसंपर्क किया. इस दौरान उन्होंने जनसभा और डोर टू डोर कैंपेन कर ग्रामीणों से हाथ छाप पर बटन दबाकर कांग्रेस को वोट करने की अपील की. उन्होंने ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी की नीतियों से जनता अब तंग आ चुकी है. नौजवान, किसान, जवान, महिला सभी लोग परेशान हैं. देश में बदलाव की लहर है और हज़ारीबाग़ का राजनीतिक माहौल इसका उदाहरण है. उन्होंने बड़कागांव की सबसे बड़ी समस्या विस्थापन पर बात करते हुए कहा कि जैसे ही केंद्र में कांग्रेस की सरकार आएगी, सर्वप्रथम विस्थापन की नीतियों में सुधार लाया जाएगा. अब बड़कागांव के युवाओं को जेल और लाठी नहीं बल्कि पक्की नौकरी और बेहतर जीवन मिलेगा.

**विधायक अंबा प्रसाद भी पटेल के साथ मौजूद रहीं :** जनसंपर्क के दौरान बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद भी पटेल के साथ मौजूद रहीं. उन्होंने जेपी पटेल के बड़कागांव पहुंचने पर समर्थकों के साथ उनका ज़ोरदार स्वागत किया और क्षेत्र के लोगों से उन्हें वोट देकर भारी मतों से जिताने की अपील की. जनसंपर्क अभियान में झामुमो केंद्रीय सचिव सह मुख्य संयोजक हजारीबाग संजीव बेदिया, संजय सिंह, विशेश्वर चौबे, झमन, राजेश गुप्ता, पदम साव, संजय भुईयां, हेमंत भुइयां, सरोज मेहता, प्रभू भुईयां, नंदकिशोर भुईयां, इंदरदेव राम, मोती भुइयां, सोमर भुईयां, संजय सिंह, हाजी तबस्सुम, सुरेश महतो, दीपक करमाली, जमाल सगीर, पंकज गुप्ता, झमन महतो, चन्दर साव, संजय भुईंया, नंदकिशोर भुईंया, जगतनंदन प्रसाद गुप्ता, पदुम साव, शमशेर आलम ,राजेश गुप्ता, राजेश रजक, कुलेश्वर राम, रविंद्र गुप्ता, प्रभु राम, दिपु साव, बाबुलाल साव आदि उपस्थित रहे.

## वज्रपात की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत, पसरा मातम

- घर वालों ने पोस्टमार्टम कराए बिना ही किया अंतिम संस्कार

**संवाददाता। हजारीबाग**

सतगावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत मरचोई पंचायत के ग्राम गोनारडीह में मंगलवार को बारिश के दौरान वज्रपात से एक व्यक्ति की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है. मृतक की पहचान 46 वर्षीय संजय राजवंशी, पिता जागो राजवंशी के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार मृतक व्यक्ति घर में बैठा हुआ था, तभी तेज आंधी व पानी के साथ ओलावृष्टि होने लगी तथा जोरदार आवाज के साथ वज्रपात हुई.

इसी दौरान संजय घर के निकट एक पेड़ के पास गया तभी अचानक बहुत जोर के साथ वज्रपात हुई और संजय राजवंशी उसकी चपेट में आ गया. इसके बाद घर में चीख-पुकार मच गई. आसपास के लोग दौड़ कर आए. आनन फानन में 108 एंबुलेंस को बुलाकर संजय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे कोडरमा रेफर कर दिया, जहां ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. इस घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया है. मृतक अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला व्यक्ति था. वह अपने पीछे पांच पुत्री और एक पुत्र छोड़ गया है. दो पुत्री और पुत्र का विवाह नहीं हुआ है. इधर, संजय राजवंशी का बगैर पोस्टमार्टम कराये ही दाह-संस्कार कर दिया गया. जानकारी के मुताबिक उसके पिता ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया था. जनप्रतिनिधियों द्वारा समझाने बुझाने के बाद भी वह नहीं माने. वहीं संजय राजवंशी के परिजनों का रो-रो बुरा हाल है.

80 साल के नेता ने कहा-मतदाता बनने के बाद हर बार मतदान किया

## वोटिंग के लिए उत्साह से लबरेज खीरू

**संवाददाता। हजारीबाग**



मैं 20 वर्ष पहले ही रिटायर हो गया हूं. मेरी याद से मतदाता बनने के बाद मैंने हर बार मतदान में भाग लिया है. अब 80 वर्ष का हो गया हूं फिर भी इस बार के मतदान में मैं अवश्य अपने मताधिकार का प्रयोग करूंगा. मतदान करना मेरे लिए हर्ष का विषय है. उक्त बातें गुरुवार को मतदान के लिए उत्साह से लबरेज 80 वर्षीय खीरू महतो ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार से कही. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी गुरुवार को हजारीबाग जिले के इचाक स्थित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर लोकसभा निर्वाचन के लिए तैयारियों की वस्तुस्थिति से अवगत हो रहे थे. मतदान केंद्रों के भौतिक निरीक्षण एवं वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण की अद्यतन स्थिति के बारे में बीएलओ से पूछताछ के क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ द्वारा समर्पित सूची का ग्रामीणों एवं उस क्षेत्र के लोगों से सत्यापन कराया. इस क्रम में एएसडी सूची के लोगों के नाम पुकारे गए एवं उनके बारे में आसपास के लोगों से जानकारी ली गयी. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीण एवं शहरी मतदाताओं से मतदान में भाग लेने की अपील की. साथ ही वैसे लोग जो क्षेत्र में रहने के बाद भी मतदान करना नहीं चाहते, उन्हें इसके महत्व को समझाने और मतदान के प्रति प्रेरित करने को कहा. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने हजारीबाग जिले के भ्रमण के दौरान राजकीय मध्य विद्यालय ईचाक, राजकीयकृत मध्य विद्यालय देवकुली, आंगनबाड़ी केंद्र पेलावल उत्तरी एवं आंगनबाड़ी केंद्र ईदगाह चौक पेलावल दक्षिणी में स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया. इस अवसर पर हजारीबाग जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैन्सी सहाय, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित हजारीबाग जिले में निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे.

## इंडिया गठबंधन की प्रचार गाड़ी को शैलेंद्र यादव ने किया रवाना

**संवाददाता। हजारीबाग**



जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के प्रचार गाड़ी को झंडा दिखाकर हज़ारीबाग़ लोकसभा क्षेत्र में रवाना किया. इस अवसर पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, बिनोद सिंह, अकील अहमद, साजिद हुसैन उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, अजय गुप्ता, सुनिल अग्रवाल, अनिल भुइयां, नौशाद आलम, नरसिंह प्रजापति, अजित सिंह, सत्यनारायण प्रसाद, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, प्रकाश यादव, साजिद अली खान, रघु जायसवाल, कृष्णा किशोर प्रसाद, परवेज अहमद, गुड्डू सिंह, बाबर अंसारी, मो. रब्बानी, सदरूल होद्दा, पंचम पासवान, शब्बीर अली, चंद्रशेखर आजाद, शुभम शर्मा, असगर अली, अमृतेष रंजन, असगर अली, भैया असीम कुमार, अख्तर हुसैन, राशिद खान, दिलीप कुमार रवि, सैयद अशरफ अली, खलील अंसारी, मो. शरफुद्दीन, शमशाद आलम, रंजीत यादव मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, गोवर्धन गंझू के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे.

**पहल** बंगाली एसोसिएशन के तत्वावधान में सांस्कृतिक संध्या आयोजित

## टैगौर रचित 'हे नूतन' की प्रस्तुती ने मोहा मन

**संवाददाता। हजारीबाग**



गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के जन्म जयंती के अवसर पर बुधवार शाम को बंगाली एसोसिएशन झारखंड की हजारीबाग इकाई के तत्वावधान में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यूनियन क्लब एवं लाइब्रेरी परिसर में स्थित केशव हाल में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन गुरुदेव के चित्र पर पुष्पार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया. सर्वप्रथम एक समूह गान प्रस्तुत किया गया. इसमें रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा रचित अपने ही जन्म दिवस से संबंधित गीत 'हे नूतन' को पूरी भावनाओं के साथ गया गया. डोला गुहा, बोनिता दे, सोनाली भट्टाचार्जी, तापसी दास, मधुछंदा मुखर्जी एवं प्रीतम चक्रवर्ती ने इस गीत को प्रस्तुत किया. इसके बाद मैत्रेई घोष एवं सतरूपा ने गुरुदेव द्वारा रचित अलग-अलग कविता का पाठ किया. मधुछंदा एवं प्रीतम ने अलग-अलग एकल गीत को प्रस्तुत किया. राधा समानता के गिटार वादन द्वारा रविंद्र संगीत "आमी चीनी गो चीनी" प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया. डॉ. सजल मुखर्जी ने अपने संबोधन में रवींद्रनाथ टैगोर के जीवन यात्रा एवं विचार यात्रा पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर सुष्मिता चट्टराज एवं शतरूपा ने भिन्न-भिन्न गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया. रीता भद्र, संध्या धणपति एवं रूपा पाल ने एक समूह गान के रूप में "मेला भानगाढ़ खेला" प्रस्तुत किया. संघ के अध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने सबका स्वागत किया तथा विकास चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया.

इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल के पक्ष में कार्यक्रम आयोजित

## नुक्कड़ सभा कर पटेल के लिए मांगा वोट

**संवाददाता। विष्णुगढ़**



हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल के पक्ष में गठबंधन दलों के कार्यकर्ताओं ने प्रखंड के भेलवारा में नुक्कड़ सभा के जरिये गुरुवार को मतदाताओं से समर्थन मांगा. चुनाव प्रभारी गुरु प्रसाद साव, हिरामन महतो तथा महताब हुसैन के ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया. सभा में इंडिया एलाइंस के घोषणा पत्र की जानकारी दी और राजग के दस वर्षों के शासन को नकारा बताया. कार्यक्रम में भेलवारा पंचायत की मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो, उप मुखिया प्रतिनिधि विनोद साव, महेंद्र कुमार, अशोक मरांडी, दिनेश मंडल, साहेब राम, रामकीशीरी महतो, गंगो महतो, सुरेश प्रसाद, चेतलाल महतो, झमन महतो मिथलेश महतो, दिलेश्वर महतो, नारायण महतो, प्रकाश महतो, लालजी महतो, प्रमोद महतो, सुखदेव मंडल, संतोष मंडल, निशांत मंडल, दिलीप हंसदा, इंदर गांझू, बंधन महतो, भुनेश्वर महतो, जयनंदन महतो, जीबाधन महतो, चेतलाल महतो , सिकेंद्र महतो, पिंटू महतो, राम विलास महतो, अशोक महतो, मनोज मुर्मू व राजेश हांसदा की भागीदारी रही.

# आपका सांसद कैसा हो

## बुद्धिजीवियों ने रखी अपनी बात , कहा

# जो जन सुलभ और जन समस्याओं के प्रति जागरूक हो

1. जिसे क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी हो
2. संसद में क्षेत्र के मुद्दों को प्रमुखता से रख सके
3. विकास कार्यों के प्रति जागरूक और जानकार हो

**लोकसभा चुनाव के लिए मतदान जारी है. देश सात चरणों में मतदान होने हैं. झारखंड में चार चरणों में वोट डाले जाएंगे. वोट प्रतिशत बढ़े और निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारी की जा रही है. प्रत्याशियों के नामांकन का दौर भी जारी है. इस बीच लोगों में यह चर्चा खास है कि वे किसको अपना प्रतिनिधि चुने. यानी उनका सांसद कैसा हो. इस मुद्दे पर लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए हैं. ज्यादातर का कहना है कि उनका सांसद जन सुलभ, विकास कार्यों में रुचि रखने वाला और जन समस्याओं के प्रति गंभीर होना चाहिए. जिस क्षेत्र का वह प्रतिनिधित्व कर रहा है, वहां की समस्याओं के प्रति तो उसे सजग होना ही चाहिए. साथ ही इन समस्याओं को संसद में प्रमुखता से रखने और उसके लिए आवाज उठाने की क्षमता भी उसमें हो. राज्य के विभिन्न जिलों से बुद्धिजीवियों से इस संबंध में शुभम संदेश की टीम ने उनकी राय जानी है. पेश है रिपोर्ट.**



### चहुंमुखी विकास करने वाला हो हमारा सांसद : डॉ. कमर



घाटशिला के लोकसभा चुनाव में आपका सांसद कैसा हो इस पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शिक्षक डॉ. कमर अली ने कहा हमारा सांसद क्षेत्र में चहुमुखी विकास करने वाला होना चाहिए. केंद्र की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर लाने का प्रयास करने वाला होना चाहिए. साथ ही जनप्रतिनिधि को अपने क्षेत्र की समस्याओं के प्रति सजग रहने की जरुत है. विक ास कार्यों में रुचि रखने वाला हो.

### योजनाओं को धरातल पर उतार सके : वीरेंद्र



घाटशिला के व्यवसाई वीरेंद्र प्रसाद ने इस संबंध में अपनी राय जाहिर करते हुए कहा कि हमारा सांसद ऐसा हो कि केंद्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतरे. यहां सबसे बड़ी समस्या तकनीकी शिक्षा की कमी है. इसके अलावा रोजगार के साधन युवाओं को उपलब्ध हो ऐसी योजना बननी चाहिए. सांसद को जन सुलभ भी होना चाहिए. साथ ही क्षेत्र की समस्याओं को दमदार तरीके से संसद में उठा सके हमें वैसा सांसद चाहिए.

### माइंस, कंपनियों को खुलवाए : डॉ. भगान



घाटशिला के डॉ. भगान हेंब्रम ने कहा कि हमारा सांसद ऐसा हो कि क्षेत्र में बंद पड़ी माइंस एवं कंपनियों को खुलवाने का प्रयास करे. कंपनियों के बंद होने के कारण यहां काफी संख्या में लोग बेरोजगार हो गए हैं. साथ ही फोरलेन पर एक अंडर पास बनाने को लेकर वर्षों से मांग की जा रही है उसे पूरा करने वाला सांसद चाहिए. बड़ी बात यह है कि हमारा सांसद वैसा हो जो क्षेत्र की समस्या को समझे और उसे पूरा कर सके.

### शिक्षित और ईमानदार होना चाहिए : अजीत



घाटशिला के अधिवक्ता अजीत कुमार ने कहा कि हमारा सांसद शिक्षित और ईमानदार होना चाहिए. ताकि क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान कर सके. घाटशिला की सबसे बड़ी समस्या वर्षों से बंद पड़ी भारत सरकार के उपक्रम आईसीसी कंपनी की है. कंपनी के बंद होने से हजारों लोग बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं. केंद्र सरकार की कई योजना धरातल पर लाने वाला सांसद चाहिए.

### तेज गति से विकास को धरातल पर उतार सके : संजीत अग्रवाल



गोड्डा के चार्टड अकाउंटेंट संजीत अग्रवाल कहते हैं कि गोड्डा अति पिछड़ा क्षेत्र रहा है. हाल के दिनों में यह विकास की राह पकड़ी है. यह गति रुकनी नहीं चाहिए. हमें ऐसा सांसद चाहिए जो विकास को तेज रफ्तार से धरातल पर उतार सके. सार्वजनिक विकास होना चाहिए न कि व्यक्ति विशेष और परिवार का ही विकास हो. ऐसा जनप्रतिनिधि की जरूरत है हमारे क्षेत्र की समस्याओं को समझ सके.गोड्डा लोकसभा की पहचान दिलाने वाले प्रतिनिधि की जरूरत है.

### जो क्षेत्र का पूर्ण विकास कर सके : डॉ. प्रशांत



गोड्डा के युवा चिकित्सक डॉ. प्रशांत मिश्रा कहते है कि अगर हमारा नेता अच्छा होगा तभी तरक्की होगी. सिर्फ जगह भरने से काम नहीं चलेगा. पूर्व में भी सांसद चुन कर जाते थे मगर जनता को अपने प्रतिनिधि का कभी दर्शन ही नहीं होता था. विकास तो दूर की बात है. एक विजन के तहत गोड्डा लोकसभा क्षेत्र का संपूर्ण विकास करे ऐसा योग्य नेता को चुना जाना चाहिए.अच्छे आदमी के हाथों में सत्ता रहने से ही देश का समुचित विकास संभव है


### नेतृत्व ईमानदार हाथों में होना चाहिए : धर्मेंद्र



गोड्डा के युवा अधिवक्ता धर्मेंद्र नारायण कहते हैं कि अगर देश का नेतृत्व मजबूत और ईमानदार हाथों में होना चाहिए. तभी देश का समुचित विकास संभव है. आज देश विदेश में कई मुद्दों को लेकर उथल पुथल मची हुई है. ऐसे में जरूरत है अच्छे नेता की जो हमारा कल्याण कर सके. चुनाव में अगड़ा-पिछड़ा, ऊंच-नीच की राजनीति छोड़ सिर्फ और सिर्फ विकास पर फोकस करना चाहिए. स्थानीय प्रतिनिधि भी आम जनता के सुख दुख में भागीदार हो ऐसे व्यक्ति को चुनना चाहिए.

### जनता के सुख-दुख में भागीदारी निभाने वाला हो सांसद : रंजीत गिरि

बोकारो सिविल कोर्ट के वरीय अधिवक्ता रंजीत गिरि ने कहा कि हामर सांसद ऐसा हो, जो दिन रात जनता के हर सुख दुख में एक आवाज में हाजिर हो. साथ ही जनमुद्दों की उनके



अंदर गहरी सोंच हो एवं क्षेत्र की हर छोटी बड़ी समस्या को सदन में उठाकर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कर सकें. सांसद ऐसा हो जिनकी छवि दागदार न होकर बिल्कुल साफ सुथरी हो, ताकि जनता को उस पर विश्वास हो. उन्होंने बताया कि सांसद ऐसा हो जो चुनाव जीतने से पूर्व वही वादे जनता से करे, जो पूरा कर सके. लोकलुभावन वादों से दूर रहनेवाला हमारा सांसद होना चाहिए.

### क्षेत्रीय के अलावा राष्ट्रीय मुद्दे की हो गहरी समझ : ज्ञानेश जायसवाल

बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के खैराचातर निवासी बुद्धिजीवी ज्ञानेश जायसवाल ने बताया कि हमारा सांसद ऐसा हो जो क्षेत्रीय के साथ साथ राष्ट्रीय मुद्दे



की जिनकी गहरी समझ हो. पांच साल तक जनता की सेवा करे और अपने लोकसभा क्षेत्र के हर गली कूचे में विकास कार्य कर जनता का विश्वास जीत सके. उन्होंने बताया कि लोकसभा क्षेत्र में बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत अन्य जनहित के मुद्दे पर गंभीर होकर विकास का कार्य करे वहीं हमारा सांसद हो. साथ ही जो क्षेत्र की ज्यादा से ज्यादा संख्या में समस्याओं को सदन में उठाये और समय समय पर क्षेत्र में भी लोगों के बीच आये, वैसा हमारा सांसद हो.

### जो अपने क्षेत्र के विकास के प्रति तत्पर हो : अमित कुमार



गिरिडीह के गांडेय प्रखंड के बुद्धिजीवी अमित कुमार ने कहा कि कोडरमा लोकसभा का सांसद ऐसा होना चाहिए, जो जनहित में काम करें . जनता के सुख-दुख में शामिल रहे . राष्ट्र के निर्माण में सांसद की अहम भूमिका होती है . क्षेत्र के विकास के प्रति वह सदैव तत्पर हो . कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में बिजली,पानी,स्वास्थ्य, सडक और रोजगार की बड़ी समस्या है . नव निर्वाचित सांसद को इन समस्या के समाधान में विशेष ध्यान रखें . वह क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी के साथ साथ जन भावनाओं को समझे.

### जो आम जनता की समस्या को समझे : डॉ. अशोक कुमार वर्मा

जमुआ, गिरिडीह के चिकित्सक डॉ. अशोक



कुमार वर्मा ने कहा कि हमारा सांसद ऐसा होना चाहिए, जो आम जनता की समस्या को समझे और उसके निदान का प्रयास करें . इस संसदीय क्षेत्र में बड़े अस्पताल की कमी है . जिस कारण मरीजों को बेहतर इलाज के लिए बड़े शहरों में जाना पड़ता है . कोडरमा संसदीय क्षेत्र में सांसद स्वास्थ्य की ऐसी व्यवस्था करें कि लोगों को बाहर जाने की जरूरत ही नहीं पड़े . जन वितरण प्रणाली की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए भी सांसद को प्रयास करना चाहिए . गांव की कच्ची सड़क के पक्कीकरण की दिशा में भी आवश्यक कदम उठाना चाहिए.

### समझदार और मजबूत नेतृत्व की क्षमता वाला हो : घनश्याम गोस्वामी



तिसरी,गिरिडीह के शिक्षक घनश्याम गोस्वामी ने कहा कि हमारा सांसद शिक्षित और नेतृत्व करने की क्षमता वाला होना चाहिए . ताकि क्षेत्र का समुचित विकास हो सके . नव निर्वाचित सांसद क्षेत्र में और संसद भवन में भी मौजूद रहे . इससे विकास की गति तेज होने के साथ-साथ जनता की समस्या का भी समाधान होगा . आम जनता के सुख दुख में भी सांसद शामिल रहे. बड़ी बात यह है वह लोगों की भावना को समझे और अपने क्षेत्र में विकास के कार्यों को प्राथमिकता के साथ करे.

### ऐसा व्यक्ति जो वर्गों के विकास के लिए तत्पर हो : महेंद्र त्रिवेदी



बेंगाबाद के बुद्धिजीवी महेंद्र त्रिवेदी ने बताया कि हमारा सांसद जनता के बीच रहने वाला होना चाहिए . सभी वर्ग के विकास के लिए तत्पर होना चाहिए . कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में कई प्रकार की समस्याएं हैं . नव निर्वाचित सांसद को इसके समाधान के लिए हर सम्भव प्रयास करना चाहिए, इसके साथ ही उसे क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी हो तथा जनता के बीच रहने वाला व्यक्ति हो. अगर किसी को मिलना हो तो उनसे आसानी से मिल सके और अपनी समस्या बता सके.

### सांसद जो सर्वसुलभ हो: प्रशांत राहुल



लातेहार के झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता प्रशांत राहुल ने कहा है कि सांसद को सर्वसुलभ होना चाहिए. जिसके पास क्षेत्र का विकास करने का विजन या मैप हो, उस प्रत्याशी को अपना बहुमूल्य मतदान देना चाहिए. चतरा लोकसभा क्षेत्र में बेरोजगार और पलायन चरम पर है. खनिज संपदा से परिपूर्ण होने के बाद भी यहां कोई कल कारखाना नहीं है. मजदूर दूसरे राज्यों में काम करने जा रहे हैं. यह क्षेत्र का सबसे बड़ा मुद्दा है. इन मुद्दों की बात करने वाले को ही क्षेत्र का सांसद चुनना चाहिए.

### स्थानीय सांसद होना चाहिए: अमित गुप्ता



लातेहार के व्यवहार न्यायालय, लातेहार में कार्यरत अधिवक्ता अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि सांसद को स्थानीय होना चाहिए. स्थानीय सांसद होने से क्षेत्र से उनका भावनात्मक लगाव होगा और वे क्षेत्र के विकास के लिए खासे गंभीर रहेंगे. इसके अलावा सांसद ऐसा होना चाहिए जो कि क्षेत्र की आवाज को दिल्ली तक पहुंचा सके. क्षेत्र में कई राष्ट्रीय स्तरीय परियोजनायें लंबित हैं. उनमें मंडल डैम और चिरिमिरी रेल लाइन प्रमुख है. चिरिमिरी रेल लाइन का निर्माण कार्य पूरा होने से रांची से मुंबई की दूरी काफी कम हो जायेगी.

### विकास की सोच वाला हो सांसद : डॉ. हरि प्रसाद



लातेहार के गांधी इंटर कॉलेज के सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. हरि प्रसाद ने कहा कि सांसद को क्षेत्र के विकास की सोंच रखने वाला होना चाहिए. चतरा संसदीय क्षेत्र में विकास की असीम संभावनायें हैं. यहां अकूत खनिज संपदा व वन संपदा है. इसका इस्तेमाल क्षेत्र के विकास के लिए किया जा सकता है. यह भी एक विडंबना है कि अकूत खनिज संपदा रहते हुए भी क्षेत्र में एक भी कल कारखाना नहीं है.

### जो अपने किए वादे को पूरा करे : डॉ. मंटू महतो

चांडिल चौका के चिकित्सक डॉक्टर मंटू महतो ने कहा कि सांसद ऐसा हो जो जनता से किए वादों को पूरा करें और दूसरी बार अपनी उपलब्धियां बताकर जनता से वोट



मांगे. ऐसा नहीं कि दूसरे की उपलब्धि को बताकर लोगों के बीच जाएं. सांसद पढ़ा-लिखा और जमीन से जुड़ा व्यक्ति होना चाहिए. चुनाव जीतने के बाद सांसद सीधे जनता से मिले न की क्षेत्र आने पर अपने कार्यकर्ता और चापलूसों से घिरे रहे. लोगों को भी चुनाव में सोच समझ कर मतदान करने की जरूरत है. लोग वैसे उम्मीदवार को अपना वोट दें, जो क्षेत्र से जुड़े रहते हैं और लोगों के सुख-दुख में सहभागिता निभाते हैं. हवा हवाई नेताओं से जनता को दूर रहने की जरूरत है.

### स्थानीय मुद्दों को लेकर सजग रहे : महेंद्र कुमार

चांडिल अनुमंडल न्यायालय के अधिवक्ता महेंद्र कुमार महतो ने कहा कि चुनाव के दौरान उम्मीदवार मतदाताओं को सुनहरे सपने दिखाकर वोट मांगते हैं. वहीं चुनाव



जीतने के बाद जनता से किए वादों को भूल जाते हैं. हमारा सांसद ऐसा हो जो स्थानीय समस्याओं के निराकरण को लेकर सजग रहे और समस्याओं का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर करें. चांडिल को अनुमंडल बने दो दशक बीत गए, लेकिन न चांडिल अनुमंडल में जेल बना है न यहां कोषागार है. चांडिल अनुमंडल की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा भी नहीं मिल पाती है. अनुमंडलीय अस्पताल भी करीब दो दशक से अधूरा पड़ा है.

### स्थानीय मुद्दों को लेकर सजग रहे : डॉ गुरुचरण गोराई



चांडिल के चिकित्सक डॉ गुरुचरण गोराई ने कहा कि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार लोगों को दिवास्वप्न दिखाकर अपने पक्ष में कर लेते हैं. चुनाव जीतने के बाद जब सांसद बनने वाला उम्मीदवार जनता से किए वादे तो क्या जनता को ही भूल जाते हैं. तब लोग अपने को ठगा हुआ महसूस करते हैं. ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है. यहां पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली समेत कई मूलभूत सुविधाओं का अभाव है. ऐसे में हम अपने सांसद को बेहतर कैसे बता सकते हैं. किसी क्षेत्र की जनता जब समस्याओं से दूर खुशहाल जिंदगी जीते हैं, तब उन क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की तारीफ हर मंच पर होती है.

### मिलनसार व्यावहार वाला होना चाहिए सांसदः अमित कुमार

चक्रधरपुर के अधिवक्ता अमित कुमार का कहना है कि सांसद



जनता की आवाज को संसद में रखते हैं. इसलिए सांसद का व्यवहार मिलनसार होना चाहिए,ताकि जनता अपनी बातों को सांसद के पास रख सकें.चुनाव जीतने के बाद सांसद जनता से सीधे तौर पर संवाद करें, ताकि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान हो सकें.वहीं एक सांसद को शिक्षित भी होना जरुरी है,ताकि विकास कार्यों को धरातल पर उतारा जा सकें.

### ईमानदार व वायदे को पूरा करने वाला हो सांसदः के नागराजू

चक्रधरपुर के मधुसूदन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य के नागराजू ने



कहा कि सांसद ईमानदार व अपने वायदे को पूरा करने वाला होना चाहिए. साथ ही उसे क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी होनी चाहिए. चुनाव से पूर्व जो वायदे नेता करते हैं तो उसे पूरा करने का कर्तव्य भी उनका है,जीतने के बाद कई नेता अपने वायदे भूल जाते हैं. ऐसा नहीं होना चाहिए, ताकि दोबारा चुनाव में वे जनता के बीच जा सकें.

### सच्चा राष्ट्रभक्त होना चाहिए सांसदः डॉ. श्रीनिवास कुमार

चक्रधरपुर के जवाहर लाल नेहरु कॉलेज के प्राचार्य डॉ. श्रीनिवास



कुमार ने कहा कि एक सांसद को राष्ट्रभक्त होना चाहिए, ताकि वह देशहित के लिए सोच सकें. एक सांसद को जाति,धर्म,भेदभाव से ऊपर उठकर एक बेहतर नागरिक होना चाहिए, ताकि वह जनता की आवाज बनकर संसद में रख सकें. सांसद पूरी तरह से ईमानदार व निष्ठावान होना चाहिए. क्षेत्र की समस्याओं को चिह्नित कर दूर करने वाला सांसद होना चाहिए.

### सांसद को मृदभाषी व कर्मठ होना चाहिएःडॉ. मनोज कुमार कोड़ाह

रांची रिम्स के डॉक्टर मनोज कुमार कोड़ाह ने कहा कि सांसद



को मृदभाषी व कर्मठ होना चाहिए. जनता के द्वारा चुने गये सांसद के पास लोग अपने क्षेत्र की समस्याएं रख सकें. वहीं सांसद भी विकास कार्य पर ध्यान देकर समस्याओं को दूर करने वाला होना चाहिए, तभी हमारा क्षेत्र आगे बढ़ेगा.शिक्षा, स्वास्थ्य व विकास कार्यों पर प्रमुखता से कार्य कर सकें ऐसा सांसद होना चाहिए.

### हमारा सांसद शिक्षित और साफ छवि का होना चाहिए : मो. जावेद

धनबाद के अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने कहा कि धनबाद का



सांसद शिक्षित और साफ छवि का हो . जिसे सांसद कहने में शर्मिंदगी महसूस ना हो.अपने कार्यकाल में क्षेत्र का विकास करें .जन समस्याओं के मुद्दे पर विशेष ध्यान दें. जिस घोषणा पत्र को जनप्रतिनिधि जनता के समक्ष रखते है, घोषणा पत्र को चुनावी शिगुफा न बनाये बल्कि उसे पूरा करने का काम करे. तभी सही अर्थों में वह क्षेत्र का जनप्रतिनिधि कहलाएगा.

### ट्रामा सेंटर व मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल बनवाए : डॉ नरेश


धनबाद के शिशुरोग विशेषज्ञ डॉक्टर नरेश प्रसाद ने कहा कि



हमारा सांसद ऐसा हो जो धनबाद की जन समस्याओं को पुरजोर तरीके सदन में रख सके. चुप रहने से क्षेत्र का विकास सम्भव नहीं है. धनबाद में ट्रामा सेंटर ,मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल और एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं बनवाए. क्योंकि यह भी धनबाद के विकास का एक हिस्सा हैं. शिक्षित हो और धनबाद के लिए बोलने वाला हो.

### धनबाद से माफियागिरी को जड़ से खत्म करने वाला हो : इरफान खान

धनबाद के हेलो किड्स स्मार्ट स्कूल फुसबंगला शालीमार के प्राचार्य



इरफान खान ने कहा कि हमारा सांसद ऐसा हो जो शिक्षा पर जोर दे और माफिया गिरी को जड़ से खत्म करें. ताकि धनबाद की जनता शांति से अपना जीवन यापन कर सके. धनबाद में एयरपोर्ट ,स्वास्थ,पानी,बिजली और जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए फ्लाइओवर की व्यवस्था करे . बेरोजगार युवाओ के लिए रोजगार को लेकर नई फैक्टरियां लगवाए.

### सांसद ऐसा हो जो यहां भयमुक्त वातावरण बना सके : सुधांशु

धनबाद बीएलएन पब्लिक स्कूल पतराकुल्ही के प्राचार्य सुधांशु



शेखर ने कहा कि सांसद ऐसा हो जो धनबाद में भयमुक्त वातावरण बना सके. साथ ही जनता को सांसद से मिलने में कोई भय न हो, जनता निर्भीक होकर अपनी बात सांसद के समक्ष रख सके. शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ-साथ विकास पर भी विशेष ध्यान दे. क्षेत्र में शिक्षा के इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने का काम करे, जिसकी यहां बहुत जरुरत है.

## इंसाफ की संभावनाएं क्षीण

रोहित वेमुला अपने जीते-जी जातिगत प्रताड़ना का शिकार हुए, जिससे उन्हें मुक्ति नहीं मिली तो उन्होंने आत्महत्या जैसा बड़ा कदम उठाकर खुद को जीवन से मुक्त कर लिया. अब मौत के बाद भी उन्हें इंसाफ मिलने की संभावनाएं क्षीण होती नजर आ रही हैं. 17 जनवरी 2016 को हैदराबाद विश्वविद्यालय के पीएचडी छात्र रोहित वेमुला ने आत्महत्या की थी और मौत से पहले एक ऐसा खत छोड़ा था, जिसमें लिखी बातों से कोई भी संवेदनशील इंसान सिहर जाए. रोहित विज्ञान लेखक बनने की ख्वाहिश रखते थे, चांद-सितारों पर लिखना चाहते थे, लेकिन उनके मुताबिक वे केवल अपनी मौत की चिट्ठी ही लिख पाए. रोहित वेमुला की मौत बराबरी की बातें करने वाले समाज के मुंह पर एक तमाचा थी, क्योंकि एक संभावनाशील युवा प्रशासनिक और शैक्षणिक व्यवस्था को खोखला करने वाले जातिगत भेदभाव की दीमक का शिकार हो गया था. यह दीमक अब भी उसका पीछा नहीं छोड़ रही है.

> अब क्लोजर रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि रोहित वेमुला का अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र 'धोखाधड़ी' से हासिल किया गया था. जिस तरह से यहां धोखाधड़ी शब्द का इस्तेमाल हुआ है, उससे जाहिर होता है कि उनके साथ हुई नाइंसाफी को सही ठहराने की कोशिश यहां हो रही है.

क्योंकि इस मामले में तेलंगाना पुलिस की जो क्लोजर रिपोर्ट सामने आई है, उसके मुताबिक़, रोहित वेमुला की आत्महत्या के लिए कोई भी दोषी नहीं है, साथ ही इसमें कहा गया है कि रोहित वेमुला 'दलित' नहीं थे, बल्कि अन्य पिछड़ा वर्ग से थे. रिपोर्ट में यह भी लिखा है कि रोहित वेमुला को आत्महत्या के लिए किसी ने नहीं उकसाया. यह क्लोजर रिपोर्ट रोहित वेमुला को दोबारा मारने जैसी है, क्योंकि इसमें रोहित को ही कटघरे में खड़ा करने की नीयत दिखाई दे रही है. रोहित वेमुला को दलित न मानने का तर्क हास्यास्पद लगता है, क्योंकि हैदराबाद विवि में उनका दाखिला अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र के आधार पर ही हुआ था और उन्हें पीएचडी की सुविधाएं उसी मुताबिक मिल रही थीं. मतलब विश्वविद्यालय प्रशासन, उनके शिक्षक और साथी सभी जानते थे कि रोहित वेमुला दलित थे. उनके साथ इस आधार पर भेदभाव के भी आरोप हैं, जो उनकी मौत का एक अहम कारण था. अब क्लोजर रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि रोहित वेमुला का अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र 'धोखाधड़ी' से हासिल किया गया था. जिस तरह से यहां धोखाधड़ी शब्द का इस्तेमाल हुआ है, उससे जाहिर होता है कि उनके साथ हुई नाइंसाफी को सही ठहराने की कोशिश यहां हो रही है. रोहित की मां अनुसूचित जाति से हैं तो साल 2012 में सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के मुताबिक रोहित को भी अजा माना जाएगा, क्योंकि सर्वोच्च अदालत ने कहा था कि अगर पिता या मां में से कोई एक दलित है तो उनका बेटा भी दलित माना जाएगा. रोहित ने अपनी मौत से पहले जो खत लिखा, उसमें उन्होंने यूनिवर्सिटी में भेदभाव के बारे में साफ तौर पर लिखा था और बताया था कि उन्हें भावनात्मक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है.

### सुभाषित

**काको कृष्णः पिको कृष्णः को भेदो पिककाकयोः।**
**वसन्तकाले संप्राप्ते काको काकः पिको पिकः॥**

कोयल भी काले रंग की होती है और कौआ भी काले रंग का ही होता है फिर दोनों में क्या भेद (अन्तर) है? वसन्त ऋतु के आगमन होते ही पता चल जाता है कि कोयल कोयल होती है और कौवा कौवा होता है. अर्थात् स्वर की मधुरता ही कौए और कोयल में भेद बता देती है.

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में आम चुनाव

**चुनाव में तकनीक के प्रयोग से फायदे के साथ-साथ नुकसान एवं लोकतंत्र के लिए चुनौती भी है. प्रमुख नेताओं की आवाज की क्लोनिंग एवं उसके अवतार का विकास आसानी से एआई तकनीक द्वारा हो जाता है. इसके त्वरित विस्तार के कारण वास्तविक एवं नकली संदेशों में विभेद करना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा, जो कि मतदाताओं के बीच भ्रम पैदा करेगा और लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं रहेगा.**



• देश-काल



डॉ. कौशलेन्द्र बटोही

अभी हो रहे आम चुनाव में एक खबर अक्सर ध्यान खींचती है, जिसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भाषण कृत्रिम बुद्धिमत्ता की तकनीक पर आधारित टूल के माध्यम से आठ विभिन्न भाषाओ में वास्तविक काल में प्रचारित एवं प्रसारित हो रहे हैं. ये भाषाएं हैं कन्नड, तमिल, तेलगु, मलयालम, बंगाली, ओडिशा, पंजाबी एवं मराठी. चुनाव प्रचार के दौरान मतदाताओं तक अपनी बातों को पहुंचाने का यह एक सर्वोत्तम माध्यम बना हुआ है. ऐसा नहीं है कि प्रचार में केवल भारतीय जनता पार्टी ही इस तरह की उन्नत तकनीक का प्रयोग कर रही है, बल्कि विभिन्न राजनैतिक दल अपने क्षमता के अनुसार इस आमचुनाव में तकनीक के प्रयोग से मतदाताओं तक पहुंच रहे हैं. डीएमके एवं एआईडीएमके भी तामिलनाडु में एआई एवं डिपफेक के माध्यम से प्रचार कर रहे हैं. ये दोनों तकनीक के मदद से एक वीडियो संदेश में करुणानिधि की आवाज एवं तस्वीर का प्रयोग कर वर्तमान स्टालिन सरकार की उपलब्धियों का बखान कर रहे हैं एवं यह संदेश बहुत प्रभावशाली है. इसी तरह एआईडीएमके भी जयललिता की आवाज एवं तस्वीर के साथ वीडियो संदेश के माध्यम से मतदाताओं से मत की अपील कर रहे हैं. ये सब तकनीक की उन्नत किस्म के प्रयोग का उदाहरण है, जो पहली नजर में वास्तविकता का एहसास करता है और मतदाताओं पर गहरा प्रभाव डालता है. ऐसा नहीं है कि तकनीक का प्रयोग पहली बार भारत के चुनावो में हो रहा है.

हर दौर में उपलब्ध तकनीकी संसाधनों का प्रयोग अपनी क्षमता के अनुसार राजनीतिक दलों द्वारा किया जाता है. 1990 के दौर के चुनावों में फोन का प्रयोग धड़ल्ले से हुआ और कॉल के माध्यम से प्रत्याशी मतदाताओं तक पहुंचने लगे. 2007 के उत्तरप्रदेश के विधान सभा चुनाव में बहुतायत मात्रा में पहली बार मोबाइल फोन का प्रयोग एवं सामूहिक संदेशों के द्वारा मतदाताओं तक पहुंचना प्रारंभ हुआ. इसी तरह 2014 के आमचुनाव में होलोग्राम का प्रयोग हुआ एवं 3-डी इमेज के माध्यम से उस समय के प्रधानमंत्री के उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी के भाषणों का प्रसार हुआ एवं चाय पर चर्चा नामक अभियान का आयोजन हुआ. इसी तरह 2019 के आम चुनाव में वाट्सअप का प्रयोग बडे पैमाने पर शुरू हुआ. संदेशों का प्रसार आसानी से इसके ग्रुपों के द्वारा होने लगा. प्रत्याशीगण ज्यादा व्यक्तिगत रूप से मतदाताओं तक पहुंचने लगे. वैसे ही वर्तमान चुनाव में एआई का प्रयोग बहुतायत स्तर पर हो रहा है. एआई आधारित तकनीक के प्रयोग से प्रचार आसान हुआ है, लोगो तक अपने मुद्दे जल्दी से जल्दी पहुंचाने में मदद मिल रही है, भाषाई बाधा या चुनौतियों को आसानी से निपटा जा रहा है, साथ ही साथ हर मतदाता से उसके नाम के साथ वीडियो संदेश या ऑडियो संदेश आसानी से पहुंचाये जा सकते हैं, जो प्रत्याशी के साथ मतदाता का व्यक्तिगत लगाव का एहसास कराने में सक्षम होंगे. ऐसे ही एआई आधारित चैटवोट लगातार ऑटो मैटिक कॉल का प्रत्याशी के आवाज मे ऑटोमेटिक कॉल कर सकता है और यह इतना उत्तम स्तर का होता है कि आभाषी होने का एहसास भी नहीं कराता है.

इसी प्रकार सोशल मीडिया का धड़ल्ले से प्रयोग भी अपने विचारों को आम आदमी तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है, परन्तु तकनीक आधारित प्रचार की अपनी चुनौतियां भी हैं. अपने देश में कोई प्रभावशाली एवं सक्षम नियामक प्राधिकरण नहीं होने के कारण दुरुपयोग की संभावना भी बहुत ज्यादा है. एआई आधारित तकनीक एवं डीपफेक आसानी से उपलब्ध एवं जनसुलभ तकनीक हैं और इस कारण दुरुपयोग की संभावना भी बहुत है. जिस तेजी से संदेशों का प्रभाव होता है, इसके माध्यम से उसी रफ्तार से गलत संदेश, डीपफेक आधारित गलत तस्वीरें ऑडियो संदेश के साथ कुछ सेकेंड में लाखों लोगों तक पहुंच जाती हैं और जब-तक उसे रेगुलेट करेंगे, तबतक वह संदेश, उम्मीदवार के लिए नुकसान पहुंचा चुका रहेगा. डीपफेक एवं एआई तकनीक का उपयोग करके किसी भी समय किसी का नकली ऑडियो एवं वीडियो बना कर वायरल किया जा सकता है और वह प्रत्याशी, उस पार्टी या व्यक्ति के लिए नुकसानदेह साबित होगा. चुनाव में तकनीक के प्रयोग से फायदे के साथ-साथ नुकसान एवं लोकतंत्र के लिए चुनौती भी है. प्रमुख नेताओं की आवाज की क्लोनिंग एवं उसके अवतार का विकास आसानी से एआई तकनीक द्वारा हो जाता है. इसके त्वरित विस्तार के कारण वास्तविक एवं नकली संदेशों में विभेद करना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा, जो कि मतदाताओं के बीच भ्रम पैदा करेगा और लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं रहेगा. अभी हाल में ही ऐसा ही वीडियो अमीर खान का वायरल हुआ था, जो डिपफेक द्वारा निर्मित हुआ था एवं एक राजनैतिक दल के बारे में वह चर्चा कर रहे थे. इस एकीकृत तकनीक की पहुंच के कारण वास्तिक मुद्दों एवं नकली संदेशों के माध्यम से प्रसारित मुद्दों में विभेद करना मुश्किल होगा. दूसरा एक महत्वपूर्ण एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था के नकारात्मक पहलू है, वह यह कि तकनीक के कारण उम्मीदवारों का, राजनैतिक पार्टियों का आम आदमी से व्यक्तिगत संपर्क का अभाव हो जाता है. हर उम्मीदवार सोशल मीडिया, एआई तकनीक, फोन कॉल, चैटवोट के माध्यम से संपर्क करने लगेगा तो लोकतंत्र की जीवंतता कम हो जाएगी. मानवीय पहलू गौण हो जाएगा. लोगों से लोगों का जुड़ाव कम हो जाएगा और यही जुडाव लोकतंत्र की सफलता का मूल है. वर्तमान चुनाव के प्रथम दो फेजों में कम मत प्रतिशत का एक यह भी कारण हो सकता है, क्योंकि अधिकांश चुनाव प्रचार तकनीक आधारित हो रहा है और उम्मीदवार घर-घर नहीं जाकर तकनीक के सहारे या बडे नेताओं की बडी-बडी सभाओं पर निर्भर हो रहे हैं, इसलिए मतदाताओ में भी चुनाव के प्रति रुझान कम हो रहा है. जरूरत इस बात की है कि नियंत्रित रूप से चुनावो में तकनीक का प्रयोग करते हुए चुनाव प्रचार की पारंपरिक अवधारणा को जिंदा रखते हुए इस लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाया जाए.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## पर्यावरण और अहिंसा

पर्यावरण आज विश्व की गम्भीर समस्या हो गई है. प्रकृति को बचाना अब हमारी ज्वलंत प्राथमिकता है, लेकिन प्राकृतिक सन्तुलन को विकृत करने में स्वयं मानव का ही हाथ है. पर्यावरण और प्रदूषण मानव की पैदा की हुई समस्या है. प्रारम्भ में पृथ्वी घने वनों से भरी थी. लेकिन जनसंख्या वृद्धि और मनुष्य के सुविधाभोगी मानस ने, बसाहट,खेती-बाडी आदि के लिए वनों की कटाई शुरू की. औद्योगिकीकरण के दौर में मानव नें पर्यावरण को पूरी तरह अनदेखा कर दिया. जीवों के आश्रय स्थल उजाड़ दिए गये. न केवल वन सम्पदा और जैव सम्पदा का विनाश किया, बल्कि मानव ने जल और वायु को भी प्रदूषित कर दिया. कभी ईंधन के नाम पर तो कभी इमारतों के नाम पर. कभी खेती के नाम पर तो कभी जनसुविधा के नाम पर, मानव प्राकृतिक संसाधनों का विनाशक दोहन करता रहा. वन सम्पदा में पशु-पक्षी आदि, प्राकृतिक सन्तुलन के अभिन्न अंग होते है. प्रकृति की एक समग्र जैव व्यवस्था होती है. उसमें मानव का स्वार्थपूर्ण दखल पूरी व्यवस्था को विचलित कर देता है. मनुष्य को कोई अधिकार नहीं प्रकृति की उस व्यवस्था को अपने स्वाद, सुविधा और सुन्दरता के लिए खण्डित कर दे. अप्राकृतिक रूप से जब इस कड़ी को खण्डित करने का दुष्कर्म होता है, प्रकृति में विनाशक विकृति उत्पन्न होती है जो अन्ततः स्वयं मानव अस्तित्व के लिए ही चुनौती बन खड़ी हो जाती है. जीव-जन्तु हमारी ही भांति इस प्रकृति के आयोजन-नियोजन का अटूट हिस्सा होते हैं. वे पूरे सिस्टम को आधार प्रदान करते हैं. प्रकृति पर केवल मानव का मालिकाना हक़ नहीं है. मानव पर, प्रकृति के नियंत्रित उपयोगार्थ विधानों का आरोपण किया गया है, जिसे हम धर्मोपदेश के नाम से जानते है. वे शर्तें और विधान, यह सुनिश्चित करते हैं कि सुख सभी को समान रूप से उपलब्ध रहे. इसीलिए विश्व के सभी धर्मों के प्रणेता व महापुरुष, हिंसा, क्रूरता, जीवों को अकारण कष्ट व पीड़ा देने को गुनाह कहते हैं. वे प्रकृति के संसाधनों के मर्यादित उपभोग की सलाह देते हैं. अपरिग्रह का उपदेश देते हैं. मन वचन काया से संयमित, अनुशासित रहने की प्रेरणा देते हैं. जब वे कण-कण में भगवान होने की बात करते हैं तो अहिंसा का ही आशय होता है . सभी को सुख प्रदान करने के उद्देश्य से ही वे यह सूत्र देते है कि 'आत्मा सो परमात्मा' या हर जीव में परमात्मा का अंश होता है. यह भी कहा जाता है कि सभी को ईश्वर ने पैदा किया, अतः सभी जीव ईश्वर की सन्तान हैं. इसीलिए जीव-जन्तु, पशु-पक्षियों के साथ दया, करुणा का व्यवहार करने की शिक्षा दी जाती है. सारी बुराइयां किसी न किसी के लिए पीड़ादायक हिंसा बनती है. अतः सभी सद्गुणों को अहिंसा में समाहित किया जा सकता है. यही धर्म है.

# कृषि बजट से 'अरबपति राज' से मुक्ति संभव

• कृषि क्षेत्रे

देविंदर शर्मा

भले ही वह विशुद्ध राजनीतिक कारणों से हो, भारत में धन के पुनः बंटवारे पर बहस बेहद महत्वपूर्ण है और वक्त की जरूरत भी. मुट्ठीभर अमीरों के हाथों में धन के केंद्रित होने की अप्रिय स्थिति की वजह से 'अरबपति राज का उदय' हुआ, जैसा कि पेरिस स्थित वर्ल्ड इनइक्विलिटी लैब ने इसे नाम दिया है. यह कथित 'अरबपति राज' निश्चित रूप से उद्यमशीलता के प्रति एनिमल स्पिरिट यानी जिंदादिली या भावनात्मक जोश के उजागर होने के कारण नहीं है, लेकिन यह इस बात का दुखद परिदृश्य है कि कैसे कुछ लोगों के हक में आर्थिक नीतियों और संसाधनों को अनावश्यक रूप से सौंप दिया गया. जॉन मेनार्ड केंज ने अपनी पुस्तक 'द जनरल थ्योरी ऑफ एम्प्लॉयमेंट, इंटरेस्ट एंड मनी' (1936) में 'एनिमल स्पिरिट्स' की व्याख्या उस असाधारण मानवीय व्यवहार के रूप में की है, जो अनिश्चयपूर्ण दशाओं में निवेशकों को वित्तीय निर्णय लेने को प्रेरित करता है. पर संभवतया केंज को यह अहसास नहीं हो कि बहुसंख्यक आबादी को ऐसे ही अवसर से वंचित रखना असल में लाखों फूलों के खिलने के लिए जरूरी उत्साह और 'एनिमल स्पिरिट' को नष्ट करना है. किसी भी मामले में, जहां केंज गलती पर हैं, वह यह है कि मुट्ठी भर अरबपतियों का होना महत्वपूर्ण नहीं है, जिनकी संपत्ति एक अच्छी तरह से डिज़ाइन की गई उस मददगार प्रणाली के बल पर बढ़ती रहती है, जिसमें टैक्स छूट, बैंक ऋण बट्टे खाते में डालना और आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज शामिल हैं. बल्कि उसी के समान संसाधनों को एक समतावादी समाज के निर्माण के लिए भी खर्च करना होगा, जहां खुशी और संतुष्टि का राज हो. आख़िरकार, संसाधन सीमित हैं और यह देखना अहम है कि इन्हें कैसे वितरित किया जाता है. शायद यही वजह है कि नॉर्डिक क्षेत्र के 4 देशों स्वीडन, डेनमार्क, नॉर्वे और फिनलैंड बेहद अच्छा कर रहे हैं और खुशहाली की सूची में लगातार अव्वल रहते हैं. एक दिन टीवी पर पैनल चर्चा के दौरान मुझसे पूछा गया कि यदि धन का पुनः वितरण करना पड़ा तो सरकार क्या कर सकती है. मेरा जवाब था कि लगता नहीं है कि अमीरों का धन छीनकर गरीबों में बांटने का कोई विचार हो. चाहिये क्या कि नीतियों और दृष्टिकोणों में पुनः बदलाव कर यह यकीनी बनाना होगा कि उनका लाभ देश के किसी भी हिस्से में मौजूद अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे. मेरा पहला सुझाव होगा यह यकीनी बनाना कि सालाना बजट का 50 फीसदी कृषि को दिया जाना चाहिये, जो साल 2024 के लिए 47.66 लाख करोड़ है. जो मोटे तौर पर देश की आधी आबादी बनती है. खेती में आबादी का इतना बड़ा हिस्सा लगे होने के बावजूद वर्तमान में इस क्षेत्र को बजट आवंटन में 3 फीसदी से भी कम प्राप्त होता है. कृषि क्षेत्र में आप किसी चमत्कार की उम्मीद नहीं कर सकते हैं यदि उचित निवेश नहीं करते. ऐसे देश में जहां सिर्फ 21 अरबपतियों के पास 700 मिलियन से अधिक की धन-संपत्ति है, और जहां 64.3 प्रतिशत आबादी से 64.3 प्रतिशत जीएसटी आता है और शीर्ष 10 फीसदी से केवल 3-4 प्रतिशत ही आता है. जहां पहले से ही काफी निवेश किया जा चुका हो, वहां संसाधनों को लगाने में कोई आर्थिक समझदारी नहीं. मुझसे सवाल किया गया कि खेती से आमदनी पर कोई टैक्स नहीं है और वह इस सेक्टर के लिए बड़ी वित्तीय मदद है. वास्तव में, पैनल चर्चा में शामिल एक वेंचर कैपिटलिस्ट ने यहां तक पूछा कि अमीर किसानों पर कर क्यों नहीं लगाया जाना चाहिए, जबकि उन्हें यह अहसास नहीं था कि भारत में केवल 1 प्रतिशत कृषक समुदाय के पास ही 10 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन है, और कृषक परिवारों के लिए स्थितिजन्य आकलन सर्वेक्षण, 2019 की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार शेष 99 प्रतिशत कृषक समुदाय की औसत आय लगभग 10,000 रुपये प्रति माह है. विडंबना है कि कॉर्पोरेट अर्थशास्त्रियों को कृषि क्षेत्र में व्याप्त संकट के बारे में बहुत कम जानकारी है, और वे अभी भी पुराने जमाने की आर्थिक सोच पर चलते हैं, जो किसानों को शहरों में प्रवासी दिहाड़ी मजदूरों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने पर आधारित थी. एक अन्य पैनल चर्चा में, मैंने बताया कि कैसे कॉर्पोरेट कंपनियां पिछले दस वर्षों में 16 लाख करोड़ रुपये के बैंक राइट-ऑफ लेकर गयी हैं और इसके साथ सितंबर 2019 से हर साल 1.45 लाख करोड़ रुपये की टैक्स कटौती दी गई है.

> वास्तव में, पैनल चर्चा में शामिल एक वेंचर कैपिटलिस्ट ने यहां तक पूछा कि अमीर किसानों पर कर क्यों नहीं लगाया जाना चाहिए, जबकि उन्हें यह अहसास नहीं था कि भारत में केवल 1 % कृषक समुदाय के पास ही 10 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन है, और कृषक परिवारों के लिए स्थितिजन्य आकलन सर्वेक्षण, 2019 की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार शेष 99 % कृषक समुदाय की औसत आय लगभग 10,000 रु. प्रति माह है.

# राजनीति में अनैतिकता के सवाल का मतलब

• सियासत

अखिलेश अखिल

राजनीति में बहुत से लोग नैतिकता ढूंढ रहे हैं. आम लोगों में कितनी नैतिकता बैठी है यह तो जांच का विषय हो सकता है, लेकिन एक बात तो तय है कि नैतिकता को मापने का कोई न तो तराजू है और न ही कोई पैरामीटर. सबके अपने हिसाब से नैतिकता का पैमाना है. बड़े लोगों की अपनी नैतिकता अलग होती है, लेकिन आम लोगों की नैतिकता कुछ और ही. जिस तरह से धर्म की व्याख्या अलग-अलग तरीके से की जाती है ठीक उसी तरह से नैतिकता की भी परिभाषा दी जा सकती है. अगर मूर्खों की भाषा में बात की जाए तो नैतिकता का सीधा मतलब तो यही होता है कि जो काम समाज और देश के लिए अहितकर हो, परिवार और जाति और धर्म के खिलाफ हो और जीवन मूल्य के प्रति भी सराहनीय नहीं हो उसे आप अनैतिक कह सकते हैं लेकिन यही बात राजनीति में सही नहीं हो सकती.

राजनीति तो अपने हिसाब से चलती है. मौजूदा दौर की राजनीति अनैतिक खेल का ही नाम है और इसका एक ही उद्देश्य होता है सफलता. चुनाव के दौरान जीत और जीत के बाद फिर सत्ता पर कब्जा. लोकतंत्र के नाम पर ही यह सब होता है और हर बात में संविधान का हवाला भी दिया जाता है कि जब किसी भी व्यक्ति को बोलने की आजादी दी गई है तो फिर उसे बोलने से कौन रोक सकता है. जब बोलने से कोई किसी को नहीं रोक सकता तो फिर किसी के बोल पर बवाल क्यों मचता है? मानहानि की बातें कब और क्यों होने लगती हैं? और फिर यही कानून उस हर बोलने वाले पर भी लागू क्यों नहीं होता? ऐसे बहुत से सवाल उठते हैं. उठते भी रहेंगे, लेकिन मौजूदा समय में इसका निराकरण तो दिखता नहीं. आज इस बात की चर्चा इसलिए की जा रही है कि तमाम विरोध और इल्जाम के बाद भी देश के चुनाव में बड़ी संख्या में अपराधी किस्म के लोग चुनाव लड़ने मैदान में उतर चुके हैं. कई -कई मामले इन नेताओं पर दर्ज हैं और बड़ी बात तो यह है कि इनमें से बड़ी संख्या में लोग चुनाव भी जीतेंगे और संसद तक भी पहुंचेंगे. सरकार में भी शामिल होंगे या फिर विपक्ष में बैठकर देश की नीतियों पर चर्चा करेंगे. जिस अपराध में वे आरोपी हैं उसी अपराध की वे संसद के भीतर और बाहर व्याख्या भी करते आएंगे. लेकिन सबसे बड़ी बात तो यह है कि इस खेल में कोई एक दल तो शामिल है नहीं. क्या बीजेपी, क्या कांग्रेस और क्या सपा और राजद ,बसपा से लेकर दक्षिण के सभी दलों के नेता अपराध से जुड़े लोगों को मैदान में उतार रहे हैं और उतार दिए हैं. ऐसे में अब जनता को ही यह सोचने की जरूरत है कि इस अनैतिक राजनीति का सच क्या है ? शनिवार को पीएम मोदी बिहार पहुंचे. खूब हुंकार भरे और लोगों को खूब ज्ञान भी देते रहे. पीएम मोदी ने वहां जाकर 22 साल पुराने गोधरा कांड की चर्चा करने लगे. अभी तक देश के भीतर गोधरा कांड के लिए तत्कालीन गुजरात सरकार को ही दोषी ठहराया जाता रहा है, लेकिन आज पीएम मोदी ने एक नई बात का खुलासा किया. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार जब रेल मंत्री थे गोधरा कांड हुआ था. कांड के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया. इसके बाद जब 2004 में कांग्रेस की सरकार बनी तो लालू यादव रेल मंत्री बने. उन्होंने सोनिया गांधी के इशारे पर गोधरा कांड को लेकर एक यूसी बनर्जी जांच कमेटी बनाई. साल भर बाद कमेटी ने अपनी रिपोर्ट दी जिसमें कहा गया कि साबरमती एक्सप्रेस में जिन 60 लोगों की मौत हुई, वे सब साधु तो थे, लेकिन वे ट्रेन के भीतर धूम्रपान कर रहे थे और फिर ट्रेन में आग लग गई. हालांकि आग कैसे लगी इसका कोई कारण नहीं बताया गया. मोदी ने यह भी कहा कि शहजादे के पिता यानी तेजस्वी के पिता ने मुसलमानों को बचाने के लिए ही यह सब रिपोर्ट तैयार कराया था ताकि जिन लोगों ने ट्रेन में आग लगाई उन्हें बचाया जा सके. उन्होंने लालू यादव पर कई तरह की बातें भी कहीं. उन्होंने यहां तक कहा कि लालू यादव सामाजिक न्याय का मुखौटा ओढ़कर जेल की हवा खा रहे हैं और जमानत पर घूम रहे हैं. इसमें पीएम की नैतिकता कहां खो गई है इसे कौन जाने! कह सकते हैं कि झूठ की राजनीति आज सबसे ज्यादा कुलांचें मार रही है. मकसद सिर्फ एक ही है. मकसद यही है कि किसी भी तरह से चुनाव को कैसे जीता जाए और चुनाव जीतने के लिए ध्रुवीकरण को कैसे मजबूत किया जाए. कोई मुसलमानों को पक्ष में लाने को आतुर है तो कोई सभी हिन्दुओं को पाले में खड़ा करने को आतुर. इस पूरे खेल में समाज, देश और परिवार ही खंडित क्यों न हो जाए. अनैतिक राजनीति के सहारे चुनाव जीतकर अगर कोई सत्ता के पास पहुंचता भी है तो उस नेता से कोई ऐसी अपेक्षा कर सकता है कि वह जनता और देश के साथ न्याय करेगा?

> मोदी ने यह भी कहा कि शहजादे के पिता यानी तेजस्वी के पिता ने मुसलमानों को बचाने के लिए ही यह सब रिपोर्ट तैयार कराया था ताकि जिन लोगों ने ट्रेन में आग लगाई उन्हें बचाया जा सके. उन्होंने लालू यादव पर कई तरह की बातें भी कहीं. उन्होंने यहां तक कहा कि लालू यादव सामाजिक न्याय का मुखौटा ओढ़कर जेल की हवा खा रहे हैं और जमानत पर घूम रहे हैं.

**मीडिया में अन्यत्र**

## रीति-रिवाजों की अनदेखी से उपजी फिक्र

**देश** की शीर्ष अदालत को यदि विवाह जैसे बेहद व्यक्तिगत मामले में परामर्श देना पड़ा है, तो इसका अभिप्राय यही है कि इसके मूल स्वरूप से तेजी से खिलवाड़ हुआ है. कोर्ट को सख्त लहजे में यहां तक कहना पड़ा कि विवाह यदि सप्तपदी यानी फेरे जैसे उचित संस्कार और जरूरी समारोह के बिना होता है तो वह अमान्य ही होगा. निश्चित रूप से अदालत ने यह बताने का प्रयास किया कि इन जरूरी परंपराओं के निर्वहन से ही विवाह की पवित्रता और कानूनी जरूरतों को पूरा किया जा सकता है. दरअसल, हाल के वर्षों में विवाह समारोहों के आयोजन में पैसे के फूहड़ प्रदर्शन व तमाम तरह के आडंबरों को तो प्राथमिकता दी जा रही है, लेकिन परंपरागत हिंदू विवाह के तौर-तरीकों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है. आज से कुछ दशक पूर्व हिंदी फिल्मों में हास्य पैदा करने के लिये विवाह से जुड़ी परंपराओं का जिस तरह का मजाक बनाया जाता था, आज कमोबेश वैसी स्थिति समाज में भी बनती जा रही है. वर-वधू द्वारा अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय को शुरू करने के वक्त विवाह के आयोजन में जो शालीनता, गरिमा व पवित्रता होनी चाहिए, उसे खारिज करने की लगातार कोशिशें की जाती रही हैं. यही वजह है कि अदालत को याद दिलाना पड़ा कि हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के अंतर्गत विवाह की कानूनी जरूरतों तथा पवित्रता को गंभीरता से लेने की जरूरत है. जिसके लिये पवित्र अग्नि के चारों ओर लगाये जाने वाले सात फेरे जैसे संस्कारों व सामाजिक समारोह से ही विवाह को मान्यता मिल सकती है. निश्चित रूप से आज विवाह संस्कार की गरिमा को प्रतिष्ठा दिये जाने की जरूरत है. यानी विवाह सिर्फ प्रदर्शन नहीं है. विवाह मजबूरी का समझौता भी नहीं हो सकता. निश्चित रूप से विवाह को औपचारिक रूप से मान्यता देने के लिये पंजीकरण आदि के उपाय इस रिश्ते को अपेक्षित गरिमा देने में विफल ही रहे हैं. यही वजह है कि शीर्ष अदालत में न्यायाधीश को कहना पड़ा कि सात फेरों का अर्थ समझे बिना हिंदू विवाह की गरिमा को नहीं समझा जा सकता. यह भी कि हिंदू विवाह सिर्फ नाचने-गाने तथा पार्टीबाजी की ही चीज नहीं है, यह एक गरिमामय संस्कार है. उसके लिये सामाजिक भागीदारी वाला जरूरी विवाह समारोह भी होना चाहिए. यानी महज पंजीकरण से विवाह की वैधता पर मोहर नहीं लग जाती. निस्संदेह, निष्कर्ष यही है कि पैसा पानी की तरह बहाकर तमाम तरह के आडंबरों को आयोजित करने के बजाय विवाह के मर्म को समझना होगा. ( )



**शब्द चर्चा** डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## भी/ही

**पहला** वाक्य- यहां आप भी बहुत बड़े विद्वान हैं. दूसरा वाक्य-यहां आप ही बहुत बड़े विद्वान हैं. तीसरा वाक्य- तुम ही मेरी पत्नी हो. चौथा वाक्य-तुम भी मेरी पत्नी हो. इन चारों वाक्यों में 'भी' और 'ही' शब्दों का चमत्कार दिखता है. 'आप भी बहुत बहुत बड़े विद्वान हैं' का मतलब हुआ यहां बहुत सारे विद्वान हैं, उनमें से आप भी हैं. दूसरे वाक्य में 'ही' के प्रयोग ने पहले वाक्य के अर्थ को उलट दिया. मतलब आपके सिवा कोई और बड़ा विद्वान नहीं है. तीसरे वाक्य का मतलब है, मेरी पत्नी तुम ही हो और दूसरा कोई नहीं. वहीं चौथे वाक्य का मतलब है तुम भी मेरी पत्नी हो यानी और भी कई पत्नियां हैं. 'ही' का मतलब होता है सिर्फ और केवल. इसका प्रयोग किसी व्यक्ति, व्यक्तियों के समूह या वस्तु या वस्तुओं को विशेष रूप से इंगित करने के लिए किया जाता है, जबकि 'भी' का प्रयोग व्यक्ति, व्यक्तियों या वस्तु या वस्तुओं को इंगित करने के लिए किया जाता है, लेकिन इसमें 'ही' की विशेषता नहीं रहती. 'भी' शब्द में किसी व्यक्ति या वस्तु का जिक्र अन्य व्यक्ति या वस्तुओं के साथ जोड़ कर करते हैं या तब करते हैं, जब उसमें कोई और भी शामिल हो. 'ही' तथा 'भी' ये दोनों अव्यय हैं. काल, वचन, लिंग आदि के बदलने पर इनका स्वरूप परिवर्तन नहीं होता. हिंदी भाषा में 'ही' और 'भी' शब्द निश्चयात्मकता का बोध कराते हैं. जैसे बाजार में मोहन जाएगा तथा बाज़ार में मोहन ही जाएगा. यहां पहले वाक्य में सामान्यतः विधान कर दिया कि बाजार में मोहन जाएगा, लेकिन परिस्थिति विशेष में किसी दूसरे का जाना भी हो सकता है, लेकिन इसमें 'ही' का प्रयोग होने से किसी और के बाजार जाने की सम्भावनाएं समाप्त हो गयी हैं. यही स्थिति 'भी' के लिए है. जैसे मोहन के साथ राकेश भी जाएगा. यहां भी का प्रयोग होने से राकेश का जाना निश्चित हो गया.

# नाम वाम में क्या रक्खा है!

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा

पहचान के लिए नामकरण ज़रूरी है. जबतक किसी वस्तु या व्यक्ति को कोई नाम नहीं दे दिया जाता उसकी विशिष्ट पहचान नहीं हो पाती. बच्चे के पैदा होते ही उसका कोई न कोई नाम रख दिया जाता है. उसका नामकरण बड़े समारोह पूर्वक किया जाता है. अपनी पसंद का नाम छांटिए और रख दीजिए. पर एक बार जो भी नाम पड़ गया, उसका बदलना बड़ा कठिन होता है. नाम, वस्तु या व्यक्ति से, कुछ इस प्रकार जुड़ जाता है की दोनों को अलग नहीं किया जा सकता. लोटा नाम न हो तो लोटा आप किसी कहेंगे? देश में नाम बदलने की मुहिम शुरू हो गई. बल्कि कहना चाहिए, नाम बदलने की राजनीति ही आरम्भ हो गई. जिसका भी नाम पसंद नहीं आया, उसे बदल डाला गया. एक का बदला, दूसरे का बदला, तीसरे, चौथे का बदला. सिलसिला चल निकला. नाम बदलने का यह सिलसिला फिलहाल तो नगरों और स्थानों तक ही सीमित है, पर बात निकली है तो न जाने कहां तक पहुंच जाए और व्यक्तियों के भी नापसंद नाम तक बदल दिए जाएं! जिला फैजाबाद को अयोध्या बनाया गया है. क्या पता फैज़ अहमद फैज़ को अयोध्या अहमद अयोध्या कहने पर बाध्य कर दिया जाए. मैं गलत होऊं तो मेरा नाम बदल दें. कहने को तो खैर मैंने कह दिया, पर कौन चाहेगा इस तरह अपना नाम बदलवाना ? नाम के आगे उपनाम तो लोग बेशक रख लेते हैं. काशी को बनारस कहें या वाराणसी, शहर तो वही रहेगा. बंबई मुम्बई हो गया और मद्रास, चेन्नई बन गया लेकिन शहर जैसे थे वैसे ही रहे. शेक्सपीयर ने शायद ठीक ही कहा था, गुलाब तो गुलाब ही रहेगा, आप उसे किसी भी नाम से क्यों न पुकारें! इलाहाबाद पहले शायद प्रयाग हुआ करता था, अब प्रयागराज हो गया है. लेकिन इलाहाबाद का जो विशिष्ट इलाहाबादी मिज़ाज है, वह प्रयागी मिज़ाज तो कभी बन नहीं सकता. मैं इलाहाबाद, सौरी, प्रयागराज से बोल रहा हूँ. क्षमा कीजिए, कहना तो प्रयागराज ही चाहता था. गलती से इलाहाबाद निकल गया. क्या करूं, ज़बान इतनी चिकनी है कि बार बार फिसल कर अपने पुराने मुकाम पर आ जाती है. राम नाम की लूट है लूट सके तो लूट. लोगों ने राम नाम को खूब लूटा है. किसी के नाम के आगे राम हैं तो किसी के नाम के पीछे राम विराजमान हैं. कोई राम प्रकाश है तो कोई तेनाली राम हैं. तो कोई खुद ही रामजी बने बैठे हैं. किसी के लिए राम-राम अभिवादन बन गया तो कोई धत-काम के लिए मुंह बिरा कर राम राम कहने लगा. कोई असंभव काम न हो पाए तो राम भजो. वैसे भी राम नाम के जाप की हिन्दू धर्म में बड़ी महत्ता मानी गई है. बाकी समय पर हम राम की सत्यता पर भले ही शक करें,मरने पर तो राम नाम सत्य हो ही जाता है.



# अक्षय तृतीया विशेष

## कन्या राशि वाले खरीदें शेयर, वृष राशि वाले करें चना दान





आचार्य प्रणव मिश्रा

**अक्षय तृतीया के शुभ दिन में आप अपनी राशि के अनुसार समान खरीद सकते हैं और इसके अनुरुप ही दान कर सकते हैं. इससे जहां सामान सुख-सौभाग्य में वृद्धि करेगा, वहीं दान से पुण्य की प्राप्ति होगी.**



**मेष राशि** - सोना, पीतल, तांबा खरीदें. इस राशि के लोग बांस का पंखा दान कर सकते हैं.

**वृष** - चांदी का सामान या कोई सफेद वस्तु खरीदें. वृष राशि वालों को शरबत या चना का दान करना चाहिए.

**मिथुन राशि** - इस राशि के लोग सोना या पीतल की मूर्ति खरीदें. किसी बैंक का शेयर लें. हरा फल सब्जी दान करें.

**कर्क राशि** - चांदी के बर्तन सिक्का आभूषण खरीदें. दूध का दान कर सकते हैं.

**सिंह राशि** - सोना तांबा का सामाना खरीद सकते हैं, वहीं इलेक्ट्रिक संबंधित शेयर ले सकते हैं. मौसम के अनुसार फल खरीदें और दान करें.

**कन्या राशि** - बैंक का शेयर, चांदी व पीतल के सामान खरीदें. वस्त्र और सब्जी दान कर सकते हैं.

**तुला राशि** -चांदी सिक्का व इलेक्ट्रॉनिक समान खरीदें. चांदी का सिक्का दान कर सकते हैं.

**वृश्चिक राशि** - सोना व पीतल के सामान खरीदें. चना का दान करें.

**धनु राशि**- चांदी के बर्तन, सिक्का और पीली वस्तु खरीदें. मिट्टी का सामान दान दें.

**मकर राशि** - सोना के आभूषण, लोहे का सामान खरीदें. म्युचुअल फंड में पैसे लगाएं. लोहे का सामान दान दें.

**कुम्भ राशि** - सोना-चांदी के सिक्के खरीदें. वाहन व जमीन की भी खरीदारी कर सकते हैं. सत्तू व मौसमी फल का दान कर सकते हैं.

**मीन राशि**- सोना, पीली वस्तु, धार्मिक पुस्तक, घर आदि की खरीदारी शुभ होगी. आम का शरबत दान कर सकते हैं.



**शुभ मुर्हूत**

सुबह 10: 40 के बाद दिन भर

# ॐ श्रीं ह्लीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद



आचार्य अजय मिश्रा

**अक्षय तृतीया बेहद शुभ तिथि है. यह धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक उत्थान का दिवस है. आइए, इसके शुभ मुर्हूत, विधि-विधान की करें चर्चा-**

## इनकी करें पूजा

अक्षय तृतीया के दिन प्रातः स्नान कर लक्ष्मी, गणेश और कुबेर देवता की पूजा करनी चाहिए. सर्वप्रथम गणेश जी की पूजा करें. उनको अक्षत, फूल, दूर्वा, सिंदूर, चंदन, पान, सुपारी, नारियल, धूप, दीप, फूल, मोदक आदि अर्पित करें. उसके बाद माता लक्ष्मी की पूजा करें. उनको कुमकुम, अक्षत कमल का फूल, गुलाब का फूल, कमलगट्टा, माला, हल्दी, धूप, दीप, नैवैद्य चढ़ाएं. इस दिन भगवान नारायण की भी पीला फूल, चन्दन, तुलसी, धूप-दीप से पूजा करना चाहिए. इस दिन ब्राहमण को अन्न, वस्त्र, फल, दान करना चाहिए. आज के दिन ब्राहमण को भोजन कराना विशेष लाभकारी माना गया है. अक्षय तृतीया के दिन श्रीमद्भागवत गीता के 18 वें अध्याय का पाठ करना चाहिए.

## इनकी करें खरीदारी

सोना-चांदी, वाहन,पीतल का से बने बर्तन, भूमि-भवन, वाहन, आभूषण, वस्त्र इत्यादि की खरीदारी शुभ प्रद मानी जाती है.

## क्या नहीं खरीदें

अक्षय तृतीया के दिन प्लास्टिक की चीजें खरीदना अच्छा नहीं होता है. इसके अलावा इस दिन स्टील या एल्युमिनियम के बर्तन और सामान भी नहीं खरीदना चाहिए. कहा जाता है कि अक्षय तृतीया के दिन प्लास्टिक, एल्युमिनियम और स्टील की चीजें खरीदने से घर में दरिद्रता आती है.

## इसका करें दान

इस दिन नमक का दान करने से पितरों को खुशी मिलती है. इससे वह हमारे जीवन के सभी परेशानियों को दूर करते हैं. इसलिए अक्षय तृतीया पर नमक खरीदा जाता है. मान्यता है कि नमक का दान करने से पितृगण प्रसन्न हो जाते हैं और कुल वंश में धन- संपति प्रदान करते हैं.



## यह है महत्व

- आज से ही श्री बद्रीकेदारनाथ की तीर्थ यात्रा प्रारम्भ की जाती है.
- अक्षय तृतीया दिन भगवान विष्णु द्वारा शासित होता है जिन्हें हिंदू त्रिमूर्ति में संरक्षक भगवान माना जाता है.
- हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, त्रेता युग का दूसरा युग अक्षय तृतीया के दिन शुरू हुआ था.
- परशुराम जयंती को अक्षय तृतीया के रूप में भी मनाया जाता है, जिन्हें भगवान विष्णु के अवतारों में से एक के रूप में जाना जाता है.
- इस इस दिन मां गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थीं. राजा भागीरथ ने गंगा को धरती पर अवतरित कराने के लिए हजारों वर्ष तक तप किया था और तब वे धरती पर आईं थी.
- इस दिन पवित्र गंगा में डूबकी लगाने से मनुष्य के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं.
- इस दिन मां अन्नपूर्णा का जन्मदिन भी मनाया जाता है. इस दिन गरीबों को खाना खिलाया जाता है और भंडारे किए जाते हैं. मां अन्नपूर्णा के पूजन से रसोई तथा भोजन में स्वाद बढ़ जाता है.
- अक्षय तृतीया के अवसर पर ही महर्षि वेदव्यास जी ने महाभारत लिखना शुरू किया था. महाभारत को पांचवें वेद के रूप में माना जाता है.
- बंगाल में इस दिन भगवान गणेशजी और माता लक्ष्मीजी का पूजन कर सभी व्यापारी अपना नया खाता बही का शुरूआत करते हैं. व्यपारी वर्ग इस दिन को 'हलखता' कहते हैं.
- भगवान शंकर जी ने इसी दिन भगवान कुबेर माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना करने की सलाह दी थी जिसके बाद से अक्षय तृतीया के दिन माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है. यह परंपरा आज तक चली आ रही है.
- अक्षय तृतीया के दिन ही पांडव पुत्र युधिष्ठर को अक्षय पात्र की प्राप्ति भी हुई थी. इसकी विशेषता यह थी कि इसमें कभी भी भोजन समाप्त नहीं होता था.

*वैशाख मास शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया या आखा तीज के नाम से जाना जाता है. पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन जो भी शुभ कार्य किए जाते हैं, उनका अक्षय फल प्राप्त होता है. इस दिन किया गया जप, तप, हवन, स्वाध्याय भी अक्षय हो जाता है.*

# अक्षय तृतीया दिखाती है साधना से समृद्धि की राह

"अस्यां तिथौ क्षयमुर्पति हुतं न दत्तं।
तेनाक्षयेति कथिता मुनिभिस्तृतीया।।"



मोहन मंगलम

**अक्षय तृतीया की तिथि स्वयंसिद्ध मुहूर्त मानी जाती है. ऐसी मान्यता है कि इस दिन बिना कोई पंचांग देखे विवाह, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक व शुभ कार्य तथा वस्त्र-आभूषणों, घर, भूखण्ड, वाहन आदि की खरीददारी की जा सकती है. इस दिन को नवीन वस्त्र-आभूषण धारण करने और नई संस्था, समाज आदि की स्थापना या उद्घाटन आदि के लिए भी श्रेष्ठ माना जाता है. इस दिन पितरों को किया गया तर्पण तथा पिंडदान अथवा किसी अन्य प्रकार का दान अक्षय फल प्रदान करता है. इस दिन किया गया सत्कर्म अक्षय रहता है.**

अक्षय तृतीया को गंगा स्नान करने से तथा भगवत पूजन से समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं. माना जाता है कि इस दिन व्यक्ति स्वयं या स्वजनों द्वारा किए गए जाने-अनजाने अपराधों के लिए शुद्ध अंतःकरण से क्षमा प्रार्थना करे तो भगवान उसके अपराधों को क्षमा कर देते हैं और उसे सद्गुण प्रदान करते हैं. इसे देखते हुए अक्षय तृतीया के दिन अपने दुर्गुणों को भगवान के चरणों में सदा के लिए अर्पित कर उनसे सद्गुणों का वरदान मांगने की परम्परा भी है. ऐसी भी मान्यता है कि अक्षय तृतीया पर अपने अच्छे आचरण और सद्गुणों के लिए मिला श्रेष्ठजनों का आशीर्वाद भी अक्षय रहता है.

अक्षय तृतीया के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर गंगा या अन्य किसी पावन नदी में स्नान करके और शान्तचित्त होकर भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा करने का प्रावधान है. इस दिन नैवेद्य में जौ व गेहूँ का सत्तू, ककड़ी और चने की दाल प्रभु को अर्पित की जाती है. तत्पश्चात फल, फूल, पात्र तथा वस्त्र आदि का दान किया जाता है. मान्यता है कि इस दिन सत्तू अवश्य खाना चाहिए. सौभाग्यवती स्त्रियां और कुंआरी कन्याएं इस दिन गौरी-पूजा करके मिठाई, फल और भीगे हुए चने बांटती हैं, गौरी-पार्वती की पूजा करके धातु या मिट्टी के कलश में जल, फल, फूल, तिल, अन्न आदि का दान करती हैं.

### सौभाग्य का प्रतीक

'अक्षय तृतीया' के दिन खरीदा व धारण किया गया सोना अखण्ड सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है. इस दिन शुरू किए गए किसी भी नए काम में सदा सफलता मिलती है और वह फलता-फूलता है. सामाजिक दृष्टि से यह दिन लोगों के बीच सद्भावना, समरसता और आत्मसमर्पण की भावना को बढ़ाता है. अक्षय तृतीया को विवाह, गृह प्रवेश, नौकरी की शुरुआत, नए उद्यम की शुरुआत आदि के लिए भी शुभ माना जाता है. यह दिन लोगों को नई शुरुआत के लिए प्रेरित करता है और उन्हें अपने जीवन में सफलता की ओर अग्रसर करने का संदेश देता है.

### पौराणिक महत्व

भविष्य पुराण के अनुसार, सतयुग और त्रेता युग का प्रारंभ इसी तिथि से हुआ. इसी दिन महाभारत का युद्ध समाप्त हुआ था. भगवान विष्णु के हयग्रीव का अवतरण भी इसी तिथि को हुआ था. ब्रह्माजी के पुत्र अक्षय कुमार का आविर्भाव भी इसी दिन हुआ था. इस दिन श्री बद्रीनाथ जी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाती है और श्री लक्ष्मी नारायण के दर्शन किए जाते हैं. प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बद्रीनारायण के कपाट भी इसी तिथि से ही पुनः खुलते हैं. वृन्दावन स्थित श्री बांके बिहारी जी मन्दिर में भी केवल इसी दिन श्री विग्रह के चरण दर्शन होते हैं, अन्यथा वे पूरे वर्ष वस्त्रों से ढंके रहते हैं.

### नारायण का परशुराम अवतार

स्कंद पुराण और भविष्य पुराण में उल्लेख है कि वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया को मां रेणुका के गर्भ से भगवान विष्णु ने परशुराम रूप में अवतार लिया था. परशुराम जयन्ती होने के कारण इस दिन भगवान परशुराम के आविर्भाव की कथा भी सुनी जाती है. इस दिन परशुराम जी की पूजा करके उन्हें अर्घ्य देने का बड़ा माहात्म्य माना गया है. इस दिन अनेक स्थानों पर भगवान परशुराम की झांकियां निकाली जाती हैं.

### प्रचलित कथा

अक्षय तृतीया की अनेक व्रत कथाएं प्रचलित हैं. ऐसी ही एक कथा के अनुसार प्राचीन काल में धर्मदास नामक एक वैश्य था. उसकी आमदनी कम थी, किंतु सदाचार, देवताओं और ब्राह्मणों के प्रति उसकी अपार श्रद्धा थी. एक दिन उसने रोहिणी नक्षत्र में वैशाख शुक्ल तृतीया का माहात्म्य सुना कि इस तिथि को जो कुछ भी दान किया जाता है, उसका फल अक्षय होता है. यह जानकर उसने गंगा-स्नान किया और पितरों एवं देवताओं का तर्पण किया. फिर घर आकर देवी-देवताओं का विधिपूर्वक पूजन किया. ब्राह्मणों को दान-दक्षिणा के रूप में जौ, गेहूं, सत्तू, दूध, दही, गुड़, घड़ा, पंखा, सोना शक्ति अनुसार शुद्ध मन से प्रदान किए. कहते हैं कि अक्षय तृतीया के दिन किए गए दान व पूजन के कारण वह अगले जन्म में कुशावतीपुरी नामक नगर का राजा बना और धन संपन्न हुआ. उसने बड़े-बड़े यज्ञ किए, गोदान, स्वर्ण दान दिए। अनेक दीन-दुखियों को धन देकर संतुष्ट किया, फिर भी उसका धन कभी समाप्त नहीं हुआ, क्योंकि उसके पास अक्षय भंडार था. अक्षय तृतीया को श्रद्धापूर्वक दान का ही यह सब फल था. इसीलिए इस व्रत का बड़ा माहात्म्य है.

### सांस्कृतिक महत्व

अक्षय तृतीया का महत्व विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों में अलग-अलग तरीके से मनाया जाता है. उत्तर भारत में इस दिन लोग गंगा नदी में स्नान करते हैं. दक्षिण भारत में लोग विभिन्न देवालयों और तीर्थ स्थलों में जाते हैं और पूजा-अर्चना करते हैं. अनेक स्थानों पर छोटे बच्चे भी पूरी रीति-परम्पराओं के साथ अपने गुड्डा-गुड़िया का विवाह रचाते हैं. इस प्रकार गांवों में बालक-बालिकाओं सामाजिक कार्य व्यवहारों को स्वयं सीखते व आत्मसात करते हैं. कई स्थानों पर तो परिवार के साथ-साथ पूरा का पूरा गांव भी बालक-बालिकाओं के द्वारा रचे गए वैवाहिक कार्यक्रमों में सम्मिलित हो जाता है. इस तरह अक्षय तृतीया सामाजिक व सांस्कृतिक शिक्षा का अनूठा त्यौहार है.

### धार्मिक महत्व

अक्षय तृतीया वसन्त ऋतु के अन्त और ग्रीष्म ऋतु के प्रारम्भ का दिन भी है. वैशाख मास में भगवान भास्कर की तेज धूप तथा लहलहाती गर्मी से प्रत्येक जीवधारी क्षुधा पिपासा से व्याकुल हो उठता है. इसलिए इस दिन जल से भरे घड़े, कुल्हड़, सकोरे, पंखे, खड़ाऊं, छाता, चावल, नमक, घी, खरबूजा, ककड़ी, शक्कर, साग, इमली, सत्तू आदि गर्मी में लाभकारी वस्तुओं का दान अक्षय पुण्यकारी माना गया है. ऐसा लोक विश्वास है कि इस दिन जिन-जिन वस्तुओं का दान किया जाएगा, वे वस्तुएं स्वर्ग व अगले जन्म में प्राप्त होंगी. सुख-शांति की कामना से व सौभाग्य तथा समृद्धि हेतु इस दिन शिव-पार्वती और नर नारायण की पूजा का विधान है. इस दिन श्रद्धा, विश्वास के साथ व्रत रखकर जो प्राणी गंगा-यमुनादि तीर्थों में स्नान कर अपनी शक्ति के अनुसार देव स्थल व घर में यज्ञ, होम, देव-पितृ तर्पण, जप, दानादि शुभ कर्म करते हैं, उन्हें अक्षय फल की प्राप्ति होती है.

इस दिन लोग आध्यात्मिक उत्थान के माध्यम से अपने जीवन को धन, समृद्धि और शांति से भर देते हैं. अक्षय तृतीया हमें यह शिक्षा देती है कि धार्मिकता और आध्यात्मिकता का हमारे जीवन में महत्व है और इसके माध्यम से ही हम अपने जीवन को संतुलित और समृद्ध बना सकते हैं. धार्मिक और आध्यात्मिक सिद्धांतों को अपना कर अपने आसपास की समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं.

यह दिन अपनी योग्यता को निखारने और अपनी क्षमता को बढ़ाने के लिए उत्तम है. अपने कर्मों को सही दिशा में प्रोत्साहित करने के लिए इसे श्रेष्ठ माना जाता है. दीन-दुखियों की सेवा करना, वस्त्रादि का दान करना ओर शुभ कर्म की ओर अग्रसर रहते हुए मन-वचन व कर्म से मानव धर्म का पालन करना ही अक्षय तृतीया पर्व की सार्थकता है. दान करने से जाने-अनजाने हुए पापों का बोझ हल्का होता है और पुण्य की पूंजी बढ़ती है.





## दूर होंगी बाधाएं आजमाइए ये टोटके

**अक्षय तृतीया कई तरह के टोटकों के लिए बेहद कारगर दिन माना जाता है. अगर पैसे की तंगी है, पैसा टिकता नहीं, वैवाहिक जीवन में परेशानी है या फिर विवाह में बाधा आ रही है तो इन टोटकों को आजमाएं.**

- अक्षय तृतीया के दिन चांदी, तांबा, या पीतल के पात्र में चावल भर के इसे घर लेकर आएं और तिजोरी या धन के स्थान पर रखें. इससे मां लक्ष्मी की कृपा बढ़ेगी.
- आज के दिन एक थाली में केसर से स्वास्तिक बनाएं. उस पर महालक्ष्मी यंत्र स्थापित करें. घी का दीपक जलाएं और मां लक्ष्मी के मंत्रों का जाप करें. पूजा के बाद इस महालक्ष्मी यंत्र को तिजोरी में रख दें. सुख-समृद्धि में वृद्धि होगी.
- मां लक्ष्मी के सामने तीन इलाइची रखें और शुक्र देव का ध्यान करते हुए उनकी उपासना करें. उनके मंत्रों का जाप करें. फिर इन इलाइची को कपूर के साथ एक कटोरी में रख कर जलाएं. जली इलाइची को तुलसी के पौधे में डाल दें. यह टोटका आपकी समृद्धि को बढ़ाएगा.
- इस दिन मां लक्ष्मी को मखाने की खीर का भोग लगाने से आपके घर की संपत्ति में वृद्धि होती है.
- शादी में रुकावटें आ रही हैं तो अक्षय तृतीया वाले दिन हाथों में नारियल लेकर अपना नाम गोत्र बोलकर पीपल की सात परिक्रमा करें. फिर नारियल पीपल को अर्पित कर दें. इससे विवाह संबंधी बाधाएं दूर होंगी.
- अक्षय तृतीया के दिन शिवालय में मिट्टी की मटकी का दान करें और शिवलिंग का रुद्राभिषेक करने से वैवाहिक जीवन मधुर होता है.
- अक्षय तृतीया पर केले के पेड़ को सीचें और **ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरुवे नमः** मंत्र का 108 बार जाप करें. विवाह बाधा दूर होगी.
- अगर प्रेम विवाह में बाधा आ रही है तो इस दिन विष्णु जी को पीले कपड़े में 5 हल्दी की गांठ बांधकर विष्णु जी को अर्पित करें. फिर केसर और चंदन के लेप से अपने माथे पर तिलक लगाएं. हल्दी माला से इस मंत्र का जप करें–

**ॐ ह्रीं श्रीं लक्ष्मीवासुदेवाय नमः**

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी





## 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की तैयारी के लिए काफी महत्वपूर्ण प्रतियोगिता होगी

# हॉकी प्रो लीग के यूरोप चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित

एजेंसी। नयी दिल्ली



हरमनप्रीत सिंह 22 मई से शुरू हो रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत की 24 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगे.भारत यूरोप चरण में कुल आठ मैच खेलेगा. टीम दो चरण के टूर्नामेंट में अर्जेन्टीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन से दो-दो मैच खेलेगी. पहला चरण 22 से 30 मई तक बेल्जियम के एंटवर्प में होगा जबकि दूसरा चरण लंदन में एक से 12 जून तक खेला जाएगा.

यह 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की तैयारी के लिए काफी महत्वपूर्ण प्रतियोगिता होगी और मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन को टीम को खेलों के महाकुंभ के लिए तैयार करने का मौका देगी. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी की सरजमीं पर पांच टेस्ट की श्रृंखला में 0-5 की हार के बाद भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी. भारत प्रो लीग तालिका में अभी आठ मैच में 15 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है. नीदरलैंड 12 मैच में 26 अंक के साथ शीर्ष पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया के आठ मैच में 20 अंक हैं. फुल्टोन ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा, हम शिविर में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और एक-दूसरे के खेल को लेकर समझ विकसित की है. उन्होंने कहा, पेरिस ओलंपिक से पहले हमें शीर्ष स्तर की टीमों के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा, जिससे हमें अपने खेल को मजबूत और बेहतर करने में मदद मिलेगी. कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, एफआईएच प्रो लीग में हमें शीर्ष स्तरीय टीमों के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा. खिलाड़ियों को अनुभव देने के लिए हमने टीम का चयन किया है और इससे मुझे पेरिस ओलंपिक से पहले खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी प्रारूप में देखने को मिलेगा. मिडफील्डर हार्दिक सिंह को उप कप्तान बनाया गया है.

### टीम इस प्रकार है

**गोलकीपर :** पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक

**डिफेंडर :** जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, विष्णुकांत सिंह

**मिडफील्डर :** विवेक सागर प्रसाद, निलाकांता शर्मा, मनप्रीत सिंह, शमशेर सिंह, हार्दिक सिंह, राजकुमार पाल, मोहम्मद रहील मौसीन

**फॉरवर्ड :** मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, गुरजंत सिंह, आकाशदीप सिंह, अराइजीत सिंह हुंदल और बॉबी सिंह धामी.

## ब्रीफ खबरें

### बायर्न को हराकर लीग फाइनल में

**मैड्रिड।** रीयाल मैड्रिड ने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बुधवार को यहां बायर्न म्यूनिख को 2-1 से हराकर तीन सत्र में दूसरी बार चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई. मैड्रिड ने कुल स्कोर के आधार पर 4-3 से जीत दर्ज की. अल्फांसो डेविस ने 68वें मिनट में बायर्न को बढ़त दिलाई. बायर्न की जीत लगभग तय लग रही थी लेकिन जोसेलु ने 88वें मिनट में रीयाल मैड्रिड को बराबरी दिला दी. जोसेलु ने इंजरी टाइम के पहले मिनट में एक और गोल दागकर रीयाल मैड्रिड की जीत सुनिश्चित की और उसे फाइनल में जगह दिलाई.फाइनल में रीयाल मैड्रिड की भिड़ंत एक जून को लंदन में बोरूसिया डोर्टमंड से होगी.

### कमिंस के समर्थन से काफी फायदा मिला : अभिषेक

**हैदराबाद।** शानदार फॉर्म में चल रहे सनराइजर्स के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि कप्तान पैट कमिंस और टीम प्रबंधन के सहयोग ने आईपीएल में उनकी सफलता में अहम भूमिका निभाई है. बायें हाथ के बल्लेबाज ने 12 मैचों में 205 के स्ट्राइक रेट से 401 रन बना लिये हैं. उन्होंने लखनऊ पर 10 विकेट से मिली जीत के बाद जियो सिनेमा मैच सेंटर लाइव में कहा, सहयोगी स्टाफ और पैट जिस तरह से सोचते हैं, मैने कभी किसी को ऐसे सोचते नहीं देखा. वे खुल कर खेलने के लिए कहते हैं.इससे काफी फर्क पड़ा. इस सत्र में सर्वाधिक 35 छक्के लगा चुके अभिषेक ने कहा, मैं जब इस तरह से खेलता हूं तो मेरे शॉट बेहतर आते हैं और गेंदबाज दबाव में आ जाते हैं. मैं हमेशा सोचता था कि अगर आईपीएल में खेलूंगा तो ऐसे ही खेलूंगा. अपने सलामी जोड़ीदार ट्रेविस हेड की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई स्पिन को ट्रेविस से बेहतर खेल सकता है. उन्होंने कृष्णप्पा गौतम को शॉट लगाया, आम तौर पर कोई बल्लेबाज ऐसा नहीं कर पाता.

## आईपीएल : गुजरात को मिलेगा होम ग्राउंड का फायदा

# प्लेआफ का दावा पुख्ता करने उतरेगी चेन्नई सुपर किंग्स

एजेंसी। अहमदाबाद

चोटों और अंतरराष्ट्रीय व्यस्तताओं के कारण प्रमुख खिलाड़ियों के बाहर रहने के बावजूद चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के 12वें दौर के मुकाबले में गुजरात टाइटंस को हराकर प्लेआफ का अपना दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी. चेन्नई के 11 मैचों में 12 अंक है और गुजरात पर जीत उसके लिये बहुत महत्वपूर्ण होगी क्योंकि प्लेआफ में उसकी जगह अभी भी पक्की नहीं है और एक हार उस पर भारी पड़ सकती है. दीपक चाहर और मथीषा पथिराना चोटों के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं जबकि मुस्ताफिजूर रहमान बांग्लादेश के लिये खेलने चले गए हैं. अब चेन्नई के तीनों स्पिनरों रविंद्र जडेजा, मिशेल सेंटनेर और मोईन अली पर आक्रमण का दारोमदार होगा. चेन्नई ने धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ जिस तरह 167 रन बनाने के बाद मैच जीता, उससे प्रशंसकों की उम्मीदें बंधी होगी. गुजरात को हराकर चेन्नई अंकतालिका में सनराइजर्स हैदराबाद से ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी. अभी तक जिन तीन टीमों के 12 अंक हैं , उनमें चेन्नई ( प्लस 0 . 700) का रनरेट सबसे अच्छा है. गुजरात के 14 अंक हैं और वह दौड़ से पूरी तरह बाहर नहीं है लेकिन शुभमन गिल की टीम के लिये आगे का सफर काफी कठिन है. पिछले पांच मैचों में सिर्फ एक जीत दर्ज कर सकी टीम का मनोबल गिरा है. मोहम्मद शमी की गैर मौजूदगी में गेंदबाजी में धार नजर नहीं आ रही. वहीं गिल खुद पिछले पांच में से तीन मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके और उनका सर्वोच्च स्कोर 35 रहा है. साई सुदर्शन, शाहरुख खान और डेविड मिलर लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं. गेंदबाजों में मोहित शर्मा और जोश लिटिल महंगे साबित हुए हैं. नयी गेंद के गेंदबाजों से मदद नहीं मिलने से अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान और नूर अहमद भी उतने प्रभावी नहीं रहे. दूसरी ओर चेन्नई के रूतुराज गायकवाड़ ने मोर्चे से कप्तानी की है. उन्होंने 11 मैचों में 541 रन बनाये और आरेंज कैप की दौड़ में विराट कोहली से एक ही रन पीछे हैं. पंजाब के खिलाफ इंपैक्ट खिलाड़ी रहे सिमरजीत सिंह ने 140 की रफ्तार से गेंदबाजी करके तीन ओवर में 16 रन देकर दो विकेट लिये.



मैच का समय : शाम 7.30 बजे से

### टीमें

*चेन्नई सुपर किंग्स :* रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धौनी (विकेटकीपर), अरावेली अवनीश, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिचेल, रचिन रविंद्र, मिशेल सैंटनर, निशांत सिंधु , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मथीशा पाथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शार्दुल ठाकुर, महेश तीक्ष्णा और समीर रिजवी.

*गुजरात टाइटंस :* शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रॉबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, शशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुतार.

### भारतीय क्रिकेट के लिए उम्दा प्रतिभा हैं अभिषेक : ट्रेविस हेड

**हैदराबाद।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ आईपीएल के इतिहास में लक्ष्य का पीछा करने का रिकॉर्ड बनाने वाले आस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने अभिषेक शर्मा को भारतीय क्रिकेट के लिए बेहतरीन प्रतिभा बताया है. हेड (30 गेंद में नाबाद 89) और शर्मा (28 गेंद में नाबाद 75) ने 166 रन का लक्ष्य 9.4 ओवर में हासिल कर लिया. यह पुरुषों के टी10 क्रिकेट में दस ओवरों में रिकॉर्ड स्कोर है. हेड ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, अभि के साथ साझेदारी बेहतरीन थी. वह भारतीय क्रिकेट के लिए रोमांचक प्रतिभा है. हमारा तालमेल जबर्दस्त था और उसके साथ खेलने में बहुत मजा आया. वह इतना ऊर्जावान है और अपने खेल को लेकर काफी सोचता है. अगले महीने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले विश्व कप से पहले हेड ने आईपीएल में 11 पारियों में 201 . 89 की स्ट्राइक रेट से 533 रन बना लिये हैं. हेड ने कहा, आप हमेशा लगातार अच्छा खेलना चाहते हैं. अच्छा खेलकर सुखद अनुभूति होती है. यह वेस्टइंडीज में भी अच्छे प्रदर्शन की गारंटी नहीं है लेकिन इससे मेरा आत्मविश्वास बढा है. वेस्टइंडीज में स्पिनरों को खेलना होगा और विकेट कठिन हो सकते हैं. मुझे खुशी है कि मैं स्पिन को बखूबी खेल सका.

## डायमंड लीग से ओलंपिक की तैयारी शुरू करेंगे नीरज चोपड़ा

एजेंसी। दोहा




ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा शुक्रवार को दोहा डायमंडल लीग के एक दिवसीय पहले चरण के जरिए पेरिस ओलंपिक की अपनी तैयारियां शुरू करेंगे. मौजूदा विश्व और एशियाई खेल चैम्पियन भारत के भाला फेंक स्टार चोपड़ा का सामना पूर्व विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और ओलंपिक तथा विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता चेक गणराज्य के याकूब वालेश से होगा.

एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारत के किशोर जेना डायमंड लीग में पदार्पण करेंगे. उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 87.54 मीटर है जबकि चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है. यूरोपीय चैम्पियन जर्मनी के जूलियन वेबर भी दस खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो लीग में उतरेंगे. इसके बाद लीग का दूसरा चरण 19 मई को मोरक्को में होगा. चोपड़ा यहां गत चैम्पियन भी हैं जिन्होंने 2023 में वालेश और पीटर्स को हराया था. चोपड़ा ने भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, सफलता टीमवर्क पर निर्भर करती है. मेरे कोच और फिजियो का अपार योगदान है कोच मेरी तकनीक की समीक्षा करते हैं और बताते हैं कि मेरे अनुकूल क्या होगा. हमारे पास स्ट्रेंथ ट्रेनिंग विशेषज्ञ भी है. पीटर्स ने 2022 में यहां 93.07 का थ्रो फेंका था. वहीं तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता वालेश 2023 डायमंड लीग चैम्पियन हैं और यहीं पर 2022 में उन्होंने 90.88 मीटर का थ्रो फेंका था. चोपड़ा ने डायमंड लीग के तीन अलग अलग चरण जीते हैं और 2022 में चैम्पियंस ट्रॉफी हासिल की थी.

## अंतरराष्ट्रीय शंतरज मास्टर वर्गीज कोशी का निधन

एजेंसी। चेन्नई




अंतरराष्ट्रीय मास्टर और प्रतिष्ठित ट्रेनर तथा मार्गदर्शक (मेंटर) वर्गीज कोशी का निधन हो गया है.वह 66 बरस के थे. कोशी के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे हैं. कोशी को अपने फेफड़े के कैंसर के बारे में लगभग दस महीने से पता था और उन्होंने अपने हास्य के साथ इस खतरनाक बीमारी का सामना किया.

उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में कहा था, अपना समय आ गया. कोशी शतरंज की दुनिया के उन कुछ खिलाड़ियों में से थे जिन्होंने इस खेल को खुद सींचा. इस खेल के प्रति उनके अति-आधुनिक दृष्टिकोण ने उन्हें अपने अधिकांश साथियों की तुलना में बेहतर स्थिति में रखा. वह युग जब कंप्यूटर बहुत कम भूमिका निभाते थे तब कोशी विश्लेषण करने के अपने कौशल के दम पर आगे बढ़े और नब्बे के दशक की शुरुआत में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भारत के नंबर दो खिलाड़ी बने. कोशी ने कई मौकों पर देश का प्रतिनिधित्व किया लेकिन खेल में उनका सबसे बड़ा योगदान एक ट्रेनर के रूप में आया. उन्होंने 1990 के दशक के मध्य में पी हरिकृष्णा को ट्रेनिंग दी और उनके साथ कई वर्षों तक काम किया. वह हरिकृष्णा की पहली बड़ी प्रतियोगिता के लिए उनके साथ नीदरलैंड के विज्क आन जी भी गए. हरिकृष्णा बाद में देश के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बने. उन्होंने भारत के कई अन्य खिलाड़ियों को भी ट्रेनिंग दी जिसमें पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन अभिजीत गुप्ता भी शामिल हैं. हरिकृष्णा ने एक्स पर लिखा, मुझे अपने पूर्व कोच अंतरराष्ट्रीय मास्टर वर्गीज कोशी सर के निधन की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ है.

## छोले भटूरे, मुस्कुराते चेहरे लारा के भारत प्रेम की वजहें

एजेंसी। नयी दिल्ली



चारों तरफ मुस्कुराते चेहरे, घर की तरह मिलने वाला प्यार और चटपटे छोले भटूरे. वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर ब्रायन लारा को भारत की ओर खींचते हैं और लारा के भारत प्रेम का बॉलीवुड से कोई सरोकार नहीं है.

आईपीएल में स्टार स्पोटर्स के लिए कमेंट्री कर रहे लारा ने संपादकों से बातचीत के दौरान क्रिकेट के दीवाने भारत के लिए अपने प्रेम का खुलासा किया. उन्होंने कहा, मैं बॉलीवुड का प्रशंसक नहीं हूं. मेरे देश में काफी भारतीय हैं लिहाजा बॉलीवुड को लेकर काफी दिलचस्पी है. मैं अंग्रेजी फिल्मों का भी मुरीद नहीं हूं. मैने हैरी पॉटर वगैरह नहीं देखी है. उन्होंने कहा , लेकिन मुझे भारत में मिलने वाला निस्वार्थ स्नेह पसंद है. उन्होंने कहा, जब भी आप भारत आते हैं तो जिस तरह से आप पर स्नेह बरसाया जाता है. आप किसी भी कोने में जाएं , आपको देखकर लोगों के चेहरों पर मुस्कान आ जाती है.. यह बहुत अच्छा लगता है और बहुत सकारात्मक भी है. लारा ने कहा, भारत में आने से मुझ पर काफी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है. मियामी बीच पर टहलते हुए हर कोई आपको धक्का देकर आगे बढना चाहेगा लेकिन भारत में हर कोई आपकी ओर खिंचा चला आएगा.

## अमेरिकी क्रिकेट अध्यक्ष पिसिके बोले हमारे देश में भी होगा इस खेल का विस्तार

# क्रिकेट को लेकर दुनिया में जागरूकता फैलाएगा टी20 विश्व कप

एजेंसी। नयी दिल्ली

अमेरिका क्रिकेट के अध्यक्ष वेणु पिसिके का मानना है कि टी20 विश्व कप अमेरिका में क्रिकेट को लेकर जरूरी जागरूकता फैलाएगा, लेकिन अंततः 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने का लालच स्थानीय अमेरिकियों को मुख्य रूप से प्रवासियों द्वारा खेले जाने वाले इस खेल के प्रति आकर्षित करेगा. अमेरिका इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की सह मेजबानी वेस्टइंडीज के साथ कर रहा है और अमेरिकी टीम एक जून को टूर्नामेंट के पहले मैच में अपने पड़ोसी देश कनाडा के खिलाफ खेलते हुए विश्व कप में पदार्पण करेगी. टीम मुख्य रूप से दक्षिण एशियाई मूल के अर्ध पेशेवर क्रिकेटरों से बनी है जिसमें न्यूजीलैंड के पूर्व स्टार क्रिकेटर कोरी एंडरसन भी अमेरिका का प्रतिनिधित्व करते हुए नजर आएंगे. भारत के प्रथम श्रेणी के पूर्व क्रिकेटर मिलिंद कुमार और भारत के पूर्व अंडर-19 खिलाड़ी हरमीत सिंह भी टीम का हिस्सा हैं. पिसिके ने सहमति जताई कि अमेरिका में अधिकांश लोगों तक क्रिकेट को पहुंचाना बड़ी चुनौती है.

उन्होंने कहा, अब तक क्रिकेट मुख्य रूप से प्रवासियों का खेल है लेकिन विश्व कप के दौरान मार्केटिंग और प्रचार गतिविधियों के साथ कुछ गति आई है और विश्व कप निश्चित रूप से अमेरिका में खेल के विस्तार की संभावनाओं को बढ़ावा देगा.

### अमेरिका में भी लोग बनेंगे दीवाने

पिसिके ने कहा, निश्चित रूप से विश्व कप बहुत सारी जागरूकता ला रहा है और फिर क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल होने का अवसर मिल रहा है, जो निश्चित रूप से लोगों को आकर्षित करेगा क्योंकि अमेरिका एक बड़ा खेलप्रेमी देश है .विश्व कप अमेरिका में तीन स्थानों पर खेला जाएगा लेकिन जिस स्टेडियम पर सभी की नजरें हैं वह न्यूयॉर्क है जहां नौ जून को भारत और पाकिस्तान का आमना-सामना होगा . भारत आइजनहावर पार्क में 34,000 दर्शकों की क्षमता वाले अस्थायी स्टेडियम में आयरलैंड और अमेरिका से भी खेलेगा . ड्रॉप इन पिचों (दूसरे स्थान पर तैयार करके लाई जाने वाली पिचें) को ऑस्ट्रेलिया से मंगाया गया है .




### भारतीय बोर्ड से लेगें मदद

पिसिके ने कहा, पिचें हाल ही में स्टेडियम में लाई गईं . इसलिए हम बल्ले और गेंद के बीच संतुलन बनाने के मामले में अच्छी पिचों की उम्मीद कर रहे हैं . अमेरिका विश्व कप के बाद अपने खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और अनुभव के लिए बीसीसीआई से मदद मांगेगा . उन्होंने कहा, हां निश्चित रूप से (हम बीसीसीआई से बात कर रहे हैं) . अतीत में हमने 2022 में क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर में भाग लेने से पहले अपनी पुरुष टीम को कर्नाटक भेजा था . और श्रीलंका में होने वाले विश्व कप से पहले अपने अंडर-19 लड़कों को भेजने के लिए तमिलनाडु क्रिकेट संघ और आंध्र क्रिकेट संघ जैसे संघों के साथ गठबंधन था .

संकट में हरियाणा की भाजपा सरकार : कांग्रेस ने राज्यपाल से कल मिलने का समय मांगा, जजपा ने भी लिखा पत्र

# ‘अल्पमत’ वाली सरकार नैतिक आधार पर इस्तीफा दे : हुड्डा

एजेंसी। चंडीगढ़



कांग्रेस ने हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद पैदा हुई स्थिति के मद्देनजर बृहस्पतिवार को राज्यपाल से मिलने का समय मांगा. नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि ‘अल्पमत’ वाली सरकार को नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए. शुक्रवार को प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के लिए समय मांगते हुए कांग्रेस की ओर से राज्यपाल कार्यालय को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि वह राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति के संबंध में एक ज्ञापन प्रस्तुत करना चाहती है. पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस विधायक दल के उप नेता आफताब अहमद और मुख्य सचेतक बी बी बत्रा एवं पार्टी के अन्य नेताओं के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल 10 मई को राज्यपाल से मिलना चाहता है. तीन निर्दलीय विधायकों ने मंगलवार को राज्य में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था, जिसके बाद विपक्षी दलों ने दावा किया कि इससे राज्य विधानसभा में सरकार अल्पमत में आ गई है. इससे पहले, जननायक जनता पार्टी (जजपा) के नेता दुष्यंत चौटाला ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को पत्र लिखकर कहा कि मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व वाली सरकार के पास अब बहुमत नहीं है जिसके मद्देनजर तत्काल शक्ति परीक्षण कराया जाना चाहिए.

### बेहतर होता जजपा 10 विधायकों की परेड कराते

जजपा द्वारा राज्यपाल को पत्र लिखने पर टिप्पणी करने के लिए पूछे जाने पर नेता प्रतिपक्ष हुड्डा ने कहा, ‘हमने भी राज्यपाल से समय मांगा है.’ एक अन्य सवाल पर हुड्डा ने कहा, ‘हमारे पास 30 विधायक हैंजजपा के संबंध में, यह बेहतर होता कि वे राज्यपाल के सामने 10 विधायकों की परेड कराते.’ नेता प्रतिपक्ष ने कहा, ‘हमारे विधायकों को लेकर कोई विवाद नहीं है. उनके (जजपा के) कुछ विधायक किसी और का समर्थन कर रहे हैं...उन्हें अपने 10 विधायकों के साथ राज्यपाल के पास जाने दीजिए.’ उन्होंने कहा, ‘नैतिक आधार पर उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए. राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए... हम राज्य में दोबारा चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं.’ भाजपा और जजपा का गठबंधन मार्च में मनोहर लाल खट्टर की जगह सैनी के मुख्यमंत्री बनने के बाद टूट गया था.

### सरकार गिराने में मदद करने को तैयार : दुष्यंत

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के नेता दुष्यंत चौटाला ने हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को पत्र लिखकर कहा है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के पास अब बहुमत नहीं है जिसके मद्देनजर तत्काल शक्ति परीक्षण कराया जाना चाहिए. पूर्व उपमुख्यमंत्री और जजपा नेता दुष्यंत चौटाला ने बुधवार को राज्यपाल को लिखे पत्र में कहा, ‘यह स्पष्ट है कि हरियाणा में भाजपा सरकार के पास अब बहुमत नहीं है.’ जजपा ने तीन निर्दलीय विधायकों के हरियाणा सरकार से समर्थन वापस लेने के एक दिन बाद बुधवार को कहा था कि अगर कांग्रेस राज्य में भाजपा सरकार को गिराने का प्रयास करती है तो वह उसकी मदद करने के लिए तैयार है. वहीं मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि उनकी सरकार किसी संकट में नहीं है.

# श्रीलंका में सितंबर या अक्टूबर में राष्ट्रपति चुनाव कराये जायेंगे

एजेंसी। कोलंबो

- राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे उतर सकते हैं चुनाव मैदान में
- न्याय मंत्री के विजयदास राजपक्षे से हो सकता है मुकाबला

श्रीलंका में इस साल 17 सितंबर से 16 अक्टूबर के बीच राष्ट्रपति पद के लिये चुनाव कराये जायेंगे. देश के शीर्ष निर्वाचन निकाय ने बृहस्पतिवार को इसकी घोषणा की. खबरों के अनुसार, श्रीलंका के निर्वाचन आयोग के अध्यक्ष आर एम ए एल रत्नायके द्वारा हस्ताक्षरित एक सूचना में बताया गया कि आयोग संविधान के प्रावधानों के संदर्भ में निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर राष्ट्रपति चुनाव कराने के लिए नामांकन मांगेगा. इसमें कहा गया कि राष्ट्रपति चुनाव 17 सितंबर से 16 अक्टूबर के बीच किसी दिन आयोजित किया जाएगा. राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के शीर्ष सहयोगी ने पिछले महीने कहा था कि वह राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतर सकते हैं. देश में अभूतपूर्व आर्थिक संकट पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद विक्रमसिंघे ने मई 2022 में महिंदा राजपक्षे की जगह प्रधानमंत्री का पद संभाला था. दो महीने बाद, उन्होंने 2024 के अंत तक अपने शेष कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति के रूप में गोटबाया राजपक्षे की जगह ली. यूएनपी के वरिष्ठ नेता आशु मारसिंघे ने पिछले महीने कहा था कि 75 वर्षीय विक्रमसिंघे राष्ट्रीय उम्मीदवार के रूप में कई पार्टियों का प्रतिनिधित्व करेंगे.

## ब्रीफ खबरें

### एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में धारदार हथियार से एक ही परिवार के तीन लोगों की कथित तौर पर हत्या कर दी गई. पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि जिले के उरगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुकरीचोली गांव में बीती रात जयराम रजक (28), उसकी पत्नी सुजाता रजक (25) और पुत्री जयसीका (दो वर्ष) की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई. पुलिस ने घर से तीनों शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुजाता और जयसीका का शव पलंग पर और जयराम का शव नीचे फर्श पर था. तीनों के शरीर पर धारदार हथियार से वार किए जाने के निशान हैं.

### चीन में भीषण दुर्घटना नौ लोगों की हुई मौत

**बीजिंग।** उत्तर-पश्चिमी चीन के निंग्शिया इलाके में बृहस्पतिवार को राजमार्ग पर एक ट्रक यात्री वैन से टकरा गया, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई और दो व्यक्ति घायल हो गए. सरकारी समाचार पत्र ‘निंग्शिया डेली’ में प्रकाशित खबर के मुताबिक, यह घटना किंग्तोंग्शिया शहर के बाहर सुबह सात बज कर करीब 40 मिनट पर हुई. घायलों को अस्पताल ले जाया गया, उनकी हालत स्थिर बताई जाती है. एक अधिकारी ने चीनी मीडिया को बताया कि इस घटना में वैन चालक की मौत हो गई है, जबकि ट्रक चालक घायल हो गया है और उसका इलाज कराया जा रहा है. फुटेज में वैन का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त नजर आ रहा है.

### छत्तीसगढ़ में कुल 72.8 प्रतिशत मतदान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीट पर कुल 72.8 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है. अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी. राज्य में तीन चरणों 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और सात मई को मतदान हुआ था. अधिकारियों ने बताया कि इन 11 सीट पर 2019 के लोकसभा चुनाव में औसत 71.49 प्रतिशत दर्ज हुआ था. राज्य की मुख्य निर्वाचन अधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया, ‘राज्य की सभी 11 लोकसभा सीट पर कुल 72.8 प्रतिशत मतदान हुआ है, जो 2019 में हुए लोकसभा चुनाव से 1.31 फीसदी अधिक है. 2019 के लोकसभा चुनाव में 71.49 प्रतिशत मतदान हुआ था.’

# प्रधानमंत्री मोदी पर कांग्रेस पार्टी ने किया चौतरफा हमला

कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर चौतरफा हमला बोला. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मोदी सरकार पर आम भारतीयों से धन की निकासी उद्योगपतियों के लिए करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सही मायनों में मंगलसूत्र छीनने के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है. वहीं कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी विमर्श में ‘त्वचा के रंग’ का मुद्दा लाकर ‘घोर नस्लीय’ रुख अपनाया है. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने सत्तारूढ़ भाजपा पर कांग्रेस के घोषणापत्र के बारे में दुष्प्रचार करने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पद की गरिमा की अनदेखी कर मनमानी बातें कह रहे हैं ताकि जनता का ध्यान असल मुद्दों से भटक जाए.

### मोदी मंगलसूत्र छीनने के लिए जिम्मेदार : जयराम

एजेंसी। नयी दिल्ली

कांग्रेस ने गुरुवार को मोदी सरकार पर आम भारतीयों से धन की निकासी उद्योगपतियों के लिए करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सही मायनों में मंगलसूत्र छीनने के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है. एक दिन पहले ही पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि राहुल गांधी ने अडाणी और अंबानी को गाली देना बंद कर दिया है और क्या उनकी पार्टी को बदले में इनसे पैसा मिला है. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने चुनाव में कांग्रेस की जीत का भरोसा जताते हुए एक बयान में कहा, 4 जून को जैसे ही कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता संभालेगी, हम आर्थिक विकास में तेजी लाएंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि आम भारतीय परिवार सबसे बड़े लाभार्थी हों. हम भारतीय परिवारों से मित्र पूंजीपतियों की तरफ होने वाली धन की निकासी को समाप्त करेंगे. उन्होंने एक्स पर एक बयान में कहा कि 150 साल पहले दादाभाई नौरोजी ने धन की निकासी का सिद्धांत दिया था और उन्होंने बताया था कि कैसे भारत के लोगों का धन लूटकर ब्रिटेन भेजा जा रहा था. हमने 2014 से इसी तरह भारत के परिवार से मोदी के परिवार में धन की निकासी देखी है.



### चुनावी बहस में ‘त्वचा के रंग’ को लाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ‘घोर नस्लीय’ रुख अपनाया : चिदंबरम

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी विमर्श में ‘त्वचा के रंग’ का मुद्दा लाकर ‘घोर नस्लीय’ रुख अपनाया है. उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष द्वारा यशवंत सिन्हा की उम्मीदवारी का समर्थन उनकी त्वचा के रंग के आधार पर नहीं किया गया था. राष्ट्रपति पद के चुनाव में भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने द्रौपदी मुर्मू का समर्थन किया था, वहीं कांग्रेस समेत 17 विपक्षी दलों ने यशवंत सिन्हा का समर्थन किया था. पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, ‘एक उम्मीदवार का समर्थन त्वचा के रंग के आधार पर नहीं था. दूसरे उम्मीदवार का विरोध त्वचा के रंग के आधार पर नहीं था. समर्थन या विरोध राजनीतिक फैसला था और हर निर्वाचक मतदाता अपनी पार्टी के फैसले का स्वागत करता है या करती है.’

### प्रधानमंत्री अपने पद की गरिमा भूल गए: प्रियंका

**रायबरेली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर कांग्रेस के घोषणापत्र के बारे में दुष्प्रचार करने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पद की गरिमा की अनदेखी कर मनमानी बातें कह रहे हैं ताकि जनता का ध्यान असल मुद्दों से भटक जाए. प्रियंका ने रायबरेली सदर विधानसभा क्षेत्र के कलसहा में पार्टी प्रत्याशी अपने भाई राहुल गांधी के समर्थन में आयोजित ‘न्याय संकल्प सभा’ को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री पर जनता से कट जाने का आरोप लगाते हुए कहा, ‘बुनियादी सवाल इसलिए नहीं उठाये जा रहे हैं क्योंकि पिछले 10 साल से मोदी जी की सरकार ने ऐसा कोई काम ही नहीं किया जिसके जरिए उन सवालों का जवाब दे पाएं.’ वहीं कांग्रेस के सत्ता में आने पर अयोध्या के राम मंदिर में ‘बाबरी ताला’ लगा दिये जाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आरोप को ‘सरासर झूठ’ करार देते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी कई बार कह चुकी है कि वह अदालत के फैसले का सम्मान करती है.

# मोदी से लड़ने के लिए लगी कतार फिर भी केवल एक को मिला फार्म

एजेंसी। वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने चुनाव लड़नेके लिए वाराणसी में होड़ मची हुई है. नामांकन के तीसरे दिन पर्चा खरीदने और ट्रेजरी में जमा करने के लिए सुबह से लाइन लगी रही. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने चुनाव लड़ने के लिए वाराणसी में होड़ मची हुई है.

नामांकन के लिए यहां तक कि देश के दक्षिणी राज्यों तमिलनाडु और तेलंगाना से भी कई लोग वाराणसी पहुंचे हैं. इस दौरान केवल बसपा के प्रत्याशी को ही फार्म मिल सका. तीन बजे का समय खत्म होने लगा, तो पर्चा खरीदने आए लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया. वाराणसी कलक्ट्रेट के बाहर ही धरना प्रदर्शन शुरू कर



डीएम पर कई आरोप लगाए. यहां तक कहा कि पीएम मोदी के खिलाफ लड़ने से लोगों को रोका जा रहा है.

वाराणसी में सात मई से नामांकन शुरू हुआ है. 14 मई तक नामांकन होगा. तीन दिनों में अभी तक चार लोगों ने नामांकन किया है. तीन दिनों में यहां से चुनाव लड़ने के लिए 89 लोगों ने ट्रेजरी फार्म हासिल कर लिया है. पहले ही दिन 52 लोगों ने ट्रेजरी फार्म लिया था. बुधवार को 22 और गुरुवार को 12 ने ट्रेजरी फार्म प्राप्त कर लिया है. अगर सभी ने नामांकन दाखिल कर दिया, तो इस चुनाव में एक रिकॉर्ड हो जाएगा. गुरुवार की सुबह से ही ट्रेजरी फार्म प्राप्त करने और नामांकन के लिए पर्चा खरीदने वालों की कतार वाराणसी कलक्ट्रेट आफिस के सामने लग गई. ट्रेजरी जमा करने के बाद भी जब कई घंटे तक लोगों को नामांकन फार्म नहीं मिला, तो उनका गुस्सा फूट पड़ा. कलक्ट्रेट के गेट पर ही नारेबाजी शुरू हो गई. तानाशाही नहीं चलेगी, प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगे. पुलिस ने पहले लोगों को शांत करने का प्रयास किया, लेकिन मामला ज्यादा नहीं बढ़ जाए, इसलिए बाद में मूकदर्शक बन गई.

### भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा अमेरिका : रूस

**मॉस्को।** रूस ने अमेरिका पर भारत के घरेलू मामलों और मौजूदा चुनावों में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि अमेरिका ने उसके देश में एक खालिस्तानी आतंकवादी की हत्या की साजिश में भारतीय नागरिकों की संलिप्तता होने का कोई ठोस सबूत अभी तक मुहैया नहीं कराया है. अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ मिलकर काम करने का पिछले साल नवंबर में आरोप लगाया था. आतंकवाद के आरोपों में भारत में वांछित पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है.

विदेश मंत्री ने अपने समकक्ष के साथ की बातचीत

# भारत-मालदीव संबंध आपसी हितों पर आधारित : जयशंकर

एजेंसी। नयी दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मालदीव के अपने समकक्ष मूसा ज़मीर के साथ बातचीत में कहा कि दोनों देशों के रिश्तों का विकास ‘आपसी हित’ और पारस्परिक संवेदनशीलता’ पर आधारित है. छह महीने पहले मालदीव में चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने के बाद पहली उच्च स्तरीय यात्रा के तहत ज़मीर दिल्ली आए हैं.

ज़मीर के साथ अपनी बातचीत शुरू करते हुए जयशंकर ने कहा, “करीबी और निकटतम पड़ोसी होने के नाते हमारे संबंधों का विकास स्पष्ट रूप से आपसी हितों और पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित है.” उन्होंने कहा, “जहां तक भारत का सवाल है तो ये हमारी पड़ोस प्रथम नीति और सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) दृष्टिकोण में व्यक्त किया गया है. मुझे आशा है कि आज की हमारी बैठक में हम विभिन्न क्षेत्रों में हमारे दृष्टिकोणों को मजबूत कर पाएंगे.” मुइज्जू द्वीपीय राष्ट्र से भारतीय सैन्य कर्मियों की वापसी पर जोर दे रहे हैं जिससे दोनों देशों के संबंधों में गंभीर तनाव पैदा हो गया था. भारत पहले ही अपने अधिकतर सैन्यकर्मियों को वापस बुला चुका है.

# भारत का अपमान कर रहे कांग्रेसी

एजेंसी। चित्रकूट

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की हाल की एक टिप्पणी की कड़ी आलोचना करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के एक सलाहकार ने भारत को रंग के आधार पर बांटने की बात की है. नड्डा ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, ‘राहुल गांधी के एक सिपहसालार और सलाहकार ने भारत को त्वचा के आधार पर विभाजित करने की बात की है. ऐसे लोग भारत की संस्कृति के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं.’ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बुधवार को त्वचा के रंग संबंधी सैम पित्रोदा की टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस पर हमला किया था और कहा था कि देशवासी त्वचा के रंग के आधार पर अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे. ओवरसीज कांग्रेस’ के अध्यक्ष रहे पित्रोदा ने टिप्पणी थी कि देश के पूर्वी हिस्सों के लोग चीनियों जैसे दिखते हैं, जबकि दक्षिण के लोग अफ्रीकियों जैसे दिखते हैं. उनकी इस टिप्पणी पर विवाद खड़ा हो गया है.

### घमंडिया गठबंधन अहंकारी लोगों का जमावड़ा : नड्डा

नड्डा ने राहुल पर हमला बोलते हुए कहा, ‘राहुल गांधी इन दिनों संविधान की कॉपी लेकर घूम रहे हैं. सच्चाई यह है कि कांग्रेस हमारे दलित, आदिवासी, पिछड़े और अतिपिछड़े भाइयों का हक छीनकर धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है.’ ‘इंडिया’ को ‘घमंडिया गठबंधन’ करार देते हुए नड्डा ने कहा, ‘यह केवल दो चीजों का गठबंधन है. मोदी जी कहते हैं कि भ्रष्टाचारियों को हटाओ जबकि घमंडिया गठबंधन के सदस्य कहते हैं कि भ्रष्टाचारियों को बचाओ. यह अहंकारी गठबंधन भ्रष्ट लोगों का जमावड़ा है. ये सभी परिवारवादी लोग हैं.’ यह भी कहा, ‘10 साल पहले भारत के सामान्य नागरिकों के मन में यह बात घर कर गई थी कि अब कुछ नहीं बदलेगा. राजनीति ऐसी ही है, यहां गुंडों का राज चलेगा लेकिन मोदी जी के आने के बाद भारतीय राजनीति में सब कुछ बदल गया है.

व्यवधान को कम करने के लिए कंपनी अपने 20 मार्गों पर सेवाएं संचालित करेगी

# एअर इंडिया एक्सप्रेस ने रद्द कीं 85 उड़ान

एजेंसी। मुंबई/ नयी दिल्ली

एअर इंडिया एक्सप्रेस ने चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण बृहस्पतिवार को 85 उड़ान रद्द कर दीं और कहा कि व्यवधान को कम करने के लिए एअर इंडिया हमारे 20 मार्गों पर सेवाएं संचालित करेगी. सूत्रों ने बताया कि एक अहम फैसले में एअर इंडिया ने चालक दल के कम से कम 25 उन सदस्यों को बर्खास्त करने संबंधी पत्र जारी किए हैं जिन्होंने एअरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में मंगलवार रात से बीमार होने की सूचना देनी प्रारंभ की. चालक दल के सदस्यों की कमी के



कारण मंगलवार रात से 100 से अधिक उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं. एअरलाइन ने प्रत्यक्ष तौर पर बर्खास्तगी पत्र के बारे में कुछ नहीं बताया लेकिन यह कहा कि वह कुछ व्यक्तियों के खिलाफ उचित कदम उठा रही है क्योंकि उनके कार्यों से हजारों यात्रियों को घोर असुविधा हुई है. एअरलाइन ने बृहस्पतिवार को एक संशोधित बयान में कहा, ‘हम आज 283 उड़ानें संचालित करेंगे. हमने सभी संसाधन जुटा लिए हैं और एअर इंडिया हमारे 20 मार्गों पर परिचालन करके हमारी मदद करेगी. हमारी 85 उड़ानें रद्द हो गई हैं.’ टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअरलाइन प्रतिदिन लगभग 368 उड़ानें संचालित करती है जिसे देखते हुए उड़ान रद्द होने का प्रतिशत 23 है. पहले के बयान में एअरलाइन ने कहा था कि उसने 74 उड़ान रद्द कर दी हैं और 292 सेवाओं का संचालन करेगी. एअरलाइन ने यात्रियों से कहा कि वे हवाईअड्डे पर आने से पहले यह जांच लें कि उनकी उड़ान प्रभावित तो नहीं हुई है. कहा कि यदि उड़ान रद्द हुई है या तीन घंटे से अधिक देर से संचालित होनी है तो यात्री पूरे पैसे लौटाने या बाद की किसी तारीख के लिए बुकिंग करा सकते हैं.

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के हालिया कार्य दस्तावेज में किया गया दावा, कहा-उचित सामाजिक समर्थन के बिना यह संभव नहीं होता

# भारत में 1950-2015 के बीच हिंदू आबादी 7.8 प्रतिशत घटी, मुस्लिमों की 43.35 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारत में 1950 से 2015 के बीच हिंदुओं की आबादी में 7.82 प्रतिशत की कमी आई है जबकि मुसलमानों की आबादी में 43.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जिससे पता चलता है कि देश में विविधता को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल माहौल है. प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के हालिया कार्य दस्तावेज में यह बात कही गई है. ''धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारीः एक राष्ट्रव्यापी विश्लेषण (1950-2015)'' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की आबादी में जैन समुदाय के लोगों की हिस्सेदारी 1950 में 0.45 प्रतिशत थी जो 2015 में घटकर 0.36 प्रतिशत रह गई.

ईएसी-पीएम की सदस्य शमिका रवि के नेतृत्व वाली एक टीम द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट में कहा गया कि 1950 से 2015 के बीच बहुसंख्यक हिंदू आबादी की हिस्सेदारी में 7.82 प्रतिशत की कमी आई है जो संबंधित अवधि में 84.68 प्रतिशत से घटकर 78.06 प्रतिशत रह गई. इसमें कहा गया कि 1950 में देश में मुसलमानों की आबादी 9.84 प्रतिशत थी और 2015 में बढ़कर यह 14.09 प्रतिशत हो गई जो संबंधित अवधि में 43.15 प्रतिशत बढ़ी है. रिपोर्ट के अनुसार, 1950 और 2015 के बीच ईसाइयों की आबादी 2.24 प्रतिशत से बढ़कर 2.36 प्रतिशत हो गई और संबंधित अवधि में इसमें 5.38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. इसमें कहा गया कि 1950 में सिखों की आबादी 1.24 प्रतिशत थी जो बढ़कर 2015 में 1.85 प्रतिशत हो गई तथा संबंधित अवधि में यह 6.58 प्रतिशत की वृद्धि है.रिपोर्ट के अनुसार, भारत में पारसी आबादी में 85 प्रतिशत की भारी कमी आई है. इस समुदाय की आबादी 1950 में कुल जनसंख्या का 0.03 प्रतिशत थी लेकिन 2015 में यह केवल 0.004 प्रतिशत रह गई. इसमें कहा गया कि संबंधित आंकड़ों से संकेत मिलता है कि “समाज में विविधता को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल वातावरण है.” इसमें कहा गया कि अनुकूल दृष्टिकोण के माध्यम से उचित माहौल और सामाजिक समर्थन प्रदान किए बिना समाज के वंचित वर्गों के लिए बेहतर जीवन परिणामों को बढ़ावा देना संभव नहीं है.

### समाज में विविधता बढ़ाने के लिए भारत में अनुकूल माहौल

रिपोर्ट में कहा गया कि बहुसंख्यक आबादी की हिस्सेदारी में कमी और इसके परिणामस्वरूप अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी में वृद्धि से पता चलता है कि सभी नीतिगत कार्यों, राजनीतिक निर्णयों और सामाजिक प्रक्रियाओं का शुद्ध परिणाम समाज में विविधता बढ़ाने के लिए अनुकूल माहौल प्रदान करना है. बहुसंख्यकों की आबादी में वैश्विक स्तर पर गिरावट के साथ ही भारत में भी बहुसंख्यकों की आबादी में 7.82 प्रतिशत की कमी आई है. रिपोर्ट में कहा गया, “दक्षिण एशियाई पड़ोस के व्यापक संदर्भ में यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जहां बहुसंख्यक धार्मिक संप्रदाय की आबादी बढ़ी है, और बांग्लादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका, भूटान तथा अफगानिस्तान जैसे देशों में अल्पसंख्यक आबादी में चिंताजनक रूप से कमी आई है.” कहा गया कि यह आश्चर्य की बात नहीं है, इसीलिए, पड़ोस से अल्पसंख्यक आबादी दबाव के समय भारत आती है. रिपोर्ट में कहा गया कि सभी मुस्लिम बहुल देशों में बहुसंख्यक धार्मिक संप्रदाय की आबादी में वृद्धि देखी गई. हालांकि, मालदीव ऐसा मुस्लिम बहुल देश है जहां बहुसंख्यक समूह (शाफी सुन्नियों) की हिस्सेदारी में 1.47 प्रतिशत की गिरावट आई है. बांग्लादेश में, बहुसंख्यक समूह की हिस्सेदारी में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो भारतीय उपमहाद्वीप में इस तरह की सबसे बड़ी वृद्धि है.

### म्यांमा, भारत व नेपाल में बहुसंख्यक घटे

रिपोर्ट के अनुसार, गैर-मुस्लिम बहुसंख्यक देशों में म्यांमा, भारत और नेपाल में बहुसंख्यक धार्मिक संप्रदाय की हिस्सेदारी में गिरावट आई है. इसमें रेखांकित किया गया कि वर्ष 1950 दो प्रमुख कारणों से आधारभूत वर्ष के रूप में महत्वपूर्ण है. रिपोर्ट के अनुसार, यह साल उस समय के आसपास था जब नवनिर्मित संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार ढांचे ने अल्पसंख्यक अधिकारों और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए सरकारों की जिम्मेदारी को अंतरराष्ट्रीय कानून में मुख्यधारा में लाने के साथ आकार लेना शुरू किया था. यह अध्ययन रिपोर्ट दुनिया भर में अल्पसंख्यकों की स्थिति का एक विस्तृत राष्ट्रव्यापी वर्णनात्मक विश्लेषण है. विश्लेषण में शामिल 167 देशों के लिए, 1950 के आधारभूत वर्ष में बहुसंख्यक धार्मिक संप्रदाय की हिस्सेदारी का औसत आंकड़ा 75 प्रतिशत है.

### ‘कांग्रेस मुस्लिमों को आरक्षण देने पर तुली’

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने देश में मुस्लिम आबादी में वृद्धि की गति पर बृहस्पतिवार को आश्चर्य जताया कि मुसलमानों को आरक्षण देने पर तुली कांग्रेस यदि सत्ता में आती है तो इससे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को मिले आरक्षण पर क्या असर पड़ेगा. भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने एक सवाल के जवाब में कहा, ‘यह एक बहुत ही प्रसिद्ध तथ्य है, जो लगभग एक दशक से सार्वजनिक जानकारी में है. लेकिन सवाल यह उठता है कि अगर इस रफ्तार से देश की आबादी बढ़ती है और जिस प्रकार से कांग्रेस मुस्लिमों को आबादी के आधार पर आरक्षण देने पर तुली हुई है तो वे एससी, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के हिस्से में कटौती करेंगे.’

### ‘बिना जनगणना कराये कैसे तैयार कर ली रिपोर्ट’

**पटना।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने ईएसी-पीएम की रिपोर्ट पर संदेह जताते हुए बृहस्पतिवार को पूछा कि बिना जनगणना कराए केंद्र ने कैसे हिंदू-मुस्लिम जनसंख्या रिपोर्ट तैयार कर ली. ईएसी-पीएम की रिपोर्ट में मुस्लिम आबादी में वृद्धि, जबकि हिंदू आबादी प्रतिशत में गिरावट का दावा किया गया है. राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता ने आरोप लगाया कि केंद्र की सत्तारूढ़ भाजपा सरकार मौजूदा लोकसभा चुनाव के दौरान देश के ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए हिंदू-मुस्लिम के बीच दरार पैदा कर रही है. उन्होंने पूछा, ‘आप जनगणना कराए बिना ही आंकड़ों पर (कैसे) पहुंच गए?

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)